खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 35°C
न्यूनतम : 26°C

नई दिल्ली, रविवार 20 जुलाई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 108 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com श्रावण कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 24 मुहर्रम 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


यूपी में धर्मांतरण के रैकेट का भंडाफोड़
पेज 2


आंद्रे रसेल ने कहा इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा
खेल टाइम्स


भारत-पाकिस्तान संघर्ष में पांच जेट गिरे: ट्रम्प
पेज 11


सोनम ने बागी 4 की शूटिंग पूरी की
बॉलीवुड

# परंपरागत धार्मिक रिवाजों में राज्य का हस्तक्षेप अनुचित: हाईकोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने बहराइच के सैयद सालार मसूद गाजी की दरगाह पर सालाना लगने वाले उर्स, जिसे जेठ मेला भी कहा जाता है, के मामले में दिए आदेश में अहम टिप्पणी की है कि सामान्य परिस्थितियों में,वे सभी धार्मिक रिवाज जो लंबे समय से प्रचलित हैं, राज्य सरकार द्वारा छोटे-छोटे कारणों से रोकी नहीं जा सकते।

विशेषकर तब जब कि ये प्रथाएं समाज में सांस्कृतिक सौहार्द को बढ़ावा देती हैं। अदालत ने कहा कि मामले में बीती 17 मई को पारित अंतरिम आदेश के तहत किए गए प्रबंधों के दौरान शांति और सौहार्द बना रहा, लिहाजा निर्धारित तिथियों में उर्स अथवा मेला के आयोजन को लेकर राज्य सरकार की सभी आशंकाएं भी निर्मूल सिद्ध हुई हैं। न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने यह आदेश वक्फ नंबर 19 दरगाह शरीफ, बहराइच व अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर दिया। याचिकाओं में दरगाह पर सालाना लगने वाले उर्स को जिलाधिकारी द्वारा अनुमति से



**इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बहराइच के मसूद गाजी मेले पर की टिप्पणी**

इंकार को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। जिस पर सुनवाई के बाद अदालत ने बीती 17 मई को अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था। साथ ही पारम्परिक क्रिया-कलाप जारी रखने की अनुमति दी थी। याचिकाओं का विरोध करते हुए राज्य सरकार की ओर से मुख्य रूप से यह दलील दी गई थी कि दरगाह शरीफ़ के आसपास का क्षेत्र अत्यंत संवेदनशील है,यह नेपाल की खुली सीमा से सटा हुआ है, पहलगाम में पर्यटकों पर भयावह हमले को देखते हुए व भारत-नेपाल सीमा से आने-जाने वाली भीड़ के बीच राष्ट्रविरोधी और संदिग्ध तत्वों के घुसपैठ की प्रबल संभावना बनी रहती है। राज्य की ओर से यहभी कहा गया था कि इन दिनों पाकिस्तान के साथ तनावपूर्ण हालात बने हुए हैं, ऐसे में यदि आकस्मिक रूप से आपातकाल घोषित करना पड़े, तो मेला क्षेत्र में भीड़ की उपस्थिति के कारण क्षेत्र को पूर्णत: ब्लैकआउट करना संभव नहीं होगा, जिससे प्रशासनिक चुनौतियां और अधिक जटिल हो सकती हैं। न्यायालय ने याचिका को निस्तारित करते हुए अपने आदेश में कहा कि राज्य सरकार ने परिस्थितियों को देखते हुए और गोपनीय रिपोर्टों के आधार पर उर्स की अनुमति से इंकार किया था, लेकिन अब वह आदेश अप्रभावी हो गया है, क्योंकि मेला अवधि समाप्त हो चुकी है।, इस न्यायालय द्वारा पारित अंतरिम व्यवस्था, जिसमें धार्मिक रिवाजों के संपादन की अनुमति दी गई थी, ने राज्य सरकार की सभी आशंकाओं को समाप्त कर दिया है। अदालत ने दरगाह शरीफ की प्रबंधन समिति को भी निर्देशित किया कि भविष्य में उर्स तथा मेला का प्रबंधन प्रभावी ढंग से किया जाए तथा प्रवेश स्थलों व अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।

# बेंगलुरु हवाई अड्डे पर यात्री से 40 करोड़ की कोकीन जब्त

**नई दिल्ली।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक यात्री से चार किलोग्राम से अधिक कोकीन ज़ब्त की है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 40 करोड़ रुपये है।

इस प्रकरण में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। वित्त मंत्रालय के अनुसार के आधार पर, डीआरआई की बेंगलुरु क्षेत्रीय इकाई के अधिकारियों ने शुक्रवार को सुबह दोहा से बेंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे

**दो पत्रिकाओं में छिपाकर ले जा रहा था पकड़ा गया आरोपी**

पहुंचे एक भारतीय पुरुष यात्री को रोका। उसके सामान की सावधानीपूर्वक जांच करने पर पता चला कि उसके पास दो सुपरहीरो कॉमिक्स और पत्रिकाएं थीं, जो असामान्य रूप से भारी थीं। अधिकारियों ने पत्रिकाओं के कवर में छिपाकर रखे गए सफेद पाउडर को सावधानीपूर्वक बरामद किया।

### हाईकोर्ट ने बेंगलुरु भगदड़ मामले में IPS अफसर के निलंबन पर उठाए सवाल

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास इस वर्ष चार जून को हुई भगदड़ के बाद वरिष्ठ भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी विकास कुमार का निलंबन उस समय न्यायिक सुर्खियों में आ गया, जब अधिकारी के अधिवक्ता ने कर्नाटक सरकार के रुख में विरोधाभास का आरोप लगाया। उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ के समक्ष पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता ध्यान चिन्नप्पा ने तर्क दिया कि राज्य सरकार का आईपीएस अधिकारी का निलंबन आदेश साक्ष्य या प्रक्रियागत प्रक्रिया पर आधारित निर्णय के बजाय एक 'आवेगपूर्ण प्रतिक्रिया' प्रतीत होता है।

### जम्मू- कश्मीर में 10 ठिकानों पर CIK का तलाशी अभियान जारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की आतंकवाद रोधी शाखा का आतंकवाद के एक मामले के सिलसिले में घाटी के कई स्थानों पर तलाशी अभियान जारी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) का कश्मीर घाटी के चार जिलों में 10 स्थानों पर तलाशी अभियान जारी है। समन्वित छापेमारी शनिवार सुबह शुरू हुई और यह क्षेत्र में सक्रिय एक आतंकी स्लीपर सेल तथा भर्ती मॉड्यूल की जांच के तहत की जा रही है। कश्मीर के जिन चार जिलों के 10 ठिकानों पर तलाशी चल रही है उनमें गंदेरबल में छह, बड़गाम में दो और श्रीनगर व पुलवामा में एक-एक ठिकाना शामिल है।

### गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की आय 223% बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश में नाममात्र के वोट पाने वाली रजिस्टर्ड गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों (आरयूपीपी) की आय 2022-23 में 223 प्रतिशत बढ़ गई। यह जानकारी एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक देश में 2764 गैर-मान्यता प्राप्त पार्टियां हैं। इनमें से 73 प्रतिशत से ज्यादा (2025) ने अपना फाइनेंशियल रिकॉर्ड सार्वजनिक ही नहीं किया है।

# चीन ने भी की पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा

## कहा: हम हर तरह के आतंकवाद के विरोधी, TRF व पाक का नाम लेने से किया परहेज

बीजिंग, वार्ता

**चीन ने** अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बीजिंग में एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि चीन हर तरह के आतंकवाद का सख्त विरोध करता है और 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता है।

उन्होंने आगे कहा कि चीन सभी देशों से आतंकवाद के खिलाफ सहयोग बढ़ाने और क्षेत्रीय शांति व स्थिरता बनाए रखने की अपील करता है। चीन का यह बयान अमेरिका के पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को 'विदेशी आतंकवादी संगठन' घोषित किए जाने के बाद आया है। चीन ने पहलगाम हमले की निंदा तो की है, लेकिन अमेरिका की तरह न तो टीआरएफ का नाम लेकर उसकी आलोचना की और न ही टीआरएफ को सीधे तौर पर आतंकी संगठन कहा। टीआरएफ पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन -शेष पृष्ठ दो पर



### पाक का दावा: आतंकी नेटवर्क ध्वस्त किए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने दावा किया है कि उसने आतंकी नेटवर्क को खत्म कर दिया है। पाक ने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर में हुए पहलगाम आतंकी हमले का संबंध लश्कर-ए-तैयबा से जोड़ना सही नहीं है, क्योंकि यह संगठन अब सक्रिय नहीं है। पाक का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब अमेरिका ने पहलगाम हमले के लिए पाकिस्तान में मौजूद आतंकी संगठन लश्कर की प्रॉक्सी विंग टीआरएफ को विदेशी आतंकी संगठन और वैश्विक आतंकी घोषित किया है। विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा गया है कि पाकिस्तान ने संबंधित आतंकी संगठनों को प्रभावी और व्यापक रूप से ध्वस्त कर दिया है। उनके नेताओं को गिरफ्तार किया गया है।

### टीआरएफ के पहलगाम हमले में शामिल होने का सबूत दिखाएं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार ने संसद में खुलकर टीआरएफ का बचाव किया। डार ने दावा किया कि पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र के बयान से टीआरएफ का नाम हटवाया। साथ ही उन्होंने टीआरएफ को गैरकानूनी मानने से भी इन्कार किया। पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार खुलकर टीआरएफ के बचाव में सामने आ गए। उन्होंने पाकिस्तान की संसद में भाषण देते हुए खुलेआम द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) का बचाव किया। इशाक डार ने संसद में दावा किया कि पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पहलगाम हमले पर जारी बयान में टीआरएफ का नाम हटवाया।

# उत्तराखंड में एक लाख करोड़ के निवेश की सफल ग्राउंडिंग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रुद्रपुर( उधमसिंह नगर )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को उत्तराखंड के रुद्रपुर में आयोजित उत्तराखंड निवेश उत्सव-2025 में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार के प्रयासों की जमकर सराहना की। दिसम्बर 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के बाद एक लाख करोड़ रुपये के निवेश की सफल ग्राउंडिंग का उत्सव मनाते हुए शाह ने कहा कि धामी सरकार पारदर्शिता, तीव्रता और दूरदर्शिता के साथ काम कर रही है। उन्होंने जोर दिया कि विकसित उत्तराखंड के बिना 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य पूरा नहीं हो सकता।

गृह मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि देवभूमि उत्तराखंड ने पूरी दुनिया को आध्यात्मिक ऊंचाई पर ले जाने का काम किया है। उन्होंने दिसम्बर 2023 की ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का जिक्र करते हुए कहा कि तब मैंने मुख्यमंत्री -शेष पृष्ठ दो पर



### औद्योगिक विकास की ऊंचाइयों को छू रहा उत्तराखंड: धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का स्वागत करते हुए कहा कि आज हम उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की सफलतापूर्वक ग्राउंडिंग का उत्सव मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज का उत्सव केवल आर्थिक निवेश नहीं, बल्कि उत्तराखंड की समृद्ध संभावनाओं, उद्यमिता की भावना और जन भागीदारी पर आधारित समावेशी विकास का प्रतिबिंब है, जो राज्य को आत्मनिर्भरता और औद्योगिक समृद्धि की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। आज 1342 करोड़ रुपये से अधिक की लागत की विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है।

## एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट तकनीकी खराबी के कारण लौटी

**हैदराबाद।** एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट शनिवार को उड़ान भरने के 16 मिनट बाद ही हैदराबाद वापस आ गई।

विमान बोइंग 737 मैक्स 8 आईएक्स110 सुबह 6:40 बजे हैदराबाद से फ्लाइट को सुबह 11:45 बजे थाईलैंड के फुकेट में लैंड होना था। हालांकि टेकआफ के थोड़ी देर बाद पायलट फ्लाइट

**16 मिनट हवा में रही, हैदराबाद से थाईलैंड जा रही थी**

को वापस हैदराबाद ले आया। विमान में तकनीकी खराबी थी, हालांकि किस तरह की गड़बड़ी थी। इसकी ऑफिशियल जानकारी सामने नहीं आई।

## राज ठाकरे व मनसे कार्यकर्ताओं पर दर्ज हो FIR

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे अपने भड़काऊ बयानों को लेकर घिरे हुए हैं।

इस बीच हिंदी भाषी लोगों के खिलाफ हिंसा भड़काने और भाषा-आधारित घृणा फैलाने के आरोप में मनसे प्रमुख राज ठाकरे के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका में राज ठाकरे और उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं के

**सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई जनहित याचिका में भाषा-आधारित नफरत फैलाने का आरोप लगाया**

खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। यह याचिका वकील घनश्याम उपाध्याय ने दायर की है। दरअसल, महाराष्ट्र में 'मराठी बनाम हिंदी' विवाद का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इसे लेकर सबसे ज्यादा चर्चा महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे की हो रही है। हाल ही में उन्होंने कहा था कि अगर किसी ने यहां मराठी का अपमान किया, तो उसके गाल और हमारे हाथ की 'युति' जरूर होकर रहेगी। राज ठाकरे ने आगे कहा था कि मुंबई के मीरा रोड में जो कुछ हुआ, जिसे पीटा गया, वो सही हुआ।

## अजमेर में भारी बारिश घरों में भरा पानी



**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी में डिप्रेशन सिस्टम एक्टिव होने से राजस्थान के 6 जिले- जोधपुर, नागौर, पाली, अजमेर, सिरोही, जालोर में भारी बारिश हो रही है। अजमेर और टोंक में बाढ़ जैसे हालात हैं। कई इलाकों में पानी भर गया है।

शनिवार को कोटा, बारां, झालावाड़, अजमेर, बूंदी, राजसमंद और नागौर के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी है। अजमेर के दरगाह बाजार इलाके में शुक्रवार की रात तेज बारिश से कई लोग बह गए। राजस्थान में मानसून के इस सीजन में अब तक औसत से

**यूपी के काशी में 30 हजार घर डेंजर जोन में आए**

109 फीसदी ज्यादा बरसात हो चुकी है। राजसमंद में तालाब फूटने (बांध टूटने) से 3 स्कूली बच्चों सहित 7 लोग पानी के बहाव में फंस गए। जोधपुर के अरना-झरना क्षेत्र में डूबने से युवक की मौत हो गई। सीकर में 13 साल के बच्चे की डूबने से मौत हो गई। राजस्थान में बारिश से हुए हादसों में बीते चार दिन में 23 लोगों की जान गई है।

# भ्रामक खबरों पर पायलट फेडरेशन का रुख सख्त

## अहमदाबाद विमान हादसा: विदेशी मीडिया संस्थानों को कानूनी नोटिस भेजा, माफी मांगने की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर विदेशी मीडिया की भ्रामक रिपोर्टिंग पर भारतीय पायलट संघ (एफआईपी) ने आपत्ति जताई है। एफआईपी ने द वॉल स्ट्रीट जर्नल और रॉयटर्स को कानूनी नोटिस भेजा है।

नोटिस में दोनों संस्थानों से गलत रिर्पोटिंग के लिए माफी मांगने की मांग की गई है। भारतीय पायलट संघ (एफआईपी) के अध्यक्ष सीएस रंधावा ने बताया कि हमने कानूनी कार्रवाई शुरू की है। हमने द वॉल स्ट्रीट जर्नल और रॉयटर्स को उनकी रिपोर्टों पर एक नोटिस भेजा है। हमने उनसे माफी मांगने के लिए कहा है। रॉयटर्स और द वॉल स्ट्रीट जर्नल को भेजे एक ईमेल में, एफआईपी ने कहा कि हमें पता चला है कि अंतर्राष्ट्रीय मीडिया के कुछ वर्ग बार-बार चुनिंदा और -शेष पृष्ठ दो पर




### मीडिया रिपोर्ट्स सिर्फ अटकलें: NTSB

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश पर सामने आई मीडिया रिपोर्ट्स को लेकर अमेरिकी एजेंसी ने सावधान रहने की सलाह दी है। यूएस नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (एनटीएसबी) की अध्यक्ष जेनिफर होमेंडी ने कहा कि जो बातें सामने आई हैं, वो सिर्फ अटकलें लगाने वाली हैं। भारत के विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने अभी अपनी शुरुआती रिपोर्ट जारी की है। इस तरह की जांच में समय लगता है। होमेंडी की यह टिप्पणी अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट को लेकर है। तीन दिन पहले जारी इस रिपोर्ट में दावा किया गया कि विमान के कैप्टन सुमीत सभरवाल ने इंजनों में फ्यूल की सप्लाई रोकी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### पाक को आने वाले समय में चुकानी होगी भारी कीमत: एलजी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल(एलजी) मनोज सिन्हा ने सिंधु जल संधि के निलंबन का जिक्र करते हुए कहा कि पाकिस्तान को इसका भारी खामियाजा भुगतना होगा। सिन्हा ने कहा कि भारत अब आतंकवाद को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा और हर हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। यह बयान उन्होंने जम्मू में आयोजित एक कार्यक्रम में दिया, जहां वरिष्ठ पत्रकार संत कुमार शर्मा की पुस्तक सिंधु जल संधि तथ्यों का प्रतिबिंब का विमोचन किया गया। इस मौके पर उपराज्यपाल ने पहलगाम हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि दी और आतंकवाद के खिलाफ सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। मनोज सिन्हा ने कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद ने जम्मू-कश्मीर को लंबे समय तक नुकसान पहुंचाया है और अब समय आ गया है कि इस पर निर्णायक प्रहार किया जाए।

### यूपी में बकाया गृहकर वसूली अभियान 31 तक

**लखनऊ( ब्यूरो )।** उत्तर प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में बकाया गृह कर वसूलने के लिए 15 जुलाई से शुरू किया विशेष अभियान 31 जुलाई तक चलेगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जिन मालिकों ने अभी तक अपना बकाया नहीं चुकाया है, उन्हें नोटिस और बिल भेजे जाएंगे। उत्तर प्रदेश के 17 प्रमुख नगर निगमों में 55 लाख से ज्यादा संपत्तियों को इसके दायरे में लाया जाएगा। कुल 762 शहरी स्थानीय निकायों के साथ, राजस्व का बड़ा हिस्सा इन्हीं 17 शहरों से आता है। अनुमान है कि शेष 199 नपा परिषदों और 545 नगर परिषदों के पास 30 से 35 लाख अतिरिक्त संपत्तियां हैं।

# अजीत हत्याकांड में धनंजय सिंह का नाम आया सामने

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में चार साल पहले हुए अजीत सिंह हत्याकांड के मामले में पूर्व बाहुबली सांसद धनंजय सिंह का नाम एक बार फिर सुर्खियों में है।

हत्या के मामले में शामिल मुख्य गवाह मोहर सिंह ने अदालत में सीधे तौर पर धनंजय का नाम लेते हुए कहा है कि अजीत की हत्या की साजिश में धनंजय भी शामिल थे। मोहर सिंह ने कोर्ट में शूटरों की पहचान करते हुए कहा कि अजीत सिंह की हत्या को पूर्व सांसद अजीत सिंह की भी भूमिका रही है। दरअसल अजीत की जब हत्या हुई थी, तब मोहर सिंह पर भी हमला हुआ था। उस समय जांच के दौरान एसटीएफ ने अजीत सिंह को क्लीन चिट दे दी थी। एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश हरबंश नारायण ने गवाह मोहर सिंह से बचाव पक्ष के लिए 28 जुलाई की तारीख तय की है।

अदालत ने गवाह मोहर सिंह को सुरक्षा देने का आदेश भी दिया है। कोर्ट में मोहर सिंह ने अपने बयान में कहा है कि अजीत सिंह की हत्या की साजिश कुंटू, अखंड, प्रदीप धनंजय सिंह ने मिलकर रची थी। इसके लिए शूटर बुलवाए गए थे। गौरतलब है कि छह जनवरी 2021 की रात लखनऊ के विभूतिखंड में कठौता चौराहे के पास माफिया मुख्तार अंसारी के करीबी अजीत सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हमले में उसके करीबी मोहर सिंह को भी गोली लगी थी।

# वाराणसी में गंगा का जलस्तर बढ़ा



**वाराणसी।** गंगा के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी जारी है। शनिवार सुबह 8:00 बजे तक केंद्रीय जल आयोग के जारी आंकड़ों के मुताबिक गंगा का जलस्तर वार्निंग लेवल से सिर्फ 33 सेंटीमीटर दूर है। जलस्तर बढ़ोतरी की वजह से गंगा और तेजी से सड़कों पर आने के लिए उतावली दिखाई दे रही है।

# बूथ उतारेगा कुछ लोगों का भूतः अखिलेश यादव

## सपा मुखिया ने योगी के बयान की निंदा की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ताजिया जुलूस को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में कुछ लोगों का भूत 'बूथ' उतारेगा।

यादव ने शनिवार को एक्स पर लिखा- और कुछ नहीं कहना है। गौरतलब है कि वाराणसी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा था कि जौनपुर में मुहर्रम के दौरान एक घटना हुई। ताजिया को इतना ऊंचा किया कि हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गए। तीन लोगों की मृत्यु हो गई, जिसके बाद उपद्रव हुआ और रोड जाम कर दिया। पुलिस ने उनसे पूछा तो उन्होंने कहा लाठी मारो इनको। ये लातों के भूत हैं बातों से नहीं मानेंगे। इसका किसी ने सोशल मीडिया पर विरोध नहीं किया, लेकिन कुछ लोगों के पेट में दर्द हो रहा है।

# कांग्रेस सरकारें भ्रष्टाचार में शामिल रहीं



### भाजपा ने की भूपेश बघेल पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों का बचाव करने के लिए गांधी परिवार की तीखी आलोचना

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों का बचाव करने के लिए 'गांधी परिवार' की तीखी आलोचना करते हुए सवाल किया है कि भ्रष्टाचार के इस मामले में 'गांधी परिवार' का क्या हित छिपा है।

डा. द्विवेदी ने शनिवार को यहां मीडिया को संबोधित करते हुए मांग की कि इस मामले में गांधी परिवार का हित देश के सामने आना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की कई सरकारें प्रत्यक्ष रूप से भ्रष्टाचार में शामिल रही हैं और छत्तीसगढ़ में तत्कालीन भूपेश बघेल सरकार में हुआ भ्रष्टाचार उसी शृंखला की एक कड़ी है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा धन शोधन मामले में राबर्ट वाड्रा का बचाव करने का उल्लेख करते कहा कि बहनोई के बचाव में मामला तो पारिवारिक है, लेकिन यह तो राजनीतिक मामला है, इसलिए बीजेपी जानना चाहती है कि छत्तीसगढ़ के इस भ्रष्टाचार के मामले में गांधी परिवार का क्या हित छिपा है।

### अडानी को छतीसगढ़ के जंगल सौंपने के विरोध की बघेल को सजा : प्रियंका



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार छत्तीसगढ़ के जंगल पीएम मोदी के नजदीकी उद्योगपति गौतम अडानी को सौंप रही है और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इसका जमकर विरोध कर रहे हैं, इसलिए उनके परिवार को इसकी सजा दी जा रही है। बघेल इस मुद्दे को विधानसभा में उठाने वाले थे, लेकिन उससे पहले ही उनकी आवाज दबाने की कोशिश करते हुए उनके बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनका कहना था कि भाजपा इस तरह के हथकंडे अपनाती रहती है, लेकिन कांग्रेस के लोग इससे डरने वाले नहीं है।

## डीजीपी राजीव कृष्ण ने किया खुलासा, छह राज्यों से 10 पकड़े

# यूपी में धर्मांतरण रैकेट का भंडाफोड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की आगरा पुलिस ने अवैध धर्मांतरण के एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए देश के छह राज्यों से दस लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि आगरा पुलिस आयुक्त दीपक कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छह राज्यों से 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी छद्म नाम से गैर मुस्लिम युवतियों से दोस्ती कर उन्हें प्रेमजाल में फंसाते थे और बाद में उन्हें इस्लाम अपनाने पर मजबूर किया जाता था। उन्होंने बताया कि पूरे मामले की शुरुआती जांच में इस गिरोह का संबंध पीएफआई, एसडीपीआई



और पाकिस्तान के आतंकी संगठनों से होने के संकेत मिले हैं। इस घटना के संबंध में बंगाल, गोवा, उत्तराखंड, दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में 11 टीमों को लगाया गया था जिन्होने आयशा (एसबी कृष्णा) गोवा, अली हसन (शेखर राय) कोलकाता, ओसामा-कोलकाता, रहमान कुरैशी-आगरा, अब्बू तालिब-खालापार, मुजफ्फरनगर, अबुर रहमान- देहरादून, मोहम्मद अली - जयपुर, राजस्थान, जुनैद कुरैशी-जयपुर, मुस्तफा (मनोज)-दिल्ली, मोहम्मद अली-जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि आगरा पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में उत्तर प्रदेश की विशेष एजेंसी एटीएस और एसटीएफ भी शामिल थी। अब इस मामले की आगे की जांच के लिए अन्य राज्यों की पुलिस तथा केंद्रीय जांच एजेंसी के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आगरा जिले में पिछली मार्च में दो सगी बहनों जिनकी उम्र 33 वर्ष और 18 वर्ष की थी गुमशुदगी का मामला उनके परिवार में दर्ज कराया था।

### छांगुर के दो करीबी एटीएस के हत्थे चढ़े

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने शनिवार को अवैध धर्मांतरण के आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा के दो करीबियों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस महा. निदेशक कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि एटीएस ने छागुर गैंग के दो सदस्यों सबरोज उर्फ इमरान (42) और शहाबुद्दीन (36) को बलरामपुर जिले से गिरफ्तार किया। दोनो छांगुर के करीबी बताए जाते है, जो गरीब मजबूर लोगों को आर्थिक मदद का आश्वासन देकर उन्हे धर्म परिवर्तन के लिए उकसाते थे। गौरतलब है कि धर्मांतरण के आरोपी छांगुर और उसकी करीबी नसरीन से पूछताछ के बाद यूपी एटीएस 100 से अधिक लोगों को रडार पर लिया है।



**सेंसेक्स** 81757.73
**निफ्टी** 2496840



**सोना रु.** 98243
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 112700
प्रति किलो



# बाजरा किसानों को प्रोत्साहित करेगी सरकार

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश सरकार पौष्टिकता से भरपूर श्रीअन्न की प्रमुख फसल बाजरा के उत्पादन को लेकर किसानो का लगातार उत्साहवर्धन कर रही है। उत्तर प्रदेश में धान, गेहूं एवं मक्का के पश्चात लगभग 10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बाजरा की खेती की जाती है।

बाजरा के दानो में भरपूर पौष्टिकता होती है। विशेष रूप से फाइबर, प्रोटीन, विटामिन बीकॉम्पलेक्स, कैल्शियम, फास्फोरस एवं मैगनीज तत्वों के साथ एन्टीआक्सीडेंट भी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जो शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करती है। इससे बाजार में इसकी मांग है। बाजरा के प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ में औषधीय गुण भी पाए जाते हैं। बाजरा के उत्पाद मधुमेह के नियंत्रण, हृदय के स्वास्थ्य सुधार हेतु उपयुक्त, ग्लुटेन मात्रा कम पाए जाने के कारण पेट के रोगों से राहत दिलाने में सहयोग के साथ ही



**■ पेट के रोगों को और मोटापा कम करने में सहायक है ये अन्न**

वर्तमान समय में मोटापा कम करने और वजन सुधार में भी लाभदायक है। इसके अतिरिक्त वैज्ञानिक शोध एवं तकनीकी विकास के कारण बाजरे के दानों से कई प्रकार की औषधियों का भी निर्माण किया जा रहा है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार बाजरा की खेती अपेक्षाकृत कम वर्षा (400-500 मिमी0) में भी की जा सकती है। वर्तमान में लगभग प्रदेश के 29 जिलों में औसत से कम वर्षा पायी गयी है। जहां कम वर्षा के कारण धान की खेती नहीं की जा सकती, किसानों के लिए उन क्षेत्रों में बाजरा की फसल लेना लाभदायक सिद्ध होगा। बाजरा की फसल लगभग धान की असफल बुवाई की स्थिति में अगस्त माह के मध्य तक कर सकते हैं। फसल की अवधि अधिकतम 80-85 दिन होने के कारण 10 नवम्बर के पूर्व कटाई कर रबी की फसल की बुवाई समय से की जा सकती है। बाजरा की फसल से 25.30 कुन्तल प्रति हेक्टेयर उत्पादन मिल जाती है, तो दूसरी तरफ धान की अपेक्षा लागत कम होने एवं बाजरा का बाजार मूल्य अधिक होने के कारण प्रति इकाई किसानों को अपेक्षाकृत अधिक लाभ की संभावना हो सकती है। बाजरा की संकर प्रजाति 86एम84, बायो-8145, एन.बी.एच.- 5929 के साथ संकुल प्रजाति धनशक्ति की उत्पादन क्षमता 35.40 कुन्तल प्रति हेक्टेयर तक है। उत्तर प्रदेश में बहुत से क्षेत्रफल असमतल एवं वर्षा आधारित होने के कारण धान की खेती के लिए उपयुक्त नहीं होते हैं।

### इस हफ्ते 732 रुपए महंगा हुआ सोना

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते सोने-चांदी में तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार पिछले हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सोना 97,511 रुपए पर था, जो अब 98,243 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी हफ्तेभर में इसकी कीमत 732 रुपए बढ़ी है। चांदी 11 जुलाई को 1,10,290 रुपए पर थी, जो अब 1,12,700 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इस तरह हफ्तेभर के कारोबार में इसकी कीमत 2,410 रुपए बढ़ी है। 14 जुलाई को चांदी ने 1,13,867 का ऑल टाइम हाई बनाया था। इसके पहले सोने ने 8 जून को 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था। सोने-चांदी के दाम में शुक्रवार को बढ़त देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 790 बढ़कर 98,243 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले इसका दाम 97,453 पर था। चांदी की कीमत 1,700 बढ़कर 1,12,700 प्रति किलोग्राम हो गई है।

# गेहूं महंगा, दालें सस्ती, अधिकतर खाद्य तेल मजबूत

**नई दिल्ली।** घरेलू जिंस बाजारों में शनिवार को गेहूं के भाव में तेजी रही। अधिकतर खाद्य तेल भी महंगे हुए। इसके विपरीत दालें सस्ती हुईं। गुड़-चीनी में भी मंदी देखी गयी। घरेलू थोक बाजारों में ग्राहकों के आने से अनाजों में चावल की औसत कीमत 3,818 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही।

गेहूं करीब 22 रुपए के उछाल के साथ 2,834 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी 18 रुपए से ज्यादा महंगा हुआ और औसतन 3,286 रुपए पर रहा। अधिकतर खाद्य तेलों में तेजी रही। हालांकि मूंगफली तेल 225 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। सरसों तेल 95 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया। सोया तेल भी 90 रुपए से ज्यादा चढ़ा। वनस्पति के दाम भी 33 रुपए प्रति क्विंटल से ज्यादा चढ़े। सूरजमुखी तेल में 17 रुपए की तेजी रही। पाम ऑयल भी लगभग 54 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में मंदी का रुख रहा। दलहन बाजार में चना दाल करीब 17 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल करीब 108 रुपए सस्ती हुई। उड़द दाल 72 रुपए प्रति क्विंटल टूट गई, जबकि मसूर दाल में 24 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक की नरमी रही। दाल मूंग भी सात रुपए से अधिक की तेजी दर्ज की गई। गुड़-चीनी: बाजार में



गुड़ के औसत भाव 19 रुपए से ज्यादा टूट गए। चीनी एक रुपए प्रति क्विंटल से अधिक सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :.दाल-दलहन: दाल चना 7821.61, मसूर काली 8082.69, मूंग दाल 10149.11, उड़द दाल 10497.08, अरहर दाल 10955.81 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2834.01 रुपए और चावल 3818.17 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4267.95 और गुड़ 4887.23 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17002.13 रुपए, मूंगफली तेल 17567.66 रुपए, सूरजमुखी तेल 15253.86 रुपए, सोया रिफाइंड 13786.77 रुपए, पाम ऑयल 12230.82 रुपए और वनस्पति तेल 14507.19 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**चीन ने ....**

लश्कर-ए-तैयबा का सहयोगी संगठन है। इसने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी। इसमें 26 नागरिकों की मौत हुई थी। हमले के कुछ ही देर बाद टीआरएफ ने घटना की जिम्मेदारी ली थी और बयान जारी कर कहा था कि भारत सरकार कश्मीर में मुस्लिमों को बहुसंख्यक से अल्पसंख्यक बना रही है। हालांकि, 26 अप्रैल को टीआरएफ इससे मुकर गया था। संगठन के प्रवक्ता अहमद खालिद ने कहा था कि पहलगाम हमले के लिए टीआरएफ को जिम्मेदार ठहराना गलत है। खालिद ने कहा कि उनकी वेबसाइट को हैक कर लिया गया था। टीआरएफ मुख्य रूप से जम्मू-कश्मीर में सक्रिय है। यह अक्सर ऐसे लोगों को भर्ती करता है, जो आम नागरिकों जैसे दिखते हैं, लेकिन गुप्त रूप से आतंकी गतिविधियों में शामिल होते हैं। इन्हें हाइब्रिड आतंकवादी कहा जाता है। भारत सरकार ने 5 जनवरी, 2023 को टीआरएफ को आतंकी संगठन घोषित किया था। जम्मू-कश्मीर के आतंकी संगठनों में 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) नया नाम है। 2019 में जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 हटाए जाने के बाद यह अस्तित्व में आया। भारत सरकार भी मानती है कि ये लश्कर-ए-तैयबा का प्रॉक्सी आतंकी संगठन है। ये आतंकी संगठन जवानों और आम नागरिकों की हत्या के अलावा सीमा पार से ड्रग्स और हथियार की तस्करी में शामिल रहा है। सुरक्षा मामलों के जानकार बताते हैं कि सीमा पार से आईएसआई हैंडलर्स ने ही लश्कर-ए-तैयबा की मदद से टीआरएफ को खड़ा किया। इससे पहले अमेरिका ने पहलगाम आतंकी हमले की आलोचना की थी और इसकी जिम्मेदारी लेने वाले संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को विदेशी आतंकवादी संगठन (एफटीओ) और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी (एसडीजीटी) की लिस्ट में डाल दिया था। इस सूची में पहले से ही पाकिस्तान के कई आतंकी संगठन जैसे लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम), जमात-उद-दावा (जेयूडी) और आतंकी सरगना हाफिज सईद व मसूद अजहर जैसे नाम शामिल हैं।

**उत्तराखंड में...**

पुष्कर सिंह धामी से कहा था कि असल पराक्रम समिट में हुए तीन लाख 56 हजार करोड़ के एमओयू को धरातल पर उतारने का होगा। मुझे खुशी है कि धामी की टीम ने तमाम चुनौतियों के बावजूद आज एक लाख करोड़ का निवेश धरातल पर उतार दिया है। उन्होंने बताया कि इस निवेश से 81 हजार नए रोजगार सृजित हुए हैं, और सहायक उद्योगों के जरिए भी ढाई लाख से अधिक रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। शाह ने इस बात पर जोर दिया कि उत्तराखंड के दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में भी अब उद्योग लग रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन स्थापित करते हुए, नीति में पारदर्शिता, क्रियान्वयन में तीव्रता और विजन में दूरदर्शिता के साथ विकास का नया खाका खींचने में सफल रही है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा उत्तराखंड के गठन और केंद्र में मोदी सरकार बनने के बाद से लगातार चल रही डबल इंजन सरकार के लाभों का भी उल्लेख किया। केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास का जिक्र करते हुए कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था 11वें नंबर से चौथे नंबर पर आ गई है और 2027 तक इसे दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने 2047 तक विक.सित भारत की कल्पना की है, लेकिन विकसित उत्तराखंड के बिना विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करना संभव नहीं है। शाह ने गरीबों के कल्याण और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार में मोदी सरकार की उपलब्धियों का भी संक्षिप्त उल्लेख किया, जिसमें 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाना शामिल है। उन्होंने जोर दिया कि देश के समग्र विकास के लिए छोटे राज्यों और पूर्वोत्तर के राज्यों का विकास भी महत्वपूर्ण है, जिस पर केंद्र सरकार विशेष ध्यान दे रही है।

**भ्रामक खबरों...**

असत्यापित रिपोर्टिंग के माध्यम से विमान हादसे का निष्कर्ष निकालने का प्रयास कर रहे हैं। इस हादसे ने जनता को बड़ा सदमा पहुंचाया है। यह भारतीय विमानन उद्योग की सुरक्षा को लेकर, खासकर निराधार तथ्यों के आधार पर जनता में चिंता या आक्रोश पैदा करने का समय नहीं है। एफआईपी ने कहा कि मीडिया संस्थान आधिकारिक पुष्टि और अंतिम रिपोर्ट के बिना ऐसी कोई भी सामग्री प्रकाशित या प्रसारित न करें, जिसमें दुर्घटना के कारणों पर अटकलें लगाई गई हों और मृत पायलटों को दोषी ठहराती हों। इस तरह की अटकलें लगाने वाली सूचनाओं का प्रकाशन बेहद गैर-जिम्मेदाराना है। इससे मृत पायलटों की प्रतिष्ठा को गंभीर और अपूरणीय क्षति हुई है। रॉयटर्स ने शोक संतप्त परिवारों को अनावश्यक संकट में डाला है और पायलट वर्ग का मनोबल गिराया है, जो भारी दबाव और सार्वजनिक जिम्मेदारी के तहत काम करता है। एफआईपी ने मीडिया संस्थानों से कहा कि आधिकारिक जांच के परिणाम जारी होने तक रॉयटर्स और सभी संबद्ध प्लेटफॉर्म्स को दुर्घटना और विमान को संचालित करने वाले पायलटों से संबंधित असत्यापित, अटकलों से जुड़ी अनौपचारिक रिपोर्ट को पेश करने के खिलाफ आगाह करने का निर्देश दिया जाता है। कानूनी नोटिस में रॉयटर्स से कहा गया है कि वह आधिकारिक पुष्टि और अंतिम रिपोर्ट के अभाव में दुर्घटना के कारण के बारे में अटकलें लगाने वाली या किसी व्यक्ति, विशेष रूप से मृत पायलटों को दोषी ठहराने वाली कोई भी सामग्री प्रकाशित या प्रसारित करने से रोकें। वह 17 जुलाई 2025 को प्रकाशित रिपोर्ट की तुरंत समीक्षा और संशोधन करें। इसमें एक उपयुक्त अस्वीकरण शामिल हो और ऐसी किसी भी सामग्री को हटा दें, जिसे दोष देने के रूप में समझा जा सकता है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिव्यक्त जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई क्षति भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# देवर के प्यार में पति का किया कत्ल, दोनों गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तम नगर इलाके में एक व्यक्ति की मौत में उसकी पत्नी और चचेरे भाई की संलिप्तता सामने आई है। दरअसल, देवर और भाभी के बीच वॉट्सएेप चौट से यह पूरा मामला सामने आया। पहले इसे बिजली का करंट लगने से हुई मौत बताया जा रहा था, लेकिन ३६ वर्षीय मृतक के सगे भाई ने दोनों के बीच हुई चौट की जानकारी पुलिस को दी, जिसमें मृतक की पत्नी और चचेरे भाई की भूमिका बताई गई। पुलिस ने मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी यानी मृतक के चचेरे भाई को गिरफ्तार कर लिया है।

पूरा मामला १२ जुलाई की रात की है, जब पत्नी ने अपने पति को ठिकाने लगा दी। कुछ दिनों बाद १६ जुलाई को इंस्टाग्राम से मिली एक चौट ने इस पूरे मामले की जांच की दिशा बदल दी। मृतक के छोटे भाई कुणाल देव ने सुष्मिता और करण के चचेरे भाई राहुल के बीच हुई एक आपत्तिजनक चौट पुलिस को दी, जिसमें हत्या की साजिश का खुलासा हुआ। चौट से पता चलता है कि आरोपी पत्नी ने १२ जुलाई की रात को करण के खाने में १५ नींद की गोलियां मिला दी थी, ताकि ओवरडोज के चलते उसकी मौत हो जाए। जब इन गोलियों का असर तुरंत नहीं हुआ तो सुष्मिता को बेचौनी होने लगी। इसके बाद उसने राहुल से इस संबंध में चौट की। सुष्मिता ने राहुल को लिखा– एक बार देख लो कि दवा लेने के बाद मरने में कितना समय लगता है। उसे खाना खाए तीन घंटे हो गए हैं। न उल्टी हुई, न पॉटी, कुछ नहीं, और न ही मर रहा है। तो फिर हमें क्या करना चाहिए, कुछ बताओ। राहुल ने जवाब दिया– अगर कुछ नहीं समझ आ रहा है तो उसे बिजली का झटका दो। बातचीत जारी रही और सुष्मिता ने पूछा– उसे इलेक्ट्रिक शॉक देने के लिए कैसे बांधा जाए? राहुल– टेप के साथ। सुष्मिता– वह बहुत धीरे-धीरे सांस ले रहा है। राहुल– जितनी दवाइयां तुम्हारे पास हैं, उसे दे दो।

सुष्मिता– मैं उसका मुंह नहीं खोल सकती। मैं पानी तो डाल सकती हूं, पर दवा नहीं दे सकती। तुम इधर आओ, शायद हम सब मिलकर उसे दवा खिला सकें।

करण की बहन नैंसी कपूर ने बताया कि रविवार सुबह सुष्मिता करण के पिता के घर पहुंची और बताया कि करण को करंट लग गया है और वह बेहोश है। परिजन तुरंत भागकर उसके घर पहुंचे और अचेत पड़े करण को लेकर पास के मग्गो अस्पताल ले गए, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने करण को मृत घोषित कर दिया। बहन के मुताबिक उसके मुंह से झाग निकल रहा था। अस्पताल से घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। अस्पताल पहुंची उत्तम नगर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में करने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बहन ने बताया कि सुष्मिता, करण का चचेरा भाई राहुल देव और राहुल के पिता हरीश देव लगातार पोस्टमार्टम करवाने से मना कर रहे थे। लेकिन संदिग्ध मौत होने की वजह से पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया।

परिवार वालों ने बताया कि करण के दाह संस्कार के दौरान कुणाल के हाथ उसके चचेरे भाई राहुल का मोबाइल फोन लग गया। जिसमें उसे राहुल और उसकी भाभी का चौट मिला। चौट में हत्या की साजिश के पूरे सबूत मिले। परिवार वालों ने तुरंत इसकी शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने तुरंत मामले की छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने क्राइम और फोरेंसिक टीम को घटनास्थल पर बुलाया। जहां से टीम ने साक्ष्य हासिल किया। उसके बाद पुलिस ने सुष्मिता और राहुल को हिरासत में लिया। पुलिस अधिकारी के मुताबिक सुष्मिता और राहुल का दो साल से अफेयर चल रहा था। दोनों ने मिलकर करण की हत्या इसलिए की ताकि वे साथ रह सकें और करण की संपत्ति पर कब्जा कर सकें। उत्तम नगर थाना पुलिस दोनों से पूछताछ कर मामले की तफ्तीश कर रही है। बताया जा रहा है कि पूछताछ के दौरान दोनों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है।

## भीख मांगने और रात को वारदात करने वाले तीन बांग्लादेशी पकड़े

**नई दिल्ली।** चौराहों पर किन्नर का भेष धारण करके और रात के वक्त वारदात करने वाले तीन बांग्लादेशियों को मुखर्जी नगर से उत्तर पश्चिम जिला की विदेशी प्रकोष्ठ टीम ने गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से तीन पहचान पत्र और भारत में प्रति. बंधित आईएमओ सॉफ्टवेयर अपलोड तीन मोबाइल फोन जब्त किये हैं। पुलिस तीनों के बाकी साथियों के बारे में भी पता करके उनको भी पकड़ने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी राजीव कुमार की देखरेख मेंम इंस्पेक्टर विपिन कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम दर्जनों बांग्लादेशियों को पकड़ चुकी है। इसी क्रम में एक पुख्ता जानकारी के बाद मुखर्जी नगर इलाके में संदिग्ध हालत में घूम रहे बांग्लादेशियों को पकड़ा।

## दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षकों ने सीखे साइबर सुरक्षा के गुर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डीयू के कंप्यूटर विज्ञान विभाग और सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी-डैक) के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों ने साइबर सुरक्षा के उभरते क्षेत्रों के गुर सीखे। साइबर अपराध, बचाव और जांच विषय पर डीयू में १४ से १८ जुलाई तक संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा शुरू की गई सूचना सुरक्षा शिक्षा और जागरूकता (आईएसईए) परियोजना के तीसरे चरण के अंतर्गत आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में डीयू के डीयूसीसी के पूर्व निदेशक प्रो. अजय कुमार गुप्ता मुख्यातिथि रहे जबकि समापन सत्र में डीयूसीसी के निदेशक और डीन प्रौद्योगिकी संकाय प्रो संजीव सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्रो. सिंह ने शिक्षा के माध्यम से एक सुरक्षित डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए संकाय सदस्यों हेतु विकसित हो रही साइबर तकनीकों से अवगत रहने की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर बल दिया। प्रोग्राम का उद्देश्य साइबर सुरक्षा के उभरते क्षेत्रों में संकाय सदस्यों की विशेषज्ञता को बढ़ाना था जिसमें साइबर खतरों की पहचान, रोकथाम और जांच पर ध्यान केंद्रित किया गया।

# 'नो डॉग्स ऑन स्ट्रीट' पॉलिसी को लागू करे सरकार: गोयल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री विजय गोयल ने जंतर मंतर पर सैकड़ों आरडब्ल्यूए (रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों) के साथ मिलकर आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इस अवसर पर गोयल ने कहा कि देश में आवारा कुत्तों का आतंक इस हद तक बढ़ चुका है कि अब आमजन का घर से निकलना, पार्कों में टहलना और बच्चों का खेलना तक मुश्किल हो गया है।

उन्होंने कहा कि देशभर में करीब १२ करोड़ आवारा कुत्ते हैं और हर दिन हजारों काटने के मामले सामने आ रहे हैं, जिनका सबसे ज्यादा शिकार बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग हो रहे हैं।उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणी का हवाला देते हुए कहा कि अब सड़कों, पार्कों और सार्वजनिक स्थानों पर कुत्तों को खाना खिलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। "अगर तथाकथित पशु प्रेमी इन जानवरों के प्रति सच में संवेदनशील हैं, तो उन्हें अपने घरों में ले जाकर उनकी देखभाल करनी चाहिए, न कि सड़कों को आतंक का अड्डा बनाना चाहिए," गोयल ने कहा।उन्होंने यह भी जोर देकर कहा कि जो कुत्ते लगातार काटते हैं या आक्रामक व्यवहार दिखाते हैं, उन्हें रीलोकेट किया जाना चाहिए और उनके लिए विशेष बाड़े (शेल्टर) बनाकर वहाँ स्टरलाइजेशन और देखभाल की समुचित व्यवस्था की जानी चाहिए।

उन्होंने जोर देकर कहा कि एनिमल बर्थ कंट्रोल नियमों में संशोधन आवश्यक है क्योंकि मौजूदा स्थिति में केवल नसबंदी से समस्या हल नहीं होगी।गोयल ने कहा कि यह आरडब्ल्यूए के बस की बात नहीं है कि वे आवारा कुत्तों को संभालें।




**पूर्व केन्द्रीय मंत्री विजय गोयल जंतर मंतर पर आरडब्ल्यूए के साथ मिलकर आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर प्रदर्शन करते हुए।**

## एक नजर

### इन्फिनिक्स हॉट 605जी+ का लॉन्च हुआ

**नई दिल्ली।** नए युग के स्मार्टफोन ब्रांड, इन्फिनिक्स ने अपना लेटेस्ट हॉट 605जी+ लॉन्च किया है। जबरदस्त फीचर्स वाला यह स्मार्टफोन उन लोगों के लिए बनाया गया है, जो बहुउपयोगिता, स्पीड और लंबे समय तक शानदार परफॉर्मेंस चाहते हैं। हॉट 60 5जी+ में इस उद्योग के कई अग्रणी फीचर्स दिए गए हैं। इसमें कस्टमाईजेबल वन टैप एआई बटन, मीडियाटेक डायमेंसिटी 7020 प्रोसेसर, 500,000 से अधिक एंटुटू स्कोर, ६जीबी एलपीडीडीआर५एक्स रैम, 90 एफपीएस गेमिंग सपोर्ट और आईपी 64-सर्टिफाईड स्लिम 5जी डिजाईन हैं। इतनी सारी खूबियों के बाद भी लॉन्च के दिन इस स्मार्टफोन की कीमत केवल 9,999 रुपये (प्रिपेड ऑफरों के साथ) होगी। यह डिवाईस फ्लिपकार्ट और रिटेल स्टोर्स पर तीन रंगों: शैडो ब्लू, टुंड्रा ग्रीन और स्लीक ब्लैक में उपलब्ध होगी, जो अपने परफॉर्मेंस डीएनए के अनुसार प्रीमियम अपील प्रदान करेगी। हॉट 605जी+ में इस उद्योग का पहला कस्टमाईजेबल वन टैप एआई बटन दिया गया है।

### मोती नगर में हुई डकैती का आरोपी लखनऊ से गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** मोती नगर इलाके में पिछले वर्ष हुई डकैती की वारदात में शामिल बदमाश को एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वायड ने लखनऊ से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मनीष रावत के रूप में हुई है। अदालत द्वारा उसे भगोड़ा घोषित कर दिया गया था। वारदात में शामिल अन्य सभी आरोपी पहले ही पकड़े जा चुके हैं।डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि २८ अक्टूबर २०२४ की मोती नगर इलाके में घर में घुसकर ७ लोगों द्वारा हथियारों के बल पर ११ लाख नकद तथा जेवरात लूटकर ले जाने की सूचना पुलिस का मिली थी।

### ओडिया फीचर फिल्म 'श्री जगन्नाथ अंकर नबकलेबर' दिल्ली में हुई लॉन्च

**नई दिल्ली।** राजधानी ने आज आध्यात्मिकता और सिनेमा का एक अनूठा संगम देखा, जब साई स्रधा टेली प्रोडक्शन ने ओडिया फीचर फिल्म 'श्री जगन्नाथ अंकर नबकलेबर' की आधिकारिक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन प्रेस क्लब ऑफ इंडिया, नई दिल्ली में किया। यह फिल्म भारतीय सिनेमा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि यह नबकलेबर की पवित्र परंपरा को बड़े पर्दे पर प्रस्तुत करने वाली अपनी तरह की पहली फिल्म है। ओडिया फिल्म श्री जगन्नाथ अंकर नबकलेबर जो कि 4 जुलाई 2025 रिलीज हो कर पिछले दो हफ्ते में हर आयु वर्ग की पसंदीदा बनी हुई है साई स्रधा टेली प्रोडक्शन प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले निर्देशक व निर्माता बिनी सामल (सौभाग्यलक्ष्मी जेना) की कृति जहां श्रद्धा से भाव विभोर करती है वहीं इसमें जीवन का हर रंग दिखाया गया है। इस भव्य लांच के अवसर पर निर्देशक बिनी सामल ने कहा कि 'यह सिर्फ एक फिल्म नहीं है, यह एक अर्पण है।

### अमेरिका से प्रत्यर्पित मोनिका को दी जमानत

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत ने मेरिका से प्रत्यर्पण कर भारत लाई गई आरोपित मोनिका कपूर को जमानत दे दी। विशेष न्यायाधीश संजय खानागवाल ने माना कि मोनिका कपूर की भूमिका सीमित थी और 56 वर्ष की उम्र में लंबे समय से कानूनी प्रक्रिया का सामना कर रही हैं।

### दशकों कचरा गंभीर समस्या, कूड़े का निपटान बना चुनौती

**नई दिल्ली।** शहरीकरण और बढ़ती जनसंख्या के बीच एमसीडी कूड़ा प्रबंधन की चुनौती का सामना कर रही है। दिल्ली में रोजाना लगभग ११,५०० मीट्रिक टन कूड़ा होता है, जिसमें से लगभग ७३०० मीट्रिक टन का ही निपटान हो पाता है। इस तरह लगभग ४२०० मीट्रिक टन कूड़ा प्रतिदिन सीधे लैंडफिल साइटों पर पहुंच रहा है। यह कूड़ा गाजीपुर और भलस्वा जैसे विशाल सैनेटरी लैंडफिल साइटों पर जमा होता है, जो दशकों से क्षमता से अधिक भरे हुए हैं। इन लैंडफिल साइटों पर कूड़े के ऊंचे पहाड़ न केवल दिल्ली के शहरी परिदृश्य पर एक बदसूरत दाग हैं, बल्कि वायु और जल प्रदूषण, भूजल संदूषण और मीथेन जैसी ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन का एक प्रमुख स्रोत भी है।

# दिल्ली के पहले शहरी एटलस ने एक वर्ष पूरा किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के पारिस्थितिकी तंत्र को व्यवस्थित करने की एक शहर-व्यापी पहल के रूप में दिल्ली बर्ड एटलस ने अपना पहला पूर्ण वर्ष पूरा किया। इसके उपलक्ष्य में डब्ल्यूडब्ल्यूएफ ऑडिटोरियम, लोधी रोड में 150 से अधिक पक्षी प्रेमियों, वन अधिकारियों, शोधकर्ताओं और गैर सरकारी संगठनों की एक सभा हुई। केवल 12 महीनों में, एटलस ने 200 से अधिक स्वयंसेवकों को संगठित किया है, 1150 ईबर्ड चेकलिस्ट बनाई हैं, और 221 से अधिक पक्षी प्रजातियों की मैपिंग की है - आर्द्रभूमि, रिज जंगलों, नालों, शहरी गांवों, मलिन बस्तियों और ऊंची इमारतों में।

श्याम सुंदर कांडपाल, आईएफएस, दिल्ली के मुख्य वन्यजीव वार्डन, ने एटलस को किसी भारतीय शहर में अब तक किए गए सबसे व्यापक नागरिक विज्ञान प्रयासों में से एक कहा, और इस पहल के दूसरे वर्ष में समर्थन और पैमाने को बढ़ाने के लिए वन विभाग की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने आगे कहा, दिल्ली बर्ड एटलस बहुत अच्छे काम कर रहा है और उन्हें हमारा पूरा समर्थन है। यह डेटा आने वाले दिनों में बहुत महत्वपूर्ण होगा और यह दिल्ली पक्षी समुदाय और नागरिकों के उत्साह और प्रतिबद्धता का प्रमाण है जो राष्ट्रीय राजधानी की जैव विविधता की गहराई से परवाह करते हैं।

इस कार्यक्रम में दिल्ली वन के आईएफएस संरक्षक जेबेस्टिन ए भी मौजूद थे, उन्होंने कहा, मैं भारत में अन्य पक्षी एटलस का हिस्सा रहा हूं, लेकिन दिल्ली बर्ड एटलस अद्वितीय है क्योंकि यह पहले वर्ष में ही 100 प्रतिशत उपको. शिकाओं को कवर करने में कामयाब रहा है ।

## आईपीयू में डी फॉर्मा प्रोग्राम कीदूसरी काउंसलिंग 23 जुलाई को

**नई दिल्ली।** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के डी फॉर्मा प्रोग्राम की दूसरी काउंसलिंग २३ जुलाई को द्वारका कैंपस में ऑफलाइन मोड में आयोजित की जाएगी। डी फॉर्मा के सभी आवेदकों को काउंसलिंग के दिन यूनिवर्सिटी के कुलसचिव के नाम निर्गत ६० हजार रुपये का ड्रॉफ्ट एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज लाने हैं। वहीं, इस प्रोग्राम में दाखिले के लिए अभी तक जिन्होंने आवेदन नहीं किया है वे काउंसलिंग के दिन भी आवेदन कर सकते हैं। यह प्रोग्राम यूनिवर्सिटी के द्वारका कैंपस स्थित सेंटर फॉर एक्सीलेंस इन फार्मास्यूटिकल साइंसेज में उपलब्ध है।

## गोल गप्पे बेचने वाले के सीने में घोंपा चाकू

**नई दिल्ली।** सुल्तानपुरी इलाके में लूटपाट का विरोध करने पर नाबालिगों ने गोल गप्पे की रेहड़ी लगाने वाले युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पीड़ित की पहचान एक्स ब्लॉक मंगोल. पुरी निवासी धीरेंद्र उर्फ धीरा (१९) के रूप में हुई है। हमले के दौरान चाकू उसके सीने के बाईं ओर फंस गया। उसे पास के अस्पताल में ले जाया गया, जहां से सफदरजंग अस्पताल में रेफर कर दिया गया है।

## डिलीवरी बॉय ने लूट का विरोध किया, तो चाकू गोदा

**नई दिल्ली।** आदर्श नगर इलाके में डिलीवरी बॉय को लूट का विरोध करने पर चाकू गोदने वाले तीन नाबालिगों को पकड़ा है। जिनके कब्जे से लूट का सामान और वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद किया है।

वे अपनी हैसियत से परे एक शानदार जीवनशैली जीने के लिए आसानी से पैसा कमाने के लिए अपराध करते थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि लाल बाग आजादपुर में रहने वाला अभिषेक जोमैटो में डिलीवरी बॉय के रूप में काम करता है। बीते वीरवार रात को, लाल बाग में एक ऑर्डर देते समय, उसे तीन अज्ञात व्यक्तियों ने रोका और पकड़ लिया। उन्होंने उसकी जांघ और गर्दन के पास चाकू से वार किया। इसके बाद उन्होंने उसका मोबाइल फोन और नकदी लूटकर फरार हो गए थे।

# 51 की हुई सीएम रेखा, पैतृक गांव में मनाया जन्मदिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपना 51वां जन्मदिन हरियाणा स्थित अपने पैतृक गांव नंदगढ़ में मनाया। पीएम नरेंद्र मोदी से लेकर कई मुख्यमंत्रियों, केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा के नेताओं ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। पीएम ने बेस्ट विशेज लिखते हुए कहा कि उन्होंने मेहनत से ऊंचाइयों को छुआ और दिल्ली की सेवा में हमेशा एक्टिव रहीं। सीएम के रूप में उन्होंने शहर की तरक्की के लिए कई कदम उठाए हैं। आगे लिखा कि मैं उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं।

रेखा गुप्ता ने पीएम नरेंद्र मोदी के शुभकामना संदेश पर जवाब देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी आपकी शुभकामनाओं और आशीर्वाद के लिए दिल से शुक्रिया। आपका प्रेरणादायक मार्गदर्शन मेरे लिए ताकत और प्रेरणा का स्रोत है। सीएम के तौर पर मैं आपके 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सपने को पूरा करने के लिए समर्पित हूं।

# काम व व्यवहार से उत्तराखंडियों की विशेष पहचान: दुष्यंत गौतम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जन्मभूमि और मातृभूमि के साथ उत्तराखंड देवभूमि देश को प्रेरणा देने का कार्य करती है। चाहे उत्तरायणी हो या हरेला प्रकृति के सम्मान और पर्यावरण के संरक्षण का संदेश दुनियाभर को उत्तराखंड से ही मिलता हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का देवभूमि के प्रति विशेष प्रेम भाव है और यहां की मातृशक्ति और समर्पित मेहनती लोगों के बल पर ही इस दशक को उत्तराखंड का दशक कहा जाता है। ये विचार नई दिल्ली के गोल मार्केट स्थित जैन भवन में पर्वतीय लोकविकास समिति और अपनी धरोहर न्यास द्वारा आयोजित राष्ट्रीय हरेला उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय




महासचिव और उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत गौतम ने व्यक्त किए।

हरेला उत्सव का उद्घाटन करते हुए नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र की सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि हरेला अब उत्तराखंड से आगे निकलकर पूरे देश का राष्ट्रीय उत्सव बन रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान ष्एक वृक्ष माँ के नामष में हरेला की ही प्रेरणा है। जन-जन को हरियाली को बढ़ाने और वृक्षारोपण को दिनचर्या का हिस्सा बनाने की आवश्यकता है। यह खुशी की बात है कि पर्वतीय लोकविकास समिति की पहल हरेला को केवल पेड़ लगाने मात्र तक सीमित न कर उसे धरोहर मानकर उसकी रक्षा और पोषण की जिम्मेदारी लेने का अभियान है। निश्चित रूप से हरेला लोगों में जागृति लाने का काम करेगा।

पर्वतीय लोकविकास समिति के परामर्शदाता और उत्तराखंड भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के संयोजक और पैनलिस्ट प्रवक्ता चार्टर्ड अकाउंटेंट राजेश्वर पैन्यूली ने स्वागत वक्तव्य देते हुए कहा कि दिल्ली एनसीआर में उत्तराखंड के स्वाभिमान और पहचान, लोक संस्कृति, धार्मिक महत्ता और बोली भाषा के संरक्षण के लिए हम निरंतर प्रयत्नशील हैं। पहाड़ की बौद्धिक प्रतिभाओं, अपने जनप्रति. निधियों और सामान्य जनों को एक मंच पर लाकर हम देवभूमि के गौरव को बढ़ाने के साथ उसके विकास के लिए भी प्रतिबद्ध हैं।

# शिव भक्तों को दीं पावन सावन माह की हार्दिक शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शिव भक्तों की आस्था और शिव भक्तिकी भावना को समर्पित, इस वर्ष भोले बाबा की 14वीं विशाल डाक कांवड़ यात्रा हरिद्वार से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेगी। इस अनुपम अवसर की खुशी में एक विशाल भक्तिकार्यक्रम का आयोजन शिव भजन संध्या के नाम से दिनांक रविवार, 20जुलाई 2025 समय सायं 6 बजे से स्थान एमसीडी बिल्डिंग, करोल बाग जोन, आनंद पर्वत चौक, दिल्ली में होगा।

भजन के उपरांत शिव भक्तों के लिए रात्रि 7:30 बजे से विशाल भंडारा रहेगा। इस शिव भक्तों कार्यक्रम में देश के विभिन्न क्षेत्रों से अतिथि के रूप में पधारेंगे। मुख्य अतिथि श्रद्धेय रेखा गुप्ता, मुख्यमंत्री, दिल्ली सरकार होगी और विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में वीरेंद्र सचदेवा, अध्यक्ष भाजपा दिल्ली प्रदेश,बंसुरी स्वराज जी संसद सदस्य लोकसभा नई दिल्ली, योगेंद्र चंदोलिया सांसद उत्तर पश्चिम लोकसभा, प्रवीण खंडेलवाल सांसद चांदनी चौक लोकसभा, प्रवेश वर्मा मंत्री दिल्ली सरकार, आशीष शोध मंत्री दिल्ली सरकार, मर्ना. जंदर सिंह सिरसा मंत्री दिल्ली सरकार, रविंद्र इंद्रराज मंत्री दिल्ली सरकार, कपिल मिश्रा मंत्री दिल्ली सरकार, पंकज कुमार सिंह मंत्री दिल्ली सरकार, सरदार राजा इकबाल सिंह महापौर दिल्ली, मा. जयभगवान यादव उपमहापौर दिल्ली, उमंग बजाज विधायक राजेंद्र नगर, हरीश खुराना विधायक मोती नगर, राजकुमार आनंद पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार, रविंद्र कुमार गुप्ता पूर्व महापौर दिल्ली, वीरेंद्र बब्बर अध्यक्ष भाजपा जिला करोल बाग, मनीष चड्ढा निगम पार्षद, आरती चावला निगम पार्षद, उषा संजय शर्मा' निगम पार्षद, डॉक्टर रुणाक्षी शर्मा निगम पार्षद, इत्यादि कार्यक्रम केवनिवेदक संजय शर्मा विशिष्ट चेयरमैन, प्रत्यक्ष शर्मा विशिष्ट, विपन लाम्बा पूर्व चेयरमैन, दिल्ली सरकार होंगे।

भोलेनाथ के गुणगान करेंगे भजन सम्राट गायक कन्हैया मित्तल, जिनके भजनों पर समस्त जनसमूह झूम उठता है। और साथ ही लोकप्रिय गायक कुलदीप सिंह भी अपनी मधुर वाणी से शिव गुणगान करेंगे। विशेष मुख्य अतिथि पं.महंत सुरेश शर्मा महासचिव प्राचीन हनुमान मंदिर ट्रस्ट कनॉट पैलेस, तथा शंकर अनुरागी मंच का संचालक करेंगे।

## सेल्समैन को चाकू मारकर पचास लाख रुपये के गहने लूटने वाला आगरा से पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नेताजी सुभाष पैलेस इलाके में बीते जून महीने में एक कंपनी के सेल्समैन को चाकू मारकर पचास लाख रुपये के गहने लूटने की वारदात में शामिल शिवत उर्फ शुभम उर्फ शिबू को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। वारदात में बाद आरोपी फरार था और पुलिस से बचने के लिये अपने ठिकाने बदल रहा था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते १२ जून को तीन बदमाशों ने सेल्समैन को चाकू मारकर उसके पचास लाख रुपये के गहने लूट लिये थे। पुलिस ने मामला दर्ज करके मुख्य साजिशकर्ता जितेन्द्र उर्फ सुजल उर्फ पासी और विजय कुमार और विशाल सैन उर्फ विशु को गिरफ्तार कर लिया था। जिनसे पूछताछ करने पर शिवम के बारे में पता चला था। जो वारदात के बाद से अपने घर नहीं गया था। उसके परिवार से भी उसका कोई संपर्क नहीं था। वह अपने मोबाइल फोन से भी किसी से संपर्क नहीं कर रहा था। उसके फोन को सर्वलांस पर लगाकर उसकी लोकेशन पता करने की कोशिश की जा रही थी। एसीपी नरेन्द्र बेनीवाल की देखरेख में इंस्पेक्टर संदीप स्वामी के निर्देशन में हेड कांस्टेबल राज आर्यन की एक पुख्ता जानकारी के बाद आरोपी शिवम उर्फ शुभम उर्फ शिबू को सती नगर, नरायच, आगरा के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला कि अपने पिता को खोने के बाद, उसके परिवार की आर्थिक स्थिति खराब थी।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

हरनंदीपुरम को धरातल पर साकार करने में मिली बड़ी उपलब्धि

# प्राधिकरण के पक्ष में किए जा चुके हैं 37 बैनामे

■ प्रतिकर के रूप मे लगभग 32 करोड़ का किया जा चुका है भुगतान

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स के कुशल नेतृत्व में प्राधिकरण के द्वारा विकसित की जाने अतिमहत्वाकांक्षी हरनंदीपुरम को धरातल पर साकार करने में लगातार सफलता हासिल की जा रही है। इसी का नतीजा ये है कि योजना के अंतर्गत आने वाले गांवों की 5 हेक्टेयर से अधिक जमीनों के 37 बैनामें प्राधिकरण के पक्ष में किए जा चुके है।

प्राधिकरण के द्वारा प्रतिकर के तौर पर लगभग 32 करोड का भुगतान कर दिया गया है। प्राधिकरण को उम्मीद है कि जल्द योजना से प्रभावित अन्य किसानों के द्वारा भी प्राधिकरण के पक्ष में बैनामें कर दिए जाएंगे। किसानों को भी आशा है कि जिस जमीन से उनकी बहुत कम आमदनी होती थीं, वहां अतिआधुनिक सुविधाओं से युक्त योजना विकसित होगी, इससे न केवल उनके गांवों का विकास होगा, बल्कि क्षेत्र में समृद्धि आएगी। इतना ही नहीं बल्कि उन्हें भी अति आधुनिक योजना में गांव से निकलकर खुद का आशियाना बनाने का मौका मिलेगा। प्राधिकरण के भू अर्जन एवं अभियंत्रण अनुभाग के अधिकारियों के द्वारा लगातार किसानों से संपर्क बनाया गया है। प्राधिकरण का उद्देश्य है कि एनसीआर के अंतर्गत आने वाले गाजियाबाद में ऐसी योजना धरातल पर साकार की जाए, जिसमें लोग न केवल आशियाना बना सकें, बल्कि योजना के धरातल पर साकार होने से निश्चित तौर पर लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध हों। जीडीए के द्वारा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रतिकर के मुददे पर हाल में हुई बैठक के दौरान लिए गए निर्णय एवं प्राधिकरण बोर्ड के फैसले के आधार पर किसानों के साथ रजामंदी से बैनामे के प्रयास किए जा रहे है।

## सभी नामांकन फार्म सही होने पर वैद्य हुए घोषित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**मुरादाबाद।** दि बार एसोसिएशन एण्ड लाईब्रेरी मुरादाबाद के वार्षिक निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। तीन दिन चली नामांकन प्रक्रिया के बाद आज नामांकन फार्मो की जांच की तिथि निश्चित की गयी थी। एल्डर्स कमेटी के सदस्यों रमाशंकर,विजय गुप्ता सुभाष चन्द्र गर्ग सुधीर गुप्ता और महेश चन्द्र त्यागी की देखरेख में चुनाव समिति के सदस्यों ने नामांकन पत्रों की गहनता से जांच की गयी। जांच प्रक्रिया में सभी 76 नामांकन फार्म सही पाये गये।

जांच में पाये गये सभी फार्म सही पाये जानें के उपरांत वैद्य घोषित किये। सभी फार्म वैद्य घोषित किये जाने के पश्चात अध्यक्ष पद के लिए 2, महासचिव पद के लिए 10, कोषाध्यक्ष पद के लिए 5, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु 5 संयुक्त सचिव पद हेतु 14 कनिष्ट उपाध्यक्ष पद हेतु ६, सदस्य सीनियर कार्यकारिणी पद हेतु 17 और सदस्य जूनियर कार्यकारिणी हेतु 17 कुल 76 प्रत्याक्षी मैदान में आ गये है। सोमवार को नाम वापसी की प्रक्रिया होंगी। सभी नामांकन फार्म वैध होने की घोषणा से सभी प्रत्याशियों ने अपनी अपनी जीत के लिए चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। चौम्बर चौम्बर जाकर अधिवक्ताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की प्रार्थना कर रहे हैं। कुछ प्रत्याशी अधिवक्ताओं के घर जाकर अपने पक्ष में मतदान करने के लिए आग्रह कर रहे हैं।

## अरविंद तेवतिया ने किया कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** संयुक्त व्यापार मंडल के मेरठ मंडल अध्यक्ष अरविंद तेवतिया ने सरूरपुर खुर्द जनपद मेरठ में देवेंद्र पूनिया अध्यक्ष कावड़ सेवा संघ के द्वारा आयोजित कावड़ सेवा शिविर में यज्ञ में सम्मिलित होकर फीता काटकर कावड़ सेवा शिविर का शुभारंभ किया।

मोदीनगर में राहुल चौधरी एवं डॉक्टर रुपेश पूनिया की टीम के द्वारा आयोजित कावड़ सेवा शिविर में सम्मिलित होकर धर्म लाभ उठाया। कावड़ सेवा शिविर में लगे शिव सेवकों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

## बीच सड़क पर पुलिसकर्मी पर हमला

### शराब के नशे में धुत रईसजादों ने मचाया उत्पात

**गाजियाबाद।** थाना कविनगर क्षेत्र की सी-ब्लॉक मार्केट में उस समय अफरातफरी का केंद्र बन गई जब नशे में धुत कुछ रईसजादों ने आपसी झगड़े के दौरान मौके पर पहुंची पुलिस टीम पर ही हमला बोल दिया। यह घटना दिनदहाड़े भीड़भाड़ वाले इलाके में हुई, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया और दुकानदारों से लेकर राहगीर तक, सभी लोग भयभीत होकर अपनी-अपनी दुकानों के शटर गिराकर भाग खड़े हुए। मिली जानकारी के अनुसार, सी-ब्लॉक मार्केट में दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर तीखी कहासुनी हो रही थी जो देखते ही देखते झगड़े में तब्दील हो गई। मामला बढ़ता देख स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। कविनगर थाने से एक पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचा और विवाद को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन वहां मौजूद युवक, जो शराब के नशे में बुरी तरह चूर थे, ने आपा खोते हुए पुलिसकर्मी से ही उलझना शुरू कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नशे में धुत युवकों ने पुलिसकर्मी के साथ धक्का-मुक्की की, उसे अपशब्द कहे और फिर एकाएक हमला कर दिया। कुछ युवकों ने लात-घूंसों से पुलिसकर्मी को पीटना शुरू कर दिया। इस हमले से अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोग डर के मारे गाड़ियाँ और बाइक वहीं छोड़कर भागने लगे। देखते ही देखते सड़क पर जाम लग गया और माहौल पूरी तरह तनावपूर्ण हो गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए तुरंत अतिरिक्त पुलिस बल को मौके पर भेजा गया। भारी पुलिस बल ने पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और मौके पर मौजूद कई उपद्रवी युवकों को हिरासत में ले लिया गया। बताया जा रहा है कि पकड़े गए युवक स्थानीय रसूखदार परिवारों से ताल्लुक रखते हैं। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से अन्य फरार युवकों की पहचान में जुटी हुई है। इस घटना ने शहर में कानून व्यवस्था को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। आम जनता के बीच यह चिंता बनी हुई है कि जब रईसजादे खुलेआम कानून की धज्जियां उड़ाते हुए पुलिस पर हाथ उठा सकते हैं, तो आम नागरिक कैसे सुरक्षित महसूस करेगा।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित, 105 शिकायतों में 9 का निस्तारण

**गाजियाबाद।** माह के प्रथम और तृतीय शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में गाजियाबाद की लोनी, मोदीनगर और सदर तहसीलों में समाधान दिवस संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य जनता की शिकायतों को सुनना और उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना है। समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी दीपक मीणा ने की। इस दौरान कुल 60 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 2 मामलों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का गुणवत्ता के साथ समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, एसडीएम राजेन्द्र सिंह, एसीपी लोनी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। यहां 25 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 3 मामलों का निस्तारण तत्काल कर दिया गया। कार्यक्रम में एसडीएम अजीत सिंह, तहसीलदार, पुलिस अधिकारी और अन्य विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे। समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जहां कुल 20 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से 4 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। समाधान दिवस के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी, पुलिस प्रशासन और राजस्व टीम मौजूद रही।

समाधान दिवस का उद्देश्य जनता को शासन-प्रशासन से जोड़ना और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करना है। जिलास्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में लोगों को भरोसा मिला कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने लोनी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान शैक्षणिक व भौतिक व्यवस्था की समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने छात्राओं की सुविधाओं को प्राथमिकता देने और स्कूल में साफ-सफाई व सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस प्रकार, सम्पूर्ण समाधान दिवस न सिर्फ एक औपचारिक प्रक्रिया रहा, बल्कि जन समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में एक सशक्त प्रयास भी सिद्ध हुआ।

## तप: आत्मा-निर्मलता की महान साधना: सुभद्र मुनि जी का उद्बोधन

**गाजियाबाद।** श्री एस.एस. जैन सभा, कवि नगर के तत्वावधान में आयोजित एक विशेष आध्यात्मिक सभा में उत्तर भारतीय प्रवर्तक गुरुदेव श्री सुभद्र मुनि जी महाराज ने तप की महिमा पर गहन प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि "तप आत्मा की निर्मलता, उज्ज्वलता और कर्मबंधन से मुक्ति की महान साधना है।" गुरुदेव ने यह भी स्पष्ट किया कि विश्व के सभी धर्मों में तप को एक केंद्रीय स्थान प्राप्त है, और कोई भी धर्म ऐसा नहीं है जिसमें तप की व्याख्या या उसका महत्व न बताया गया हो। गुरुदेव सुभद्र मुनि जी ने कहा कि मानव जीवन का मूल उद्देश्य आत्मज्ञान प्राप्त करना है, जो दुर्लभ और कठिन है। उन्होंने जीवन के चार महत्वपूर्ण स्तंभों समय, सत्ता, संपत्ति और शरीर की नश्वरता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये सब अस्थायी हैं, जबकि धर्म, तप, त्याग, शालीनता और शिष्टाचार जैसे गुण जीव के साथ जन्म-जन्मांतर तक रहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि परमात्मा को पाने के लिए ज्ञान, तप, ध्यान और सेवा चारों मार्ग महत्वपूर्ण हैं, जिनमें से प्रत्येक की अपनी विशेषता है।सेवा को उन्होंने परम धर्म बताया और कहा कि सेवा में अहिंसा का साक्षात स्वरूप विद्यमान है। जब कोई व्यक्ति किसी और को सुख देने के लिए अपना सुख त्यागता है, तो वही तप बन जाता है। किसी के कष्ट में अपनत्व और करुणा का भाव रखना ही सच्चा ध्यान है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को सेवा भावना को जीवन का आधार बनाने की प्रेरणा दी।

## बोर्ड मीटिंग की मिनिट्स लेने के लिए पार्षदों का धरना जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** बोर्ड मीटिंग की मिनिट्स लेने के लिए पार्षदों का धरना लगातार जा रही है। पार्षद निगम में बैठे हैं और बोर्ड मीटिंग की मिनिट्स की मांग कर रहे हैं। गाजियाबाद के व्यापार संगठनों द्वारा वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा पार्षदों की की मांग का समर्थन किया गया। नगर आयुक्त एक बार मिलने आए और कहां की कावड़ के बाद आपको मिनट्स की कॉपी मिल जाएगी मगर पार्षदों द्वारा कहा गया कि जब तक कॉपी नहीं देंगे तब हम यही बैठेंगे। नगर निगम में बड़ा ड्रामा हुआ नगर निगम के अधिकारियों के निर्देश पर नगर निगम के समस्त कर्मचारी धरने पर बैठ गए नगर आयुक्त द्वारा कहा गया कि पार्षद कावड़ सेवा में व्यवधान पैदा कर रहे हैं तथा जिन लोगों को मिनट्स टाइप करनी है वह लोग कावड़ ड्यूटी में लगे हुए हैं और आप लोग उन पर दबाव बना रहे हैं।



हमने उनसे कहा की मिनिट्स तो एक ही व्यक्ति टाइप करता है आपके कहने पर कर्मचारी काम नहीं कर रहे ऐसा लगता है कि अधिकारी कावड़ सेवा से बचना चाह रहे हैं इस अवसर पर पार्षद नीरज गोयल हिमांशु शर्मा गौरव सोलंकी कुसुम मनोज गोयल शिवम शर्मा मुलायम सिंह शशि पवन गौतम उदित मोहन पूनम सिंह देवनारायण शर्मा संतोष सिंह नरेश भाटी राजकुमार भाटी भूपेंद्र उपाध्याय ओमपाल भाटी मनोज त्यागी अमित त्यागी थान सिंह कश्यप विनील दत्त रीना गौतम जाकिर अली पवित्रा चौधरी डॉ अनिल तोमर धीरेंद्र बिल्लू दिलशाद शिल्पा चौधरी अनुज त्यागी राधेश्याम त्यागी अभिनव जैन सुधीर राजेश यादव हरीश कदाकोटी पूर्व पार्षद राजेश शर्मा पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल पूर्व पार्षद मनोज चौधरी पूर्व पार्षद राकेश त्यागी पूर्व पार्षद गोपाल गोपाल दत्त करगेती उपस्थित रहे उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश युवा महामंत्री राजू छाबड़ा राष्ट्रीय व्यापार मंडल के अध्यक्ष अशोक भारती संजीव लोहिया विनय सिंगल विक्रम सैनी संजीव करनवाल किसान मोर्चा रविंदर भाटी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष गोपीचंद महामंत्री अशोक चावला कवि नगर रेजिडेंस फेडरेशन के महासचिव लालचंद शर्मा वरिष्ठ अजय जैन सहित बड़ी संख्या में समाजसेवियों ने अपना समर्थन दिया।

## मोदीनगर के किल्होड़ा में रालोद ने चलाया सदस्यता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मोदीनगर।** राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय चौधरी जयंत सिंह जी के आदेश अनुसार रालोद द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान की कड़ी में आज किलहोड़ा गांव में पूर्व सदस्य जिला पंचायत मास्टर रंजीत उर्फ पप्पन द्वारा चलाया गया प्रोग्राम के मुख्य अतिथि बागपत सांसद डॉ राजकुमार सां. गवान रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने की और संचालन क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी भुल्लन ने किया।




सभी वक्ताओं ने अपने विचार रखें डॉ राजकुमार सांग. वान ने कहा रालोद स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी द्वारा बनाई हुई किसान मजदूर की हितैषी पार्टी है। चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी व जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने कहा हमारी कोशिश है कि राष्ट्रीय लोकदल में हर वर्ग का आदमी सदस्यता अभियान से जुड़े आज जितने भी लोगों ने राष्ट्रीय लोकदल का दामन थामा है और सदस्य बने हैं सभी का पार्टी में हार्दिक स्वागत है और हमें पूरी उम्मीद है की सभी पार्टी में बढ़ चढ़कर काम करके पार्टी को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ चैयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, सुनील रोहटा, रणबीर दहिया प्रदेश सचिव, अरुण चौधरी भुल्लन क्षेत्रीय महासचिव, योगेंद्र पतलाश मनोज त्यागी मोदीनगर शहर अध्यक्ष, जिला महासचिव चंद्रपाल डायरेक्टर, विधानसभा अध्यक्ष आलोक सिंह, जिला उपाध्यक्ष जयवीर नेहरा, कृष्ण चैंपियन, जिला उपाध्यक्ष मनोज राठी रामावतार त्यागी बृजपाल सिंह अमराला, मोहित व सुधीर तोमर अतरौली, गजेंद्र मास्टर जी ईसापुर आदि इस अवसर पर दर्जनों गांव के लोग मौजूद रहे।

# लाखों कांवड़िएं भगवान दूधेश्वर का जलाभिषेक करेंगे: नारायण गिरि

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** सावन शिवरात्रि 23 जुलाई को है और उस दिन सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर में लाखों कांवड़िएं व शिवभक्त भगवान दूधेश्वर का जलाभिषेक करेंगे। जलाभिषेक के लिए देश भर से कांवड़िएं व शिवभक्त मंदिर आएंगे।

मंदिर के पीठाधीश्वर, श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता व दिल्ली संत महामंडल के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि दूधेश्वर मंदिर सिद्धपीठ है और यहां भगवान शिव स्वयं भगवान दूधेश्वर के रूप में अपने भक्तों के कष्ट दूर करने और अपनी कृपा की बारिश से उनके जीवन को सुख-समुद्धि व खुशहाली से भरने के लिए विराजमान हैं।



मंदिर में तीन दिवसीय कांवड़ मेला 21 जुलाई से शुरू हो जाएगा। 22 जुलाई को त्रयोदशी का जल चढेगा। सावन का पहला प्रदोष व्रत 22 जुलाई यानी मंगलवार को रखा जाएगा। मंगलवार होने की कारण ही इस प्रदोष व्रत को भौम प्रदोष व्रत के रूप में जाना जाएगा। भौम प्रदोष का व्रत ऋणमोचन के लिए रखा जाता है। त्रयोदशी तिथि 22 जुलाई को सुबह 7.06 बजे लगेगी और देर रात 2.29 बजे समाप्त होगी।

वहीं चतुर्दशी तिथि 23 जुलाई को सुबह 04.बजे से पूरा दिन कावड़ का जल चढ़ाने का दिन शुभ है जो कि 23/24 की रात 2 बजे तक रहेगा कांवडिये भक्त पूरे दिन किसी भी समय जल चढाये पूरा दिन शुभ है सावन की शिवरात्रि 23 जुलाई को होगी और उसी दिन व्रत रखकर भगवान दूधेश्वर का जलाभिषेक किया जाएगा। मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गर्ग ने बताया कि मंदिर में देश भर से जलाभिषेक के लिए आने वाले कांवड़ियों को हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है और सावन शिवरात्रि के लिए विशेष प्रबंध किया जाएगा ताकि कांवड़ियों को जलाभिषेक के दौरान कोई परेशानी ना हो।

मंदिर के मीडिया प्रभारी एस आर सुथार ने बताया कि मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज के निर्देशन व मार्गदर्शन में सावन शिवरात्रि पर ऐसी शानदार व्यवस्था रहेगी कि लाखों की संख्या के बावजूद किसी भी कांवड़िए को जलाभिषेक में कोई परेशानी नहीं होगी। जिलाधिकारी दीपक मीणा, पुलिस आयुक्त जे रविंद्र गौड, महापौर सुनीता दयाल, नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा हर प्रकार की व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई हैं और वे खुद सभी व्यवस्थाओं पर नजर रख रहे हैं ताकि किसी प्रकार की कोई भी असुविधा शिवभक्त को ना हो।

श्रृंगार सेवा समिति के अध्यक्ष विजय मित्तल व उनकी टीम द्वारा सावन की शिवरात्रि पर भगवान दूधेश्वर का भव्य व आलौकिक श्रृंगार किया जाएगा।


### संबंध विच्छेद

मैं बिजेन्द्र पुत्र कालीचरण निवासी- ए- 174, संगम विहार लोनी देहात थाना- लोनी बॉर्डर जिला- गाजियाबाद अपने पुत्र शिवम को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में अपने कृत्यों का ये स्वयं जिम्मेदार होगा।

### संबंध विच्छेद

मैं अवधेश कुमार पुत्र बालक राम निवासी- इतवार बाजार विकास कुंज थाना- लोनी बॉर्डर जिला- गाजियाबाद अपने अरविन्द व पुत्रवधु नैंसी को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में अपने कृत्यों के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### अदालती सूचना

**प्रारूप संख्या 1 क**
**( सिविज प्रक्रिया संहिता का आदेश 5 नियम १० )**
**न्यायालय सिविल जज**
**( सी0डि0 ) गाजियाबाद**
**मूल वाद सं0- 236 सन् -2025**
**( कम्प्यूटर नं0-262 / 2025 )**

राजपाल सिंह पुत्र श्री भागमल सिंह निवासी ग्राम बंथला परगना व तहसील लोनी जिला गाजियाबाद।
..... वादी

**बनाम**

1. महीपाल सिंह भागमल। 2. सुरेन्द्र पुत्र भागमल, निवासीगण ग्राम बंथला परगना व तहसील लोनी जिला गाजियाबाद। 3. ज्ञानी पुत्र नामालूम निवासी ग्राम जावली तहसील लोनी जिला गाजियाबाद। 4. जितेन्द्र पुत्र नामालूम निवासी ग्राम जावली तहसील लोनी जिला गाजियाबाद।
..... प्रतिवादीगण।

राजपाल सिंह पुत्र श्री भागमल सिंह ने महीपाल आदि, आपके विरुद्ध उक्त वाद संस्थित किया है, व्यादेश की डिक्री के लिए आवेदन दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 07.08.2025 को दिन में 10.00 बजे उत्तर देने के लिए व्यक्तिगत रूप से या अधिवक्ता द्वारा उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए सम्मन किया जाता है जिसमे असफल रहने पर वाद/आवेदन का एकपक्षीय निस्तारण किया जाएगा।

आज यह तारीख 29.05.2025 के आदेशानुसार मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।

**आदेशानुसार**
**तरूण कुमार**
**( मुंसरिम )**
**सिविल जज ( सी0डि0 ) गाजियाबाद।**

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि भवन सख्या-B-303, गुल मोहर ग्रीन, राजीव कॉलोनी, पिन संख्या-MN67475 गाजियाबाद नगर निगम के मोहन नगर जोन सम्पत्तिकर अभिलेखों में वर्तमान में दर्ज नाम **आलोक दुबे के स्थान पर श्रीमती रतन दुबे व आनन्द दुबे** के द्वारा अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु गृह स्वामी का मृत्यु प्रमाण-पत्र के साथ शपथ-पत्र, पहचान-पत्र, पारिवारिक सदस्यों की सूची/ वारीसान/ प्रमाण-पत्र/ वसीयतनामा एवं निर्धारित नाम परिवर्तन शुल्क जमा कर ऑन-लाईन आवेदन किया गया है।

आवेदक/ आवेदिका के प्रार्थना-पत्र व संलग्न साक्ष्यों के आधार पर भवन सख्या-B-303, गुल मोहर ग्रीन, राजीव कॉलोनी, साहिबाबाद, गाजियाबाद पर नाम परिवर्तन किये जाने से पूर्व नियमानुसार **नगर निगम अधिनियम- 1959 की धारा-213 ( 1-बी )** का नोटिस सम्बन्धित पक्षों को पूर्व में दिनांक 18.07.2025 को जारी किया जा चुका है।

यदि उपर्युक्त भवन के नाम परिवर्तन किये जाने पर किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो वह समाचार-पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्यों सहित जोनल कार्यालय मोहन नगर जोन, गाजियाबाद नगर निगम में प्राप्त करा सकते है। नियत समयावधि 15 दिवस के अन्दर कोई आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में आवेदक/आवेदिका **श्रीमती रतन दुबे व आनन्द दुबे** का नाम भवन सख्या-ठ-303, गुल मोहर ग्रीन, राजीव कॉलोनी पर दर्ज कर दिया जायेगा।

**कर अधीक्षक**
**मोहन नगर जोन**
**गाजियाबाद नगर निगम।**

# बच्चे को कत्ल कर बोरे में बांधकर तालाब में फेंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लोनी इलाके से एक दस साल के बच्चे का किडनैप करके गला घोटकर हत्या कर दी। शव को नरेला औद्योगिक क्षेत्र इलाके में स्थित तालाब में फैंक दिया। गाजियाबाद पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर शनिवार सुबह शव को बरामद कर लिया। शव को बाबू जगजीवन राम अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शुरूआती जांच में शव को देखकर लग रहा है कि बच्चे की गला घोटकर हत्या की है,लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या कैसे हुई और कब हुई पता लग पाएगा। फिलहाल गाजियाबाद पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

जानकारी के मुताबिक नरेला औद्योगिक क्षेत्र इलाके में गाजियाबाद लोनी पुलिस एक आरोपी को लेकर आई थी। जिसकी निशानदेही पर एक तालाब की जांच करते वक्त एक बोरे से करीब दस साल के बच्चे की लाश पड़ी हुई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये मोर्चरी में रखवा दिया। सूत्रों की की मानें तो शव दस साल के बच्चे का है। जो अपने माता पिता रवि और पूजा के साथ सेवा धाम,महामाया कुंज स्थित एक गली में

- **आरोपी के पकड़े जाने के बाद गाजियाबाद पुलिस ने शव को बरामद किया,पोस्टमार्टम के बाद हत्या कैसे की,बच्चे के साथ कोई गलत काम तो नहीं किया,पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का कर रही है इंतजार**
- **आरोपी ने बच्चे का किडनैप क्यों किया,कत्ल कहां किया और तालाब में किस रूट से किसी वाहन से आकर फैंका,पुलिस जल्द करेगी खुलासा**

रहता था। बीते दस जुलाई की सुबह करीब साढ़े नौ बजे से बच्चा लापता था। जिसकी गुमशुदगी स्थानीय थाने में भी दर्ज है। लोनी पुलिस बच्चे को तलाशने के लिये सीसीटीवी कैमरों में बच्चे और किडनैपर को तलाश रही थी। एक पुख्ता जानकारी के बाद यूपी के ही रहने वाले आरोपी को गाजियाबाद पुलिस ने ह्यूमैन सॉर्स की सहायता से गिरफ्तार किया।

पूछताछ करने के बाद उसकी निशानदेही पर शव को बरामद किया है। सूत्रों की मानें तो बच्चे का गला दबाकर हत्या की गई है। जिसके पीछे आरोपी को मकसद अपनी पहचान छुपाना था। आरोपी ने उसको घर के बाहर बच्चों के साथ खेलते वक्त किडनैप किया था। जब माता पिता को पता चला तो उसके पिता ने आसपास की कॉलोनी में जाकर बच्चे के बारे में जानकारी लेने की कोशिश की थी,लेकिन बच्चा नहीं मिला था। जिसके बाद स्थानीय पुलिस चौकी में मामले की

जानकारी दी थी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करके इलाके में लगे दर्जनों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल. कर बच्चे को तलाशने की कोशिश की थी। माता पिता ने बताया था कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं हैं। उनको किसी पर शक भी नहीं हैं। आर्थिक तंगी से हम वैसे ही परेशान हैं,तो हमारे बच्चे को किडनैप करने से आरोपी को क्या फायदा होगा। मामले में पुलिस सूत्रों का कहना है कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है,जिसमें पता करने की कोशिश की जा रही है कि उसने बच्चे के साथ कोई गलत काम तो नहीं किया था। इस मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी इंतजार किया जा रहा है। आरोपी ने बच्चे को किडनैप करने के बाद कहां कहां पर कैसे ले गया। उसको नरेला औद्योगिक क्षेत्र इलाके में ही क्यों फैंका,उसने हत्या कहां पर की थी। हत्या के पीछे क्या कारण था ऐसे कई सवाल हैं,जिसके बारे में गाजियाबाद पुलिस मामले का खुलासा करेगी।

# लाख रुपये में चेक गणराज्य भेजने को नकली दस्तावेज का इस्तेमाल, पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** चेक गणराज्य का नकली पासपार्ट बनवाने वाले एक गुजरात एजेंट मोहम्मद फरहान रंगरेज को आईजीआई पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते पांच जुलाई को वृंदावन सोसाइटी, गांधी नगर, गुजरात, अदीस–अबाबा में रहने वाला सोनी तुषार कुमार जयंती आईजीआई एयरपोर्ट आया था। जिसको साओ–पाउलो, ब्राजील के लिए विमान में चढने से मना कर दिया गया था और एयरलाइन कर्मचारियों ने उसे आगमन आव्रजन मंजूरी के लिए सौंप दिया था। दस्तावेजों की जाँच करने पर पता चला कि उसका चेक गणराज्य का पासपोर्ट नकली था। जिसके कुछ पृष्ठों पर नकली भारतीय आव्रजन टिकट और नकली भारतीय ई–वीजा टिकट लगे हुए थे। सोनी तुषार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया। पूछताछ करने पर पता चला कि उसके कुछ दोस्त जल्दी पैसा कमाने के लिए विदेश गए थे, इसलिए उसने भी आसानी से पैसा कमाने और बेहतर आजीविका के लिए विदेश जाने की योजना बनाई। विदेश जाने की कोशिश में, उसकी मुलाक. ात राजकुमार उर्फ आरके नामक एक अन्य एजेंट के माध्यम से फरहान नामक एक एजेंट से हुई। एजेंट फरहान ने उसे ४० लाख रुपये के बदले विभिन्न देशों के रास्ते अवैध रूप से अमेरिका भेजने का आश्वासन दिया था। एजेंट फरहान ने अपने सहयोगियों की मदद से पहले उसके पासपोर्ट पर बैंकॉक, दुबई और सिंगापुर की यात्रा की व्यवस्था की और फिर नकली चेक गणराज्य के पासपोर्ट पर अदीस अबाबा, इथियोपिया की यात्रा की व्यवस्था की। अदीस अबाबा हवाई अड्डे पर आव्रजन मंजूरी के दौरान, उसे साओ–पाउलो, ब्रा. जील के लिए बोर्डिंग से मना कर दिया गया। इसके बाद उसे वापस भारत भेज दिया गया। एसएचओ विरेन्द्र त्यागी के निर्देशन में पुलिस टीम ने एजेंट फरहान के संभावित ठिकानों पर छापेमारी की,उसके खिलाफ गैर–जमानती वारंट जारी किये गए।

# एमसीडी ने किया स्वच्छता वॉकथॉन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्वच्छता के प्रति जन–जागरूकता बढ़ाने और नागरिक सहभागिता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से दिल्ली नगर निगम ने "सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ २.०" अभियान के तहत कुदेसिया पार्क, सिविल लाइंस में स्वच्छता साइक्लोथॉन/ वॉकथॉन का आयोजन किया। य ह कार्यक्रम सुबह ७:१५ बजे से ८:३० बजे तक आयोजित किया गया, जिसमें नागरिकों, एमसीडी अधिकारियों, सफाईकर्मियों, युवा स्वयंसेवकों और ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता और सफाई के प्रति जागरूकता फैलाना तथा मच्छर जनित रोगों के खिलाफ सामूहिक प्रयास को प्रोत्साहित करना था।

इस कार्यक्रम का नेतृत्व करोल बाग एवं सिटी एसपी जोन की उपायुक्त सुश्री स्वेतिका सचान ने किया। उन्होंने एक स्वच्छ और स्वस्थ दिल्ली के निर्माण में जनभागीदारी की महत्ता पर जोर दिया और नागरिकों से नगर निगम के स्वच्छता एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम के प्रयासों में सक्रिय सहयोग की अपील की। यह पहल एक व्यापक अभियान का हिस्सा है, जिसे १ जुलाई से 31 जुलाई तक "सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ" की थीम पर आयोजित किया जा रहा है।

## आभूषण लूटने वाला धरा

**नई दिल्ली।** सुभाष प्लेस थाना क्षेत्र में व्यापारी के कर्मचारी को चाकू मारकर 50 लाख से अधिक के सोने व चांदी के आभूषण लूटने वाले भगोड़ा घोषित बदमाश को क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपित ने तीन साथियों के साथ मिलकर हथियार के बल पर पाश इलाके में वारदात को अंजाम दिया।



**स्वच्छता के प्रति जन–जागरूकता बढ़ाने को लेकर दिल्ली नगर निगम ने 'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ ' अभियान के तहत कुदेसिया पार्क, सिविल लाइंस में स्वच्छता साइक्लोथॉन/ वॉकथॉन का आयोजन किया।**

# ड्रग सिंडिकेट का पर्दाफाश एक करोड़ 35 लाख की ड्रग्स जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बरेली और रामपुर से लेकर दिल्ली–एनसीआर और पंजाब तक फैले एक सुव्यवस्थित नार्को–नेटवर्क का अपराध शाखा ने पर्दाफाश करते हुए तीस लाख रुपये की १.५ किलोग्राम अल्प्राजोलम और सवा करोड़ रुपये की ६०६ ग्राम हेरोइन बरामद करने के साथ दो तस्करों

यूपी के रहने वाले महेन्द्र पाल और नत्थू खान को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरो. पियों के दिल्ली एनसीआर में फैले नेटवर्क के बारे में पता लगाने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी रमेश चंद्र की देखरेख में इंस्पेक्टर मनमीत मलिक के निर्देशन में पुलिस टीम ने एक पुख्ता जानकारी के बाद आरोपी महेंद्र पाल को हरिजन बस्ती, गाजीपुर के पास से गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से १.५४३ किलोग्राम अल्प्रा जोलम और २९६ ग्राम हेरोइन बरामद की थी।

पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला कि अल्प्राजोलम का इस्तेमाल हेरोइन की क्षमता बढ़ाने के लिए किया जाता है। वह रामपुर से अल्प्राजोलम और बरेली से हेरोइन खरीदता था और उसे दिल्ली और पंजाब में सप्लाई करता था।

# समाधान–केंद्रित मीडिया पर सम्मेलन आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ब्रह्मा कुमारी संस्था के मीडिया विंग द्वारा आयोजित एक दिवसीय मीडिया सम्मेलन आज हरि नगर स्थित राजयोग मेडिटेशन सेंटर में आयोजित किया गया। विकसित भारत की ओर समाधान केंद्रित मीडिया पर अखिल भारतीय अभियान के हिस्से के रूप में आयोजित इस सम्मेलन में दो सत्र थे, जिनमें एकता, विश्वास और विकास को बढ़ावा देना: मीडिया की भूमिकाऔर आध्यात्मिकता और तनाव मुजीवन पर प्रेरक वार्ता पर चर्चा की गई । जिसमें लगभग 100 मीडिया कर्मियों एवं श्रमजीवी जर्नलिस्ट ने भाग लिया। इस अवसर पर बधाई देते हुए दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रधान कार्यकारी निदेशक (कॉर्पोरेट संचार) अनुज दयाल ने अपने आध्यात्मिक अनुभव को साझा करते हुए कहा कि राष्ट्र के विकास को एकता व विश्वास जैसे मूल्य गति देते हैं। अपने दिल्ली मेट्रो में प्रारंभ से अब तक की यात्रा में मीडिया ने सहयोग किया है। जो आज मेट्रो में 70 लाख लोग रोज यात्रा करते हैं और दिल्ली मेट्रो 400 किलोमीटर फैल गई है। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा 7 दिन के आध्यात्मिक ज्ञान और राजयोग कोर्स को सरलता से दिया जाता है। यह राजयोग ध्यान सदा खुश रहने के लिए सहायक है, इसलिए इस संस्था से विश्व के लाखों लोग जुड़े है और विश्व के लगभग सभी देशों में संस्था के सेवाकेंद्र हैं। ससे हम समाज के परिवर्तन में सहयोगी बनेंगे।

उन्होंने आगे कहा कि स्वयं को आध्यात्मिक ऊर्जा से चार्ज कर आंतरिक प्रसन्नता एवं आनंद को बढ़ा सकते हैं। इस अवसर पर आर्शिवचन देते हुए दिल्ली, यूपी और हरियाणा में स्थित लगभग 150 राजयोग मेडिटेशन केंद्रों की निदेशका राजयोगिनी बीके शुक्ला ने कहा कि ब्रह्मा कुमारी संस्था की इस साल की थीम 'मेडिटेशन द्वारा विश्व एकता, विश्वास विकास'ही आज के उदघाटन सत्र का मुख्य विषय है। उन्होंने कहा कि आज त्याग का स्थान तृष्णा ने, विश्वास का स्थान संदेह ने ले लिया है तो जीवन में कैसे श्रेष्ठता, शुद्धता आ सकती है।

# एचपीवी डीएनए टेस्ट देगा सर्वाइकल कैंसर से राहत

**नई दिल्ली।** ३० साल की उम्र के बाद महिलाएं एचपीवी (ह्यूमन पेपिलोमावायरस) डीएनए (डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड) टेस्ट से पांच साल की राहत पा सकती हैं। ये जांच न केवल सर्वाइकल कैंसर की पहचान कर सकता है, बल्कि एचपीवी के संक्रमण को पकड़ सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे बड़ा कैंसर है। हर साल देश में एक लाख २७ हजार नए मामले सामने आते हैं। करीब ८० हजार महिलाएं इस कैंसर के कारण दम तोड़ देती हैं। जबकि समय पर इस कैंसर या इसके संक्रमण की पहचान से इलाज संभव है। डॉक्टर का कहना है कि स्क्रीनिंग के माध्यम से मरीज को शुरुआती चरण में ही पहचाना जा सकता है इसमें एचपीवी डीएनए एक कारगर टेस्ट है। यह पैप स्मीयर टेस्ट के मुकाबले ज्यादा कारगर है जो सटीक परिणाम देता है। एम्स के रेडिएशन ऑनकोलॉजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अभिषेक शंकर ने बताया कि ३० साल के बाद महिलाएं एचपीवी डीएनए टेस्ट को करवा सकता है। इस जांच के बाद पता चल जाएगा कि उक्त महिला में एचपीवी का संक्रमण, कैंसर है या नहीं। साथ ही अगले पांच साल में इसके होने की आशंका का आंकलन लगाया जा सकता है। इस जांच से ९५ फीसदी तक सटीक अनुमान लगाया जा सकता है।

# एनकाउंटर में इरानी गैंग के दो बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंद्रप्रस्थ इलाके में शुक्रवार की देर रात एनकाउंटर के बाद गिरफ्तारी का एक मामला सामने आया है।

थाना हजरत निजामुद्दीन और दक्षिण–पूर्व जिले की एसटीएफ टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए इरानी गैंग के दो बदमाशों मुर्तजा और सिराज अली को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से पिस्टल और चोरी की बाइक बरामद की है। देर रात हुए इस एनकाउंटर में बदमाशों के पैरों में गोली लगी।

इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार, दक्षिणी पूर्वी जिले के थाना हजरत निजामुद्दीन और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के बाद ईरानी गैंग के दो बदमाशों मुर्तजा अली उर्फ डामर और सिराज अली को गिरफ्तार किया है।एनकाउंटर के बारे में बताया गया कि पुलिस द्वारा रोकने पर बदमाशों ने टीम पर फायरिंग कर दी।

जवाब में पुलिस को भी गोली चलानी पड़ी। इसमें एक गोली सिपाही राजेंद्र की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी। जवाबी कार्रवाई में दोनों आरो. पितों के पैर में गोली लगने से वे घायल हो गए। पुलिस ने मौका–ए–वारदात से इनसे दो पिस्तौल, छह कारतूस और एक चोरी की बाइक बरामद की है।मुर्तजा पर ४६ आपराधिक केस दर्ज हैं जबकि सिराज अली भी आर्म्स एक्ट में संलिप्त रहा है। दोनों दिल्ली–एनसीआर में डकैती की योजना बना रहे थे। श्शकल देर रात, दक्षिण–पूर्वी दिल्ली एसटीएफ की टीमों की इंद्रप्रस्थ पार्क के पास ईरानी गिरोह के दो सदस्यों से मुठभेड़ हो गई।

दोनों दिल्ली भर में कई लूटपाट के मामलों में वांछित थे। हजरत निजामुद्दीन पुलिस से मिली सूचना के आधार पर, एसटीएफ ने इलाके की घेराबंदी कर दी। संदिग्ध मुर्तजा अली और सिराज अली ने गोलीबारी की, लेकिन जवाबी गोलीबारी में उनके पैरों में गोली लग गई। उन्हें घायल अवस्था में सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया।




**हरि नगर स्थित राजयोग मेडिटेशन सेंटर में ब्रह्मा कुमारी संस्था के मीडिया विंग द्वारा आयोजित मीडिया सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए राजयोग मेडिटेशन केंद्रों की निदेशका राजयोगिनी बीके शुक्ला आदि।**

# मामूली विवाद में कर दी थी युवक की हत्या, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** द्वारका जिले के मोहन गार्डन थाना क्षेत्र में मामूली विवाद में युवक की हत्या कर फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सिपत्तर सिंह उर्फ राजू (२८) के रूप में हुई है। आरोपी बदायूं उप्र का रहने वाला है। पुलिस टीम ने उसकी गिरफ्तारी के लिए बदायूं और हरिद्वार में भी छापेमारी की थी।

द्वारका जिला डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार सात जुलाई की रात करीब ११.१५ बजे मोहन गार्डन इलाके में रहने वाले गौतम के घर पर एक झगड़े के दौरान संदीप तिवारी नामक व्यक्ति पर चाकू से हमला किया गया। गौतम ने पुलिस को बताया कि वह २ जुलाई को संदीप तिवारी और सिपत्तर सिंह के साथ उज्जैन गया था और चार जुलाई को दिल्ली वापस आया। सात जुलाई को रात करीब ११ बजे संदीप उसके घर आया, कुछ देर में राजेश भी वहां पहुंचा। थोड़ी देर में सिपत्तर आया और गौतम से किसी बात को लेकर झगड़ पड़ा। उस समय संदीप और राजेश ने बीच–बचाव कर झगड़ा शांत कराया और सिपत्तर वहां से चला गया। लेकिन करीब १५ मिनट बाद सिपत्तर वापस लौटा और उसने संदीप तिवारी पर चाकू से हमला कर दिया। घायल अवस्था में संदीप को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की मगर वह अपने घर से फरार हो गया। डीसीपी के अनुसार पुलिस टीम ने आरोपी के मोबाइल नंबर से उसकी लो. केशन खंगाली तो वह पहले बदायूं में मिली।

# फीस बढ़ोत्तरी के खिलाफ अभिभावकों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** फीस बढ़ोतरी समेत अन्य मांगों के लिए यूनाइटेड पेरेंट्स वॉयस ने शनिवार को जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सैंकड़ों अभिभावकों ने यूपीवी के बैनर तले ३७ स्कूलों की मनमानी के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। अभिभावकों ने स्कूलों पर मनमानी फीस वृद्धि करने का आरोप लगाया। साथ ही दिल्ली सरकार के शुल्क विनियम अध्यादेश २०२५ को बिना परामर्श के पारित करने का आरोप लगाते हुए इसे वापस लेने के लिए की मांग की। अभिभावकों ने आरोप लगाया कि यह अध्यादेश बिना उचित परामर्श के लागू किया गया है, जो शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी को दर्शाता है। इसके अलावा अभिभावकों ने निजी स्कूलों का छात्रों के उत्पीड़न और अनधिकृत शुल्क वसूली के खिलाफ आवाज उठाई। इस अवसर पर अभिभावकों ने शुल्क विनियमन अध्यादेश २०२५ को तत्काल वापस लेने, निजी स्कूलों को अनुमोदित शुल्क का भुगतान नहीं कर पाने वाले छात्रों को परेशान करने से रोकने, निजी स्कूलों को शिक्षा विभाग के नियमों का सख्ती से पालन करने और फॉरेंसिक ऑडिट कराए जाने की मांग की है।

# सेंटर फॉर सोशल इनोवेशन एण्ड इम्पैक्ट का अनावरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट, नोएडा ने सेंटर फॉर सोशन इनोवेशन एण्ड इम्पैक्ट के लॉन्च की घोषणा की है। 'मैनेजमेन्ट की शिक्षा हमारे संचालन का बढ़ा हिस्सा बनाती है, लेकिन हमें संस्थान की सीमाओं को आगे बढ़ाते हुए कुछ नया करना है। मुझे विश्वास है कि यह नया सेंटर तेजी से विक. सित होगा, बहुत से लोग इसके साथ जुड़ेंगे।' प्रोफेसर सुभाज्योति रे, डायरेक्टर, जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट नोएडा ने कहा।

सेंटर का आधिकारिक लॉन्च मुख्य अतिथि डॉ अनिल के. गुप्ता, प्रोफेसर, आईआईटी रूड़की, चन्द्र मिश्रा, संस्थापक– सीईओ, बेगर्स कॉर्पोरेशन; सुशील खोसला, हैड– ऑपरेशन्स मैनेजमेन्ट, सीएसआर, टीसीएस, अनूप राऊ, मैनेजिंग डायरेक्टर, चीफ एक्जक्टिव ऑफिसर, फ्यूचर जनरली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी; डॉ प्रवाकर साहु, प्रोग्राम डायरेक्टर, नीति आयोग, प्रोफेसर सुभाज्योति रे, डायरेक्टर, जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट नोएडा, और डॉ अमरनाथ त्रिपाठी, चेयरपर्सन, सीएसआईआई की मौजूदगी में हुआ। 'मेरे लिए सम्मान की बात है कि मैं अडवाइजरी कमेटी और जयपुरिया इंस्टीट्यूट के साथ जुड़ा हूं।

संस्थान के चारों कैंपस के पास टैग ऑफ एक्सीलेन्स है। डॉ. अनिल के. गुप्ता, प्रोफेसर, आईआईटी रूड़की ने कहा। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए अनूप राऊ, मैनेजिंग डायरेक्टर, चीफ एक्जक्टिव ऑफिसर, फ्यूचर जनरली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी ने कहा, मेरा मानना है कि भारत के शिक्षा संस्थान केवल एकेडमिक पहलु पर ध्यान देते हैं, वे वास्तविक प्रभाव उत्पन्न नहीं कर पाते।

# तिलक नगर में खोला शोरूम

**नई दिल्ली।** होंडा मोटर साइकिल एवं स्कूटर ने दिल्ली के तिलक नगर में अपना नया अत्याधुनिक एआरके होंडा शोरूम लॉन्च किया है। यह शोरूम होंडा की लोकप्रिय पेट्रोल स्कूटर, मोटरसाइकिल और इलेक्ट्रिक स्कूटर की विविध रेंज ग्राहकों के लिए उपलब्ध कराता है, जिससे हर परिवार और हर उम्र के लिए उपयुक्त विकल्प आसानी से मिल सकेंगे।इस अवसर पर होंडा मोटरसाइकिल एवं स्कूटर इंडिया के निदेशकयोगेश माथुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। माथुर ने कहा, ARK होंडा शोरूम कंपनी की ग्राहकों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जहाँ वे पेट्रोल और इलेक्ट्रिक वाहनों को एक ही छत के नीचे देखकर समझ सकते हैं।

# क्योंकि सास भी कभी बहू थी का नया प्रोमो हुआ जारी

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस हमेशा से ही भावनाओं से जुड़ी और भारतीय संस्कृति से गहराई से जुड़ी फैमिली ड्रामा कहानियां दिखाने में आगे रहा है।

इस चैनल ने हमेशा भारतीय टीवी की कहानी कहने की सीमा को आगे बढ़ाया है और अपने दर्शकों से जुड़ाव बनाए रखा है, खासकर रिश्तों, परिवार की परंपराओं और बदलते दौर के परिवारिक रिश्तों की कहानियों के जरिए। इन्हीं में से एक थी क्योंकि सास भी कभी बहू थी, जो ना सिर्फ सास–बहू शोज की परिभाषा बदलने वाली बनी, बल्कि करोड़ों लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा भी। शो के नए सीजन की घोषणा ने सोशल मीडिया पर पहले ही हलचल मचा दी थी, और जैसे ही पहला प्रोमो रिलीज हुआ, दर्शकों का उत्साह और भी बढ़ गया। पुराने थीम सॉन्ग की धुन ने नॉस्टैल्जिया का असर ऐसा किया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर जबरदस्त रिस्पॉन्स देखने को मिला। प्रोमो ने सिर्फ नए सीजन की झलक ही नहीं दी, बल्कि तुलसी का लुक भी सामने आया जिसमें वही गरिमा और मजबूती झलक रही थी, जिसकी वजह से वो हमेशा फैंस की फेवरेट रही हैं।

# बिजली के आधारभूत ढांचे के विस्तार को मास्टर प्लान तैयार करने का निर्देश दिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने ऊर्जा सचिव, दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड (डीटीएल) और बिजली वितरण कंपनियों टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड (टीपीडीडीएल), बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (बीआरपीएल) और बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड (बीवाईपीएल) के अधिकारियों के साथ बैठक कर ऊर्जा सचिव को बिजली के आधारभूत ढांचे के विस्तार के लिए मास्टर प्लान तैयार करने का निर्देश दिया है।

डीटीएल ने मार्च २०२९ तक की प्रस्तावित ऊर्जा क्षमता वृद्धि योजना प्रस्तुत की। वर्ष २०२८–२९ तक नए सब स्टेशन की स्थापना और पुराने सबस्टेशनों की मरम्मत कर पारेषण क्षमता बढाने का लक्ष्य है। उस समय कुल पारेषण क्षमता लगभग २४,००० एमवीए होगी, जबकि अनुमानित मांग ११,००० एमवीए के आस–पास रहने की संभावना है।गोपालपुर और टिकरी खुर्द में दो नए सबस्टेशन भी स्थापित कर दिए जाएंगे, जिससे ४००० एमवीए की बिजली क्षमता बढ़ेगी। अधिकारियों ने बताया कि निविदा प्राप्त नहीं होने से वर्ष २०२२–२३ से यह काम लंबित है। अब योजना तैयार है और इसे बोर्ड की स्वीकृति के लिए लाया जाएगा। तीनों डिस्कॉम टीपीडीडीएल, बीआरपीएल और बीवाईपीएल दिल्ली के अलग–अलग क्षेत्रों में ६६ केवी/३३ केवी, ११ केवी के सब स्टेशन बनाने और एलटी स्तर के ट्रांसफार्मर की स्थापित करेंगे।

# मुठभेड़ में पशु चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस और पशु चोर गिरोह के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया, जबकि दो अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया। इनके कुछ साथी मौके से फरार हो गए जिनकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

सीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि यह घटना मंसूरपुर कट के पास हुई, जब थाना हापुड़ देहात प्रभारी विजय गुप्ता अपनी टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। पुलिस ने एक संदिग्ध छोटा हाथी वाहन को रोकने का इशारा किया लेकिन चालक ने भागने की कोशिश की। गोंदी कट के पास पहुंचने पर वाहन सवारों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई। इसमें मो.



हसीन नामक एक बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। पुलिस ने जुबैर और अमन नामक बदमाश को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। इनके बाकी साथी जंगल की ओर भागने में सफल रहे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मुठभेड़ के बाद बदमाशों के कब्जे से एक छोटा हाथी वाहन, एक भैंस, एक तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। गिरफ्तार किए गए बदमाशों की पहचान ग्राम रतुपुरा, थाना सिंभावली निवासी मोहसीन, मोहल्ला करीमपुरा, थाना हापुड़ नगर निवासी जुबैर और पुरानी चुंगी रामपुर रोड थाना हापुड़ नगर निवासी अमन के रूप में हुई है। घायल मोहसीन को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीओ ने बताया कि पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि वे दिन में रेकी करते थे और रात में मौका पाकर पशु चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। चोरी किए गए पशुओं को बेचकर वे आर्थिक लाभ कमाते थे। उन्होंने बताया कि बरामद की गई भैंस थाना हापुड़ देहात क्षेत्र से ही चोरी की गई थी। सीओ जितेंद्र कुमार शर्मा ने जानकारी दी कि इन दोनों बदमाशों के खिलाफ हापुड़ और आसपास के थानों में चोरी, गो. कशी और अन्य अपराधों के एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। सीओ ने बताया कि पुलिस को फरार हुए आरोपियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। सीओ जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि फरार बदमाशों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा और उनसे पूछताछ के आधार पर आगे की जांच जारी रहेगी।

# पश्चिमी यूपी में हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर हापुड़ बार एसोसिएशन ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद हाईकोर्ट की बेंच स्थापित करने की पुरानी मांग को एक बार फिर उठाया गया है। शनिवार को हापुड़ बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने इस संबंध में राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी ईला प्रकाश को सौंपा।

इस दौरान अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से खुद को अलग रखा जिसके चलते वादकारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कंसल और सचिव वीरेंद्र सिंह सैनी द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट प्रयागराज में स्थित है और इसकी एक बेंच लखनऊ में कार्यरत है जिसे आसपास के 15 जिलों का क्षेत्राधिकार प्राप्त है। वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 22 जिलों के मामले अभी भी इलाहाबाद हाईकोर्ट में ही देखे जाते हैं। ज्ञापन में इस बात पर जोर दिया गया कि सहारनपुर से इलाहाबाद हाईकोर्ट की दूरी 850 किलोमीटर से अधिक है, जबकि रामपुर और आगरा जैसे नजदीकी जिलों से भी यह दूरी 500 किलोमीटर से ज्यादा है। इतनी लंबी दूरी के कारण पश्चिमी उत्तर प्रदेश के वादकारियों को अपने मुकदमों की पैरवी के लिए भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जिसे अधिवक्ताओं और वादकारियों के साथ अन्याय बताया गया। ज्ञापन मे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना के साथ-साथ अधिवक्ताओं ने कई मांगें भी रखीं जैसे अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए। आत्मरक्षा के लिए अधिवक्ताओं को सुगमता से शस्त्र लाइसेंस प्रदान किए जाएं। उपजिलाधिकारी हापुड़ ईला प्रकाश ने बार एसोसिएशन को आश्वासन दिया कि ज्ञापन को उचित माध्यम से संबंधित अधिकारियों तक भेजा जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान हापुड़ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कंसल, सचिव वीरेंद्र सिंह सैनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष तेजवीर सिंह, अनिल शिशोदिया, खालिद खान, महेंद्र सिंह, पूर्व अध्यक्ष राम. निवास सिंह, अजीत चौधरी, अनिल आजाद, उज्जवल कंसल, संदीप त्यागी, सुधांशु शर्मा, रजत शर्मा, नासिर, अंकुर त्यागी सहित कई अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने मनाई आजादी के नायक मंगल पांडे की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शनिवार को कांग्रेसियों ने दिल्ली रोड स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आजादी के महान नायक पंडित मंगल पांडे की जयंती मनाई। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने मंगल पांडे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने मंगल पांडे को याद करते हुए कहा कि वह एक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने 1857 में भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। त्यागी ने बताया कि मंगल पांडे ईस्ट इंडिया कंपनी की 34वीं बंगाल इंफेन्ट्री के सिपाही थे।

पूर्व विधायक गजराज सिंह ने भारत के स्वाधीनता संग्राम में मंगल पांडे की महत्वपूर्ण भूमिका पर



प्रकाश डालते हुए बताया कि भारत सरकार ने उनके सम्मान में 1984 में एक डाक टिकट जारी किया था। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि मंगल पांडे ने गाय की चर्बी मिले कारतूस को मुंह से काटने से इनकार कर दिया था, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें गिरफ्तार कर 8 अप्रैल 1857 को फांसी दे दी गई थी। कांग्रेसजनों ने मंगल पांडे के जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके सिद्धांतों पर चलने का प्रण लिया। इस दौरान अनुशासन समिति के चेयरमैन अरविंद शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष सैय्यद अयाजुद्दीन, पूर्व शहर अध्यक्ष दिनेश चंद शर्मा, पूर्व शहर अध्यक्ष अभिषेक गोयल, विधि विभाग कांग्रेस जिला चेयरमैन रघुवीर सिंह एडवोकेट, जिला प्रवक्ता एडवोकेट शहजादा चौधरी, गढ़ ब्लॉक अध्यक्ष बिजेंद्र त्यागी, आईसी शर्मा, डाक्टर पदम सिंह, खुर्शीद आलम, कारी शौकत, कपिल शर्मा, प्रवीण शर्मा, हरीश गर्ग, विक्की शर्मा, अनुज कुमार एडवोकेट, पंकज शर्मा, गौरव गर्ग, निसार अहमद, जितेंद्र नागर, मेजर शौकीन चौधरी, शादाब सैफी, जित. ेंद्र सिंह, भरतलाल शर्मा, यशपाल ढिल्लो, धर्मेंद्र कश्यप, सुबोध शास्त्री, राहुल शर्मा, राकेश सिंह तो उन्हें जमील अहमद, अनमोल शर्मा, अनूप कर्दम, गोपाल भारती आदि सहित कई कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# क्यूब रूट फाउंडेशन ने क्षय रोगियों को वितरित किया पोषाहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नर सेवा ही नारायण सेवाश के मूल मंत्र का पालन करते हुए क्यूब रूट फाउंडेशन ने क्षय यानी टीबी रोगियों की सेवा में अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। जिलाधिकारी अभिषेक पांडे और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार त्यागी के कुशल मार्गदर्शन में स्वयंसेवी संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी से क्षय रोगियों को निरंतर सहयोग मिल रहा है।

इसी क्रम में शनिवार को साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गढ़मुक्तेश्वर में क्यूब हाइवे संस्था द्वारा वित्त पोषित क्यूब रूट फाउंडेशन ने लगातार चौथे माह 150 टीबी रोगियों को पोषाहार वितरित किया। इस अवसर पर क्यूब रूट फाउंडेशन के रूपेश सिंह ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा 21 जुलाई को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिंभावली पर भी 100 टीबी रोगियों को पोषाहार वितरित किया जाएगा। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. राजेश सिंह ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि क्यूब रूट फाउंडेशन निरंतर टीबी रोगियों को सहयोग प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी ने सभागार में उपस्थित टीबी रोगियों और उनके तीमारदारों को टीबी रोग के लक्षण, उपचार और निदान के विषय में विस्तार से जानकारी दी। चौधरी ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह या उससे अधिक समय से खांसी हो खांसी में बलगम या खून आए, वजन घटे, भूख कम लगे, रात्रि में सोते समय पसीना आए,



शरीर में गांठें हों, या हल्का बुखार रहे, तो यह संभावित टीबी हो सकती है। ऐसे में तुरंत अपने नजदीकी सरकारी अस्पताल जाकर जांच करानी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि भारत सरकार द्वारा सभी टीबी रोगियों को नि:शुल्क क्षय पोषण योजना के अंतर्गत प्रति माह 1000 रुपये दिए जाते हैं और सभी सरकारी अस्पतालों में टीबी की जांच एवं उपचार निशुल्क उपलब्ध है। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक गजेंद्र पाल, वरिष्ठ प्रयोगशाला पर्यवेक्षक रामसेवक, लैब टेक्नीशियन महेंद्र व टीबीएचवी लाखन उपस्थित रहे।

# उमराव सिंह मार्केट में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

## नगर पालिका की पहल से व्यापारियों में हलचल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नगर पालिका परिषद पिलखुवा द्वारा मंगलवार को शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र उमराव सिंह मार्केट में सड़क पर किए जा रहे पक्के अतिक्रमण के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही की गई। पालिका की टीम ने मौके पर पहुंचकर जेस. ीबी मशीन से पक्के निर्माणों को हटवाया और रास्ते को फिर से आमजन के लिए सुगम बनाया।

इस कार्रवाई का नेतृत्व अधिशासी अधिकारी और नगर पालिका की प्रवर्तन टीम ने किया। नगर निकाय की इस कार्रवाई से वर्षों से दुकानदारों द्वारा कब्जाई गई सार्वजनिक भूमि मुक्त हो सकी। मुख्य सड़क पर बनी पक्की सीढ़ियां, ठेलियां, लोहे की गुमटियां और कंक्रीट की रैंप को हटाया गया, जिससे यातायात में लगातार आ रही बाधा समाप्त हुई। नगर पालिका प्रशासन को बीते कुछ समय से स्थानीय नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों की ओर से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि उमराव सिंह मार्केट में फुटपाथ और सड़क किनारे व्यापारियों द्वारा पक्के अतिक्रमण कर रास्ता संकरा कर दिया गया है जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनती है। अधिशासी अधिकारी ने मीडिया से बातचीत में बताया नगर क्षेत्र में किसी भी प्रकार का पक्का अथवा अस्थाई अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस बीच कुछ दुकानदारों ने यह मांग भी रखी कि सभी क्षेत्रों में निष्पक्ष कार्रवाई होनी चाहिए। स्थानीय निवासियों ने इस कार्यवाही की सराहना करते हुए कहा कि इससे न केवल रास्ता चौड़ा हुआ है बल्कि नगर प्रशासन की सख्ती से यह संदेश भी गया है कि अब अतिक्रमण कर व्यापार चलाना आसान नहीं होगा। नगर पालिका परिषद ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में यदि फिर से अतिक्रमण किया गया तो बिना किसी पूर्व चेतावनी के ज़ब्ती की कार्रवाई की जाएगी और दोषियों पर जुर्माना भी लगाया जाएगा।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सुनी जन समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर धौलाना तहसील में जिलाधिकारी अभिषेक पांडे एवं पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानजय सिंह द्वारा जन सामान्य की समस्याएं, शिकायतें गंभीरता पूर्वक सुनी गईं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कीं, जिन्हें संबंधित विभागीय अधिकारियों के माध्यम से समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी अभिषेक पांडे ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनशिकायतों का निराकरण प्राथमिकता पर करते हुए प्रत्येक शिकायत का वास्तविक



एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। वहीं पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानजय सिंह ने पुलिस से संबंधित शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश देते हुए जन विश्वास बनाए रखने पर बल दिया। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं की अनदेखी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक विभाग अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी से करे। इस दौरान कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया तथा शेष शिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## एक नजर

### फ्लाईओवर पर मिला 40 वर्षीय व्यक्ति का शव, बीमारी से मौत की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना देहात क्षेत्र में देवनंदिनी फ्लाईओवर की सीढ़ियों पर शुक्रवार रात एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर देहात पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त मे जुट गई। पुलिस के मुता. बिक मृतक की पहचान 40 वर्षीय सुड्डे पुत्र सत्य प्रकाश निवासी भीम नगर थाना देहात के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। देहात थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि मृतक सुड्डे शराब पीने का आदी था और एड्स तथा टीबी की बीमारी से ग्रसित था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बीमारी के कारण उसका शरीर कमजोर हो गया था। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अमर शहीदों के जन्मोत्सव के अवसर पर ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी ने कार्यक्रम का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** 1857 के भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों के जन्मोत्सव के अवसर पर, आज ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी के उत्तर प्रदेश कार्यालय कुचेसर रोड चौपला पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और पत्रकार बंधुओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर या समर्थन से सरकार बनने पर महिलाओं, पुरुषों और वंचितों को लाभान्वित करने वाली प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं की घोषणा की। पंडित गोपाल शर्मा ने मिशन 2027 के तहत निम्नलिखित महत्वपूर्ण योजनाएं प्रस्तुत कीं। उत्तर प्रदेश के सभी सरक. ारी विद्यालयों में कक्षा एक से बारहवीं तक सभी छात्रों और छात्राओं को निशुल्क शिक्षा प्रदान कर उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाया जाएगा। कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों और छात्राओं को कॉलेज जाने के लिए एवं 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को बसों में निशुल्क बस यात्रा प्रदान की जाएगी। यूपी के सभी 18 मंडलों में एम्स की तर्ज पर कैंसर और हृदय रोगियों के लिए 24 घंटे उपलब्ध सुविधा युक्त अस्पतालों का निर्माण किया जाएगा। सभी शहरों, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों और नालियों का नवनिर्माण कर स्वच्छ एवं साफ वातावरण का लाभ जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। पंडित गोपाल शर्मा ने इन योजनाओं के माध्यम से उत्तर प्रदेश को एक समृद्ध, शिक्षित और सुरक्षित राज्य बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

### अवैध तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने चैकिंग के दौरान किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक घूम रहे एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध हथियार बरामद किया है।

बताया कि पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी तभी पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली तो उसके कब्ज़े से एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। जिसके बाद पुलिस उसे थाने ले आई। युवक की पहचान पंकज पुत्र नन्हे रूप मे हुई है। युवक की को गिरफ्तार कर लिया है जिस पर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

### जिला बदर बदमाश को पुलिस ने पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली पुलिस ने एक जिला बदर बदमाश को निर्देशों का उल्लंघन करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि जिला बदर घोषित किए गए बदमाश मोहम्मद दानिश उर्फ़ लांडी पुत्र बन्ना निवासी मकान नंबर 1624 मोहल्ला देहली गेट थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़ को जिला बदर अवधि का उल्लंघन कर जिले की सीमा में पाए जाने पर शनिवार को गिरफ्तार किया गया। उसे छापा मारकर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर उत्तर प्रदेश गुण्डा अधि. नियम का मुकदमा दर्ज कर आरोपी का चालान कर दिया। **वही दुसरी और,** पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे दो हत्यारोपियों नफीस पुत्र इस्लाम व मृतका की ननद को गिरफ्तार किया है।

# रेलवे पार्क के पीछे कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ, 20 साल से अनवरत सेवा जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर क्षेत्र के रेलवे पार्क के पीछे रेलवे कर्मचारियों द्वारा आयोजित कांवड़ सेवा शिविर का शनिवार को धूमधाम से शुभारंभ किया गया। यह शिविर पिछले लगभग 20 वर्षों से निरंतर कांवड़ियों की सेवा में समर्पित है जिसमें रेलवे कर्मचारी और स्थानीय शिवभक्त मिलकर अपना योगदान देते हैं। इस वर्ष भी शिवरात्रि के पावन अवसर पर शुरू हुए इस शिविर में कांवड़ियों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। इनमें रुकने, सोने, प्रसाद वितरण और चिकित्सा जैसी सुविधाएं प्रमुख हैं। शिविर में कांवड़ियों के लिए स्वच्छ पेयजल, भोजन और प्राथमिक चिकित्सा की भी विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। शिविर का उद्घाटन रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर एडीईएन संजीव बंसल, आईओडब्लू विपिन त्यागी, एचआई हरिपाल मीणा, सीआईटी विनीत शर्मा, आरपीएफ प्रभारी आर. के. यादव, प्रदीप गोस्वामी, अनिल शर्मा, अमित भटनागर, सुनील शर्मा, हरिचरण मीणा, सुरेंद्र खन्ना, प्रदाप गर्ग, डा. नितिन गोस्वामी, धीरज शर्मा, पुनीत, जितेंद्र मीणा और अनुज शर्मा सहित कई अन्य शिवभक्त मौजूद रहे। इन सभी ने मिलकर शिविर की व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# हाईवे पर वाहनों का रूट डायवर्जन, अलग अलग स्थानों पर तैनात की गई पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सावन के दूसरे सोमवार और शिवरात्रि को लेकर भगवान आशुतोष का जलाभिषेक करने के लिए शिव भक्तों का गंगानगरी में आगमन तेजी से शुरू हो गया है। इसको लेकर पुलिस ने रूट डायवर्जन लागू कर दिया गया। इसके साथ सीओ ने पुलिस कर्मियों के ड्यूटी पाइंट की चेकिंग की।

श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को जनपद मुरादाबाद, अमरोहा, रामपुर, चंदौसी, संभल समेत अन्य जनपदों के कांवड़िये भगवान आशुतोष का जलाभिषेक करते हैं। पहले सोमवार को भी यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन हुआ। इस बार दूसरे सोमवार और शिवरात्रि पर पांच लाख से अधिक भक्तों का आगमन होगा। कांवड़ियों की भीड़ से गंगा तट भगवा रंग में रंगा दिखाई दिया। यहां पर शिवभक्तों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर कांवड़ उठाई। इस दौरान आरती स्थल, बाजार समेत अन्य स्थानों पर लाउडस्पीकर पर बजाए जा रहे भगवान शिव के भजनों ने गंगानगरी को पूरी तरह शिवमय किया हुआ है। शनिवार को बड़ी संख्या में शिवभक्तों के पहुंचने का अनुमान है।

इससे पहले शुक्रवार को सीओ वरुण मिश्रा ने कांवड़ मार्ग पर लगाई गई पुलिस कर्मियों की ड्यूटी की जांच की। यहां सीओ ने बताया कि शिवभक्तों की सुरक्षा के साथ ही रूट डायवर्जन के तहत भारी वाहनों को दूसरे रास्तों से भेज रहे हैं। डायवर्जन 23 जुलाई तक जारी रहेगा।

# युवक को डिजिटल अरेस्ट करके ठगे एक लाख रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गंगा नगरी निवासी एक छात्र को ठग ने स्वयं को परिचित बताते हुए डिजिटल अरेस्ट कर लिया। उसके बाद छात्र से बैंक खाते से करीब एक लाख से अधिक की नकदी डलवा ली। पीड़ित छात्र ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गंगा नगरी ब्रजघाट निवासी आर्यन ने बताया कि वह एक छात्र है। उनका कहना है कि उनके पास एक व्यक्ति ने कॉल की। कॉल करने वाले ने उसको अपना परिचित बताया और कुछ समय के लिए उसको डिजिटल अरेस्ट कर लिया। आरोपी ने उसको अपनी बातों में लगाकर कुछ ही समय में अलग अलग किस्त में करीब एक लाख तीन हजार से अधिक की रकम अपने खाते में डलवा ली। पीड़ित ने बताया कि वह रुपये उसकी स्कूल की फीस के थे। ठगी का शिकार होने के बाद पीड़ित ने कोतवाली पहुंच कर पुलिस को आपबीति सुनाई। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# तैराकी प्रतियोगिता मे हापुड़ के खिलाड़ियों का हुआ चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** प्रदेश स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के जिला स्तर का चयन ट्रायल हापुड में संपन्न हुए जिसमे चयनित खिलाडियो ने प्रतिभाग किया। जिसमे 50 मीटर फ्री स्टाइल मे शिवम् राय, 50 मीटर फ्री स्टाइल व 100 मीटर फ्री स्टाइल मे रितेश, 50 मीटर, 100 मीटर और 200 मीटर मे विराज चौधरी, 50 मीटर मे कनिष्क सिंह का चयन हुआ। वही बालिका वर्ग से पीहूल चौधरी 50 मीटर, 200 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर और 100 मीटर बटर फ्लाई स्ट्रोक मे चयन हुआ। उपक्रीड़ा अधिकारी के द्वारा इन सभी खिलाडियों को प्रदेश स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के चयन के लिए शुभकामनाएं दी गई। अब ये सभी खिलाडी मेडल स्तर पर चयन ट्रायल के लिए जाएंगे।

# सड़क हादसे में कार सवार परिवार बाल बाल बचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव सिखेड़ा में बस की टक्कर होने पर कार सवार परिवार बाल बाल बच गया। इस दौरान कार छतिग्रस्त हो गई। कार चालक की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव अठसैनी निवासी जीशान ने बताया कि वह 16 जुलाई की रात्रि में अपनी कार में सवार होकर ससुराल मजीद पुरा हापुड में जा रहा था। जब वह क्षेत्र के गांव सिखैडा स्थित फ्लाई ओवर पर पहुँचा तो बस के चालक द्वारा बस को तेजी व लापरवाही से चला कर उनकी गाडी में टक्कर मार दी, जिससे वह बाल बाल बच गए। जबकि उनकी गाडी क्षतिग्रस्त हो गई है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गांव हरसिंहपुर में सावन माह में हवन-पूजन, थाना हाफिजपुर प्रभारी आशीष कुमार हुए शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मेरठ-बुलंदशहर मार्ग पर स्थित पक्की चौकी के पास ग्राम हरसिंह. पुर में सावन माह के पावन अवसर पर ग्रामीणों द्वारा एक भव्य धार्मिक हवन-पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भगवान शिव की आराधना हेतु आयोजित इस शुभ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस दौरान थाना हाफिजपुर प्रभारी आशीष कुमार ने भी अपने परिवार के साथ भाग लिया। उन्होंने हवन में आहुति देकर क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। हवन कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा, जिससे आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के इस सहयोगात्मक व्यवहार की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

# शिवरात्रि से पहले कांवड़ मार्ग का निरीक्षण

■ ग्रेटर नोएडा में एसडीएम और एसीपी ने लिया जायजा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में शिवरात्रि से पहले कांवड़ यात्रा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। शनिवार को एसडीएम सदर चारुल यादव और एसीपी तृतीय अरविंद कुमार ने कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सिकंदराबाद से रबूपुरा के भाईपुर शिव मंदिर तक के रूट का जायजा लिया। इस दौरान प्राधिकरण, विद्युत विभाग और सिंचाई विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

एसीपी अरविंद कुमार ने बताया कि 23 जुलाई को शिव. रात्रि पर श्रद्धालु भाईपुर शिव मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह निरीक्षण किया गया।अधिकारियों ने विद्युत व्यवस्था का जायजा लिया। बारिश के मौसम को देखते हुए सड़कों पर जल भराव की स्थिति भी परखी गई। मार्ग में कुछ समस्याएं मिलीं, जिन्हें दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। टीम ने गांवों से होकर गुजरने वाले कांवड़ मार्ग का भी बारीकी से निरीक्षण किया। सभी व्यवस्थाओं को श्रद्धालुओं की यात्रा से पहले दुरुस्त करने का आश्वासन दिया गया है।

## 40 आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ाएंगे ईसीसीई एजुकेटर

**नोएडा।** आंगनबाड़ी केंद्रों में पांच से छह साल के बच्चों को पढ़ाने के लिए ईसीसीई एजुकेटर की नियुक्ति की पहले चरण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। बीएसए विभाग की ओर से 26 पदों के लिए शुक्रवार को 88 आवेदकों का साक्षात्कार हुआ। पहले चरण में शासन ने जिले में ईसीसीई के 40 पद स्वीकृत किए हैं। पदों पर भर्ती के लिए 1371 लोगों ने आवेदन किए किए थे। पहले चरण के इंटरव्यू में 14 लोगों को नियुक्ति दी गई। बाकी के 26 पदों के लिए शुक्रवार को जिला स्तरीय कमेटी ने आवेदकों का इंटरव्यू लिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार ने बताया 88 आवेदक इंटरव्यू में शामिल हुए। इनमें से 26 का चयन किया जाना है।

# जमीन दिलाने के नाम पर व्यापारी से डेढ़ करोड़ रुपये की धोखाधड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ईकोटेक-3 कोतवाली पुलिस ने जमीन दिलाने के नाम पर डेढ़ करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। यह मामला सेक्टर-47 निवासी शिवांग ढाका की शिकायत पर दर्ज किया गया है जो अपनी कंपनी मैसर्स अथर्व इन्फ्राटेक्चर के माध्यम से जमीन की खरीद-फरोख्त का कार्य करते हैं।

शिकायतकर्ता के अनुसार, मई 2023 में उन्हें पूर्व प्रधान रविंद्र भाटी, अजीत चौहान, बच्चन सिंह और मंदिर के पुजारी ने सुरेश कुमार सरीन व उनके पुत्र सचिन सरीन से मिलवाया। आरा.प है कि इन लोगों ने दादरी मेन रोड, नोएडा स्थित कीमती जमीन को जल्द फ्री होल्ड होने का भरोसा दिलाया। उनका कहना था कि इलाहाबाद हाईकोर्ट में लंबित मामला जल्द ही उनके पक्ष में तय हो जाएगा।

भरोसा दिलाकर सुरेश और सचिन सरीन से 31 करोड़ रुपये में जमीन का सौदा तय हुआ। पीड़ित ने एडवांस के तौर पर पांच लाख रुपये नकद और 45 लाख रुपये आरटीजीएस के जरिये सुरेश सरीन के खाते में ट्रांसफर किए। एक जून 2023 को सरीन फार्म स्थित मंदिर में राजीव नागर की मौजूदगी में एमओयू साइन किया गया। इसके बाद विभिन्न बहानों से पीड़ित से कुल मिलाकर लगभग 1.50 करोड़ रुपये वसूल लिए गए। एक साल बीतने के बाद न तो जमीन का केस तय हुआ और न ही रजिस्ट्री की गई।

बार-बार पूछने पर भी न तो पैसा वापस किया गया और न ही रजिस्टर्ड एग्रीमेंट हुआ। उल्टा धमकी दी गई कि यदि कानूनी कार्रवाई की गई तो पीड़ित और उसके परिवार को जान से मरवा दिया जाएगा। शिकायत में पूर्व प्रधान रविंद्र भाटी, अजीत चौहान, बच्चन सिंह, मंदिर के पुजारी और सरीन परिवार के सदस्यों को धोखाधड़ी में शामिल बताया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# डेंटल की छात्रा ज्योति शर्मा केस में टीचर सस्पेंड




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के शारदा यूनिवर्सिटी के छात्रावास में सुसाइड करने वाली डेंटल की छात्रा ज्योति शर्मा केस में नया अपडेट सामने आया है। यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने 5 टीचरों को सस्पेंड कर दिया है। सभी टीचरों पर छात्रों को परेशान कर मानसिक उत्पीड़न करने का आरोप है। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने टीचरों पर आरोप लगाया था। उसके बाद यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने यह बड़ी कार्रवाई की है। वहीं, घटना के बाद छात्रा की मां ने गुस्से में एचओडी को गाल पर थप्पड़ जड़ दिया है।

इस मामले में शारदा यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर पीआर डॉक्टर अजीत कुमार ने न्यूज 24 को बताया कि अनुराग अवस्थी, सुरभि, आशीष कुमार समेत 5 टीचरों को सस्पेंड कर दिया गया है। इसके अलावा छात्रा को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में सलाखों के पीछे भेजे गए टीचर महेंद्र व शैरी मैडम को पूर्व में संस्पेड किया जा चुका है। छात्रों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए यूनिवर्सिटी प्रबंधन टीचरों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करने में जुट गया है।।छात्रा ज्योति सुसाइड केस में जब छात्रों ने यूनिवर्सिटी परिसर में धरना प्रदर्शन शुरू किया तो वहां परिजन भी आ गए। टीचर मौके पर पहुंच कर प्रदर्शन करने वालों को समझाने लगे। तभी बेटी को खो देने के दर्द में मां ने बीडीएस विभाग के एचओडी को जोरदार थप्पड़ जड़ दिया।

**लाश को घसीटकर ले जाने का आरोप:** इस मामले में छात्रा ज्योति के पिता रमेश जांगड़ा ने नॉलेज पार्क थाना में केस दर्ज कराया है। उन्होंने डीन एम सिद्धार्थ, अनुराग अवस्थी, सुरभि, आशीष कुमार, महेंद्र व शैरी और एक अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है। आरोप है कि सभी ने मिलकर उनकी बेटी का इतना मानसिक उत्पीड़न किया कि ज्योति ने सुसाइड कर लिया। आरोप यह भी है कि जब ज्योति ने सुसाइड किया तो उसके शव को फंदे से उतारने के बाद जमीन पर घसीटकर शारदा अस्पताल तक ले जाया गया। हालांकि इसकी अभी पुष्टि नहीं हो सकी है।

# बीडीएस छात्रा की आत्महत्या मामले में हॉस्टल वार्डन सहित दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र में स्थित शारदा विश्वविद्यालय के हॉस्टल में रहने वाली एक मेडिकल (बीडीएस द्वितीय वर्ष) की छात्रा ज्योति शर्मा पुत्री रमेश कुमार द्वारा उत्पीड़न से आहत होकर अपने हॉस्टल में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर करने के मामले मृतका के पिता ने कॉलेज के डीन सहित 7 लोगों को नामित करते हुए थाना नॉलेज पार्क में मुकदमा दर्ज करवाया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी हॉस्टल वार्डन सहित दो को गिरफ्तार किया है।



वहीं दूसरी तरफ मेडिकल की छात्रा के आत्महत्या के मामले में आज दोपहर को कॉलेज के बाहर धरने पर बैठे मृतका के परिजनों, छात्रों और स्कूल प्रशासन के बीच पुलिस ने वार्ता करवाई गई। इसके बाद कॉलेज प्रशासन ने आरोपी प्रोफेसरों और हॉस्टल के कुछ वार्डन को निलंबित किया है। इस मामले में कॉलेज प्रशासन ने मृतका के परिजनों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया है। इसके बाद छात्र शांत हुए।

अपर पुलिस उपायुक्त सुधीर कुमार ने बताया कि थाना नालेज पार्क क्षेत्र में स्थित शारदा यूनिवर्सिटी में बीडीएस सेकंड ईयर की छात्रा ज्योति शर्मा पुत्री रमेश कुमार जांगडा मूलनिवासी गुरुग्राम पढ़ती थी।

वह कॉलेज के हॉस्टल में रह रही थी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की देर रात को छात्रा ने अपने गर्ल्स हॉस्टल के रूम में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

आरोप है कि टॉर्चर और धमकी के चलते छात्रा ने आत्महत्या किया है। इस घटना के चलते कॉलेज के छात्रों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

## सोसाइटी में एओए के गठन की प्रक्रिया हुई शुरू

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित कासा वुडस्टॉक सोसाइटी में लोगों द्वारा अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन का गठन किया जा रहा है, जिसके लिए चुनाव कमेटी बना दी गई है। वहीं, अब आगे की प्रक्रिया चलाई जा रही है। सोसाइटी में रहने वाले गोविंद ने बताया कि परिसर में रहने वाले परिवारों की सुविधाओं में बिल्डर प्रबंधन द्वारा कटौती की जा रही है, जिससे लोग अधिक परेशान है।

# सीएम योगी आदित्यनाथ से की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) लोकेश एम के नेतृत्व में संजय कुमार खत्री अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी के साथ प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ श्री योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश से भेंट कर स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में सुपर स्वच्छ लीग में प्रथम स्थान करने की उपलब्धि साझा की गई।



मुख्यमंत्री द्वारा प्राधिकरण की टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी गई। इस दौरान उनके द्वारा संदेश दिया गया कि यह प्रतिष्ठित पुरस्कार एवं सम्मान नोएडा प्राधिकरण एवं निवासियो के निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। उनके द्वारा विश्वास प्रकट किया गया कि प्राधिकरण आगे भी स्वच्छता और स्थिरता का प्रतीक के रूप में अपनी पहचान बनाये रखेगा। नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र एवं प्रदेश को प्रत्येक क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सदैव प्रयत्नशील है।

## एक नजर

### डाढ़ा के 104 किसानों को आबादी भूखंड मिले

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के डाढ़ा गांव के 104 किसानों को छह फीसदी आबादी भूखंड का आवंटन पत्र जल्द दे दिए जाएंगे। इनमें से समान आकार वाले 40 भूखंडों का शनिवार को ड्रॉ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड रूम में संपन्न हुआ। दादरी विधायक के प्रतिनिधि सुरेश शर्मा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह और ओएसडी गिरीश कुमार झा के समक्ष समान आकार वाले इन भूखंडों का ड्रा कराया गया। पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए ड्रा प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई। दरअसल, डाढ़ा गांव के किसानों की जमीन का अधिग्रहण करने के बाद से लंबे अर्से से छह फीसदी आवासीय भूखंड लंबित थे। इन किसानों ने भूखंड पाने के लिए प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार से भी गुहार लगाई थी। सीईओ ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आबादी भूखंड शीघ्र देने के निर्देश दिए। नियोजन विभाग से 104 भूखंडों को नियोजित करने के तुरंत बाद छह फीसदी आबादी भूखंड विभाग की तरफ से भी प्रक्रिया पूरी करते हुए शनिवार को समान आकार के 40 भूखंडों का ड्रा कराया गया। दादरी विधायक के प्रतिनिधि सुरेश शर्मा ने ड्रॉ की पारदर्शी प्रक्रिया के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सहराना की। भूखंड पाने वाले किसानों ने खुशी जताते हुए प्राधिकरण के प्रति आभार जताया। प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह ने कहा है कि इन किसानों को आवंटन पत्र शीघ्र जारी कर लीज डीड की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। सीईओ एनजी रवि कुमार का कहना है कि किसानों को छह फीसदी आवासीय भूखंड देना प्राधिकरण की पहली प्राथमिकता है। डाढ़ा की तरह ही अन्य गांवों के पात्र किसानों को भी आबादी के भूखंड शीघ्र आवंटित किए जाएंगे। इस दौरान वरिष्ठ प्रबंधक नियोजन सुधीर कुमार, प्रबंधक प्रमोद कुमार व संदीप रावल आदि मौजूद रहे।

### सेक्टर-51-52 स्काईवॉक का निर्माण 30 सितम्बर तक होगा पूर्ण

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ब्लू लाइन के सेक्टर-52 और एक्वा लाइन के सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन के बीच बन रहे स्काईवॉक का काम 30 सितंबर तक पूरा होगा। परियोजना में यह आठवीं डेडलाइन होगी। जून-2023 में काम शुरू होने के साथ स्काईवॉक का निर्माण 5 महीने में पूरा करने का दावा नोएडा प्राधिकरण की तरफ से किया गया था। लेकिन इसके बाद काम पूरा होने की 7 तारीखें (डेडलाइन) खाली गुजर चुकी हैं। अब भी विद्युत यांत्रिक व सिविल के कई काम मौके पर अधूरे हैं। इसके निर्माण से ब्लू और एक्वा मेट्रो के यात्रियों को सहूलियत मिलेगी। स्काईवॉक का निर्माण जून-2023 में शुरू हुआ था। परियोजना को 5 महीने में पूरा होना था। काम शुरू होने के बाद परियोजना की डिजाइन में बदलाव हुआ है। प्राधिकरण ने 6 करोड़ रुपये की लागत वृद्धि को भी मंजूरी दी गई। इसमें सिविल से जुड़े काम करीब 15 करोड़ 10 लाख रुपये की लागत से होने हैं। विद्युत यांत्रिक विभाग से 15 करोड़ 90 लाख रुपये से होने प्रस्तावित हैं। काम में ढिघ्लाई का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अभी स्काईवॉक निर्माण के लिए दोनों स्टेशनों के बीच बना हुआ ट्रैक भी टूटा पड़ा हुआ है। यात्री लंबा चक्कर लगाने को मजबूर हैं। स्काईवॉक में ट्रेवलेटर भी लगाया जा रहा है। इस पर खड़े होने के बाद यात्री बगैर चले दोनों स्टेशन के बीच आसानी से सफर कर सकेंगे। प्राधिकरण के ओएसडी महेंद्र प्रसाद ने बताया कि स्काईवॉक का काम 30 सितंबर तक पूरा करने की जानकारी इंजीनियरों की तरफ से दी गई है।

### यमुना प्राधिकरण से मिले बजरंग दल कार्यकर्ता

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों को गोवंश कल्याण के लिए ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष अवनेश नायक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी राकेश कुमार सिंह और ओएसडी शैलेंद्र सिंह से मुलाकात की। गोरक्षक प्रमुख त्रिलोक गुर्जर नवादा ने कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। उन्होंने यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में चोटिल और बीमार गौवंशों के लिए एम्बुलेंस की संख्या बढ़ाने की मांग की। मृत गौवंशों की अंत्येष्टि के लिए जेसीबी मशीन की व्यवस्था करने का अनुरोध किया। प्राधिकरण से जुड़ी गौशालाओं में सभी बीमार और चोटिल गौवंशों को जगह देने की मांग भी की गई।

## क्रेन की टक्कर से साइकिल सवार ने की मौत

**नोएडा।** सेक्टर-62 स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर क्रेन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत हो गई। हादसा पांच दिन पहले सेक्टर-62 में हुआ। साइकिल सवार के पुत्र ने अब सेक्टर-58 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-63 स्थित चोटपुर कॉलोनी निवासी रामप्रीत ठाकुर ने पुलिस को बताया कि उसके पिता प्रदीप ठाकुर गाजियाबाद की कंपनी में काम करते थे। वह रोजाना साइकिल से कंपनी जाते थे। वह 16 जुलाई की सुबह करीब नौ बजे साइकिल से सेक्टर-62 स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर जा रहे थे। पीछे से हाइड्रा क्रेन के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। इसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

# पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़

जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगी, चोरी की बाइक- ज्वेलरी व तमंचा बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना बिसरख क्षेत्र में पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस निराला एस्टेट के पास बैरियर लगाकर वाहनों की जांच कर रही थी। इस दौरान गौर सिटी से सूरजपुर की तरफ एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर तेज गति से आया।

पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन वह भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें बदमाश के पैर में गोली लग गई।घायल बदमाश की पहचान सूरज उर्फ संतोष (28) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से फिरोजाबाद के थाना लाइन पार क्षेत्र का रहने वाला है और फिलहाल बिसरख के पतवाड़ी गांव में रह रहा था।



पुलिस ने बदमाश के पास से दिल्ली से चोरी की गई पैशन प्रो मोटरसाइकिल, शाहबेरी की ज्वैलरी शॉप से चोरी किए गए आभूषण और एक अवैध तमंचा बरामद किया है।

घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

# हत्या के प्रयास के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी जतिन उर्फ जतिन टोक की जमानत याचिका अदालत ने खारिज कर दी। मामला थाना सेक्टर-24 नोएडा से जुड़ा है। आरोपी जतिन टोक सहित अन्य सहआरोपियों पर वादी सौरभ यादव और उसके भाई सुमित यादव से मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की नीयत से हमला करने का आरोप है। अभियोजन के अनुसार दो जून 2025 की दोपहर वादी सौरभ यादव अपने भाई के साथ कंचनजंगा अपार्टमेंट से होकर लोजिक्स मॉल की ओर जा रहा थे तभी आकाश अवाना, अमन अवाना, गौरव चौहान और कुनाल चौहान ने दोनों भाइयों पर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान वादी के सिर में गंभीर चोटें आईं और उसका भाई सुमित यादव भी गंभीर रूप से घायल हुआ था। आरोपियों ने थार से उसे टक्कर मारकर हत्या करने की कोशिश भी की। घटना के बाद का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ जिसमें जतिन टोक को सह आरोपियों के साथ मारपीट करते हुए देखा गया। आरोपी के अधिवक्ता ने दलील दी कि उसका नाम एफआईआर में नहीं था। घटना के आठ दिन बाद रंजिशन उसका नाम जोड़ दिया गया। आरोपी एक घरेलू सहायक है। उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। वादी और उसका भाई खुद भी अन्य मामलों में आरोपी हैं और मुकदमा झूठा एवं दुर्भावनावश दर्ज कराया गया है।

# उपभोक्ता समाधान शिविर दो दिन और बढ़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा जोन में में पिछले तीन दिनों से चल रहे खंड स्तरीय उपभोक्ता समाधान मेगा शिविर दो दिनों और बढ़ा दिया गया है। यह निर्णय उपभोक्ताओं की सुविधा और भारी मांग को देखते हुए लिया गया है।

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक (एमडी) ईशा दुहन ने प्रेस नोट के माध्यम से बताया कि 17 जुलाई से 19 जुलाई तक आयोजित इस शिविर को अब 21 जुलाई तक बढ़ाया गया है। नोएडा जोन के मुख्य अभियंता एसके जैन ने बताया कि शनिवार को शिविर में 1912 हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों के संबंध में 22 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 10 का निस्तारण कर दिया गया। इसके अलावा, बिल संशोधन के 67 मामलों में से 55 का समाधान किया गया। इस शिविर के माध्यम से निगम को 350 उपभोक्ताओं से 56 लाख रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है।

## करंट लगने से कंटेनर हेल्पर की गर्दन धड़ से अलग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-86 भूड़ा गांव के शिव मंदिर के पास शुक्रवार रात कंटेनर की छत पर चढ़कर त्रिपाल लगा रहे हेल्पर को 11 हजार केवी की लाइन से करंट लग गया। इससे उसकी गर्दन धड़ से अलग हो गई। फेज-2 में विद्युत निगम का 33/11 केवी का बिजली उपकेंद्र है। इससे 11 हजार केवी की लाइन भूड़ा गांव आ रही है। शुक्रवार रात करीब साढ़े नौ बजे भूड़ा गांव के शिव मंदिर के पास कंटेनर से माल को उतारने और चढ़ाने का कार्य हो रहा था। इसी दौरान मेवात निवासी हेल्पर नासिर कंटेनर की छत पर चढ़कर त्रिपाल लगाने लगा।

उसके सिर पर 11 हजार केवी की लाइन छू गई। इससे नासिर को करंट लग गया और उसकी गर्दन शरीर से अलग हो गई। कंटेनर चालक और अन्य लोगों ने हादसे की सूचना फेज-2 कोतवाली पुलिस को दी। इसके बाद जैसे-तैसे शव को कंटेनर की छत से नीचे उतारा गया। वहीं, लाइन में ट्रिपिंग होने से आपूर्ति भी बाधित हो गई। विद्युत निगम के अधिकारियों का कहना है कि 11 हजार केवी की लाइन मानकों के अनुसार ठीक थी। कंटेनर चालक और अन्य लोग लाइन के नीचे ही माल को उतारने और चढ़ने का कार्य कर रहे थे। कंटेनर की छत पर चढ़कर हेल्पर त्रिपाल लगा रहा था।

# 112 शिकायतों में से सात का मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी,सदर और जेवर तहसील में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में 112 शिकायतों में से सात का मौके पर निस्तारण किया। बाकी शिकायतों को एक सप्ताह में निस्तारण करने का निर्देश दिया है। जेवर तहसील में स्टॉल लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने जेवर तहसील में अध्यक्षता करते हुए जनता की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। जेवर तहसील में कुल 46 शिकायतें दर्ज की गईं। तीन का मौके पर समाधान किया। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों के समय से निस्तारण के लिए शासन गंभीर है। अधिकारी निस्तारण में कोताही न बरतें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र कुमार, उप जिलाधिकारी सदर अभय सिंह, एसीपी जेवर सार्थक सैंगर, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश समेत अधिकारी मौजूद रहे। वहीं, दादरी तहसील में उपजिलाधिकारी अनुज नेहरा ने शिकायतें सुनी। समाधान दिवस में 65 शिकायतें आईं। जिनमें से 4 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया। सदर तहसील में उप जिलाधिकारी सदर चारुल यादव ने शिकायतें सुनी। यहां एक शिकायत दर्ज की गई।



**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# जिला प्रोबेशन कार्यालय बना भ्रष्टाचार का अड्डा

## महिला अधिकारी ने नियुक्ति के नाम पर मांगी एक लाख की रिश्वत, बातचीत का ऑडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सरकार के लाख प्रयासों के बाद भी भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है एक के बाद एक भ्रष्टाचार के मामले सामने आते हैं जिससे सरकार की छवि धूमिल हो रही है। अधिकारी भी सरकार की छवि को धूमिल करने में कोई कमी छोड़ते नहीं दिखाई दे रहे हैं। बेरोजगार युवा भी भ्रष्टाचार की इस दलदल से नहीं बच पा रहे हैं। आउटसोर्सिंग पर नियुक्ति करने पर भी युवाओं को ठगा जा रहा है। एक मामला अभी हाल ही में सामने आया है जिसमें आउटसोर्सिंग पर सहायक लेखाकार के पद पर नियुक्ति के नाम पर एक लाख रुपए की रिश्वत मांगी गई है।




बड़ौत नगर के मौहल्ला आजाद नगर निवासी रवि ठाकुर पुत्र सतपाल सिंह ने जिलाधिकारी के नाम शिकायती पत्र लिखते हुए बताया कि उसने सहायक लेखाकार के पद पर आउटसोर्सिंग से नियुक्ति के लिए आवेदन किया था जिसके लिए 10 जुलाई को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि साक्षात्कार के बाद जिला प्रोबेशन कार्यालय में तैनात संरक्षण अधिकारी दीपांजलि ने सहायक लेखाकार के पद पर नियुक्ति के लिए उनसे एक लाख की रिश्वत की मांग की। हालांकि पीड़ित युवक ने अपने पिताजी की मृत्यु हो जाने, गरीब होने तथा अपने परिवार की जिम्मेदारी होने का भी हवाला दिया, लेकिन उसके बावजूद भी अधिकारी ने एक लाख से कम रिश्वत लेना स्वीकार नहीं किया। बार-बार अपने वरिष्ठ अधिकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी से बात करने की बात कहती रही। इतना ही नहीं दोनों के बीच हुई वार्ता में साफ सुनाई दे रहा है कि महिला अधिकारी पीड़ित युवक से कह रही है कि एक लाख से कम कुछ भी नहीं होगा। हां ऐसा हो सकता है कि 50 हजार पहले दो और 50 हजार सैलरी आने के बाद दे देना। बातचीत के दौरान महिला अधिकारी पीड़ित को जिला प्रोबेशन अधिकारी का हवाला देते हुए इस पद पर दोबारा से इंटरव्यू कराने की धमकी भी दे रही है। महिला अधिकारी का मतलब है कि यदि तुम यह रकम नहीं दोगे तो हम दोबारा से किसी और का इंटरव्यू करा देंगे। पीड़ित ने इस पूरे मामले की शिकायत करते हुए जिलाधिकारी से कार्रवाई की मांग की है। जब यह मामला सुर्खियों में आया तो जिला प्रोबेशन कार्यालय ने आनन-फानन में सर्विस प्रोवाइडर कंपनी को नियुक्ति के संबंध में संस्तूती करते हुए पत्र लिख दिया ताकि इस तरह के आरोपों से बचा जा सके। लेकिन इस मामले का पहले ही ऑडियों वायरल हो चुका है जिससे अधिकारियों की कार्यशैली उजागर होती है। इस संबंध में संरक्षण अधिकारी दीपांजलि का कहना है कि इस तरह के लगाए गए आरोप बेबुनियाद है और शिकायतकर्ता के नाम नियुक्ति पत्र भी तैयार हो चुका है जो उसे शीघ्र ही मिल जाएगा।

## कांवड़ यात्रा को लेकर कोई भी लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सावन माह में चल रही कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत जिलाधिकारी अस्मिता लाल, पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय तथा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पंकज वर्मा ने शनिवार को पुरा महादेव से कांवड़ यात्रा रूट का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने यात्रा मार्ग पर स्थित शिविरों में व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा शिवभक्तों से उनका कुशलक्षेम भी जाना।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने शिविरों में भोजन व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, चिकित्सा सुविधा, शौचालय तथा साफ-सफाई की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया।

जिलाधिकारी ने शिविर संचालकों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को भोजन की गुणवत्ता से कोई शिकायत न हो एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। अधिकारियों ने बरनावा पुलिस चौकी पहुंचकर वहां तैनात पुलिस बल की भी जानकारी ली तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्र मार्ग पर यातायात व्यवस्था सुचारु रहे, किसी भी स्थान पर अनाव जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कहा कांवड़ यात्रा के सफल आयोजन के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और स्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।श्यक जाम की स्थिति न बने।

## समस्या का समाधान किए जाने की मांग को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में पहुंचकर शनिवार को प्रदर्शन करते हुए एसडीएम मनीष कुमार यादव को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में विश्वकर्मा मंदिर बावली रोड के प्रधान के नेतृत्व में समाज के सभी व्यक्ति तहसील परिसर में पहुंचे उन्होंने अपनी समस्या का समाधान किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन देते हुए समस्याओं का निस्तारण किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि कुछ विश्वकर्मामंदिर समिति के लोग अपने आप को कमेटी के अध्यक्ष बता रहे हैं जबकि चुनाव हो चुका है। वर्तमान में मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार पांचाल है जबकि कुछ अन्य लोग अपने आप को अध्यक्ष बताकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। दबंग लोगों के खिलाफ कार्रवाई जाने की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में नवनियुक्त अध्यक्ष राजेंद्र सिंह पांचाल प्रधान महेंद्र पांचाल राकेश विश्वकर्मा सत्य प्रकाश जांगिड़ रमेश पंचल मा पांचाल एडवोकेट अमित वशिष्ट एडवोकेट महावीर पांचाल आत्माराम पांचाल हवा सिंह राजू पांचाल आदि लोग मौजूद है।

## मिलावटखोरों की खैर नहीं, बागपत में कांवड़ यात्रा के लिए तैनात हुई मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को सुरक्षित, शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के लिए जिलाधिकारी अस्मिता लाल व पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने आज परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर परिसर से मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब एवं जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह विशेष वाहन कांवड़ यात्रा मार्गो पर स्थापित भोजनालयों, ढाबों, दुकानों, जलपान केंद्रों और कांवड़ शिविरों में तैयार हो रहे भोजन, पेय पदार्थ, दूध, मिठाई, पानी आदि की ऑनस्पॉट जांच करेगा। इसमें उपस्थित टेक्निकल स्टाफ लैब उपकरणों की सहायता से नमूनों की प्राथमिक जांच करेगा और मिलावट अथवा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक तत्व पाए जाने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। कांवड़ मार्ग पर अक्सर मिठाई, दूध, घी, तेल, पानी आदि में मिलावट की शिकायतें सामने आती हैं। यह वाहन ऐसे प्रतिष्ठानों पर तुरंत पहुंचकर नमूने जांचेगा, जिससे मिलावटखोरों में भय पैदा होगा और आमजन को शुद्ध भोजन मिलेगा। दूषित या मिलावटी भोजन के सेवन से हर वर्ष कई लोग फूड पॉयजनिंग, दस्त और अन्य बीमारियों का शिकार होते हैं। यह लैब इन खतरों को कम करेगी। कई बार भोजन को लेकर फैलने वाली अफवाहें यात्रियों में भय पैदा करती हैं। लैब जांच से सही स्थिति स्पष्ट होगी। सहायक आयुक्त खाद्य देवेंद्र पाल सिंह ने बताया कि यह विशेष वाहन कांवड़ यात्रा एप से प्राप्त शिकायतों के समाधान के लिए भी तत्पर रहेगा। यदि किसी भी स्थान से भोजन, जल या अन्य खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता को लेकर शिकायत आती है तो मोबाइल लैब तत्काल जांच हेतु वहां पहुंचेगी। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को हर हाल में सुरक्षित व शुद्ध भोजन मिले। श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य से समझौता करने वालों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। यह मोबाइल लैब मिलावटखोरों पर रोक लगाने का प्रभावी माध्यम बनेगी। अधिकारी पूरी ईमानदारी व सजगता से कार्य करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा, खाद्य विभाग एवं प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मंदिर परिसर से रवाना होते वाहन को सफल संचालन हेतु शुभकामनाएं दीं और कांवड़ यात्रा को स्वच्छ, सुरक्षित और आदर्श बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## एक नजर

### पुरा महादेव मेला परिसर में सजनी शुरू हुई दुकाने, जगमगाने लगा पुरामहादेव मंदिर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुरा महादेव मंदिर पर लगने वाले चार दिवसीय श्रावणी मेले की तैयारियां अंतिम चरण में है। मेले में दुकानें सजनी शुरू हो गई है। पुरा महादेव मंदिर के मैदान पर सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर के बाहर आरएएफ और बम निरोधक दस्ता तैनात कर दिया है। 21 से 24 जुलाई तक लगने वाले चार दिवसीय श्रावणी मेले की तैयारिया अंतिम चरण में है। मंदिर पर सभी कार्य लगभग पूरा हो चुका है। इस संबंध में जब दैनिक शाह टाइम्स संवाददाता बागपत आकाश कश्यप ने परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित अभिषेक भारद्वाज से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि बेरिकेटिंग, रंगाई-पुताई, साफ सफाई का कार्य लगभग पूरा हो गया है। मेले में दुकान लगाने आये दुकानदारों ने अपनी दुकानें सजानी शुरू कर दी है। मंदिर पर सुरक्षा की दृष्टि से आरएएफ और बम निरोधक दस्ता तैनात कर दिया गया है जो लगातार मंदिर की निगरानी कर रहे। इस संबंध में जब शाह टाइम्स संवाददाता बागपत आकाश कश्यप ने थाना प्रभारी से वार्ता की तो प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र मुरारी दीक्षित का कहना है कि आसपास के गांवों में फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है और क्षेत्र के ग्रामीणो से श्रावणी मेले को सफल बनाने के लिये सहयोग मांगा जा रहा है। पुलिस बल कावड़ मेले में चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगा। किसी भी शिव भक्तों को सावन माह में कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

### संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने लोगों की सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस पर जनता की समस्याएं जनता शिविर लगाकर सुनी गई जिसमें 15 शिकायत दर्ज की गई। तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जनता शिविर लगाकर जनता की समस्याएं एसडीएम मनीष कुमार यादव ने सुनी। उन्होंने कहा कि समय पर जनता का निस्तारण करना हमारा पहला मकसद है। उन्होंने सभी अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जो भी समस्याएं आती हैं। उसकी जांच करते उसका तुरंत निस्तारण किया जाना चाहिए। इस मौके पर नायाब तहसीलदार अतुल रघुवंशी छपरौली थाना प्रभारी निरीक्षक देवेश कुमार शर्मा बडौत कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार चाहल सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी भी मौके पर मौजूद रहे।

### डीएम व एसपी तथा एडीएम ने कांवड़ियों से बातचीत कर जाना उनका हालचाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** निरीक्षण के दौरान कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित कच्चे मार्गों पर मूलभूत सुविधाओं की कमी भी सामने आई। इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि ऐसे सभी स्थलों पर पेयजल, साफ-सफाई, चिकित्सा, लाइटिंग एवं शौचालय की व्यवस्था प्राथमिकता पर सुनिश्चित की जाए। किसी भी श्रद्धालु को असुविधा नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं अपर जिलाधिकारी ने कांवड़ियों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना। श्रद्धालुओं ने प्रशासन की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि इस वर्ष भोजन, पानी, मेडिकल सुविधा और सुरक्षा का अच्छा प्रबंध किया गया है। विशेष रूप से कांवड़ यात्रा एप के माध्यम से श्रद्धालुओं को अपनी यात्रा प्लान करने में सुगमता हो रही है।

### हरिद्वार से नीले ड्रम में 120 लीटर गंगाजल लेकर आए कांवड़िया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत-बुढ़ाना कांवड़ मार्ग पर एक अनूठी कांवड़ ने सबका ध्यान खींचा। हरियाणा के नरेला स्थित लामपुर गांव के कांवड़िया ने इस बार गंगाजल लाने के लिए नीले ड्रम का उपयोग किया। उनका उद्देश्य समाज में नीले ड्रम को लेकर फैले डर को दूर करना है। मेरठ में हुए सौरभ हत्याकांड में नीले ड्रम के इस्तेमाल के बाद लोगों में इस रंग के ड्रम को लेकर भय का माहौल था। इस डर को मिटाने के लिए कांवड़िया ने विशेष पहल की। उन्होंने नीले ड्रम में 120 लीटर गंगाजल भरा। उनका मकसद यह संदेश देना है कि ड्रम अब भक्ति और श्रद्धा का प्रतीक बनेगा। कांवड़िया ने दैनिक भास्कर के ब्यूरो चीफ मुकेश पंवार को बताया कि वे भोलेनाथ से समाज से डर और नकारात्मकता के अंत की प्रार्थना करेंगे। उन्होंने कहा कि रंग या वस्तु नहीं, इरादे और आस्था मायने रखते हैं। सोशल मीडिया पर जिस नीले ड्रम ने डर फैलाया, उसी रंग के ड्रम से अब शांति और भक्ति का संदेश दिया जाएगा। यह अनूठी कांवड़ श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणा बन गई है। यह भक्ति के माध्यम से सामाजिक बदलाव का संदेश भी दे रही है।

## दिया ने क्लेट की परीक्षा पास कर किया जनपद का नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** क्षेत्र के शिक्षकों की एक बड़ी सभा में शिक्षक नेता वीरेंद्र सिंह के आवास पर संपूर्ण हुई इसमें शिक्षको व शिक्षकाओ की भारी संख्या में राज्य मंत्री के स्वागत में शिक्षक सचिन कुमार गुप्ता ने गीतों के माध्यम से प्रशंसा की। राज्य मंत्री केपी मलिक ने उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कुमारी दिया ने इंटर की परीक्षा पास करने के बाद यह क्लेट की परीक्षा पास कर जनपद का नाम रोशन किया है। उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह बेटी ज्यूडिशियल में भी जनपद का नाम रोशन करेगी। कहा कि ऐसी होनहार छात्रओं का वह भरपूर सहयोग करेंगे। दिया सिंह मेरठ के स्कूल सेंट मेरीज अकादमी से ICSE बोर्ड में कक्षा 10-94प्रतिशत कक्षा 12-92प्रतिशत कक्षा 12 में अध्यनरत



के साथ कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा से पहले ही पुरे देश मे सबसे कम उम्र मे CLAT 2025 परीक्षा उत्तीर्ण कर देश के प्रमुख लखनऊ के डा.राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय मे अपना प्रवेश सुनिश्चित कर लिया। इसके साथ ही 10 मीटर राइफल शूटिंग मे 2 बार नेशनल क्वालीफाई कर भारतीय राष्ट्रीय टीम की चयन प्रक्रिया मे प्रतिभाग कर चुकी है। सम्मान समारोह में प्रहलाद सिंह, सीनियर सिटीजन के अध्यक्ष बेगराज सिंह, शिक्षक नेता वीरेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य सुशील चौधरी, मेरठ के शिक्षक नेता गजेंद्र सिंह, रमेश चंद्र शर्मा, पूर्व विधायक वीरपाल सिंह राठी, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष उमेश चौहान, जिलामंत्री सतवीर सिंह ने भी संबोधित किया। कुमारी दिया के पिता शिक्षक दीपक तोमर ने सभी शिक्षकों व राज्य मंत्रियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सतपाल पथोलिया, जगबीर सिंह, विनय जैन, सतपाल राणा, मुकेश राज शर्मा, आदेश गुप्ता, मीडिया प्रभारीअजय राज शर्मा, राजेंद्र प्रधान, प्राथमिक के राजीव तोमर सहित भारी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

## जहां जलाभिषेक होता है, वहां दुकानदारों को पूजा सामग्री नहीं बेचनी चाहिए:महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एक कांवड़ शिविर के उद्घाटन के दौरान यशवीर महाराज ने मंदिरों के आसपास पूजा सामग्री की दुकानों को लेकर बयान दिया। उन्होंने कहा कि जहां जलाभिषेक होता है, वहां मुस्लिम दुकानदारों को पूजा सामग्री नहीं बेचनी चाहिए।

यशवीर महाराज ने कहा कि अगर कोई मुस्लिम दुकानदार पूजा सामग्री बेचता दिखे तो पुलिस को सूचित करें। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदू विरोधी व्यक्तियों को पूजा सामग्री बेचने का परमिट नहीं मिलना चाहिए। कांवड़ यात्रा के दौरान मुस्लिम समुदाय द्वारा कांवड़ियों के स्वागत पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल मीडिया में आने के लिए किया जाता है।

उन्होंने कांवड़ यात्रा के दौरान होने वाले उपद्रवों के लिए मुस्लिम समुदाय और विपक्षी दलों को जिम्मेदार ठहराया। कार्यक्रम में पहुंचने पर हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने यशवीर महाराज का स्वागत किया। गौरतलब है कि यशवीर महाराज हाल ही में नेमप्लेट विवाद को लेकर चर्चा में आए थे।

## शिव कांवड़ सेवा समिति का 28वां विशाल भंडारा आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** श्रावण मास के पावन अवसर पर शिव कावड़ सेवा समिति द्वारा बिजरौल रोड स्थित पेट्रोल पंप के सामने 28वां विशाल भंडारा आयोजित किया गया। यह भंडारा हर वर्ष की भांति इस बार भी हरिद्वार से आ रहे कांवड़ यात्रियों की सेवा में समर्पित रहा।

भंडारे की विशेष बात यह रही कि यहां न केवल कांवड़ियों को भरपेट भोजन कराया गया, बल्कि उनकी थकान दूर करने के लिए मालिश की भी नि:शुल्क सेवा उपलब्ध कराई गई। दिनभर की पैदल यात्रा के बाद इस सेवा से कांवड़ियों को राहत मिलती दिखाई दी। शिव कावड़ सेवा समिति के अध्यक्ष विनोद पवार निनाना कहना है कि जब तक कांवड़ यात्रा चलती है, तब



तक सेवा शिविर अनवरत जारी रहेगा। समिति की ओर से चिकित्सा सहायता, जल वितरण और स्नान की व्यवस्था भी की गई है। श्रद्धालुओं ने भंडारे की व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर रास्ते की कठिनाई को कम कर श्रद्धा के सफर को सहज बना देते हैं। भंडारे के आयोजन में स्थानीय समाजसेवियों की अहम भूमिका रही। देवेंद्र सिंह, विनोद पवार निनाना ।सत्यदेव सिंह दुहुण योगेंद्र मलिक, ब्रह्मपाल सिंह तोमर और कृष्णपाल मास्टर सहित कई लोगों ने तन-मन-धन से सहयोग किया।

## बाबा शाहमल को श्रद्धांजलि व पं.मंगल पांडे के चित्र पर किया माल्यार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय दिल्ली बस स्टैंड पर कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने देश की आजादी के महान योधा बाबा शाहमल के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी और आजादी के महानायक महान क्रांतिकारी पंडित मंगल पांडे की जन्मशती उनके चित्र पर माल्यार्पण कर धूमधाम के साथ व उत्साह पूर्वक मनायी। इस अवसर पर भावपूर्ण स्मरण करते हुए शत-शत नमन कर उनके महान जीवन पर प्रकाश डाला गया। विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामहरी पंवार ने की तथा संचालन पूर्व कमिशनर बेगराज सिंह ने किया। जीवनवृत्त पर प्रकाश डालते हुए शहर अध्यक्ष रामहरी पंवार ने कहा महान क्रांतिकारी पंडित मंगल पांडे व वीर महान योधा बलिदानी बाबा शहामल का आजादी मे योगदान अतुलनीय है।

अग्रेंजो द्वारा भारतीय समाज के साथ हो रहे अन्याय अपमान को मंगल पांडे बाबा शहामल बर्दाश्त नहीं कर पाये सब कुछ त्याग कर जान की परवाह किये बिना आजादी की धधकती ज्वाला मे छलांग लगा दी। फिर थमने का नाम नहीं लिया। देश को आजाद कराकर ही दम लिया। देश उनका सदैव रीणी रहेगा। पूर्व कमिशनर बेगराज सिंह ने कहा महान योधा बाबा शहामल पडित मंगल पांडे ने आजादी के लिए अग्रेंजो को धूल चटायी घुटनों के बल लाकर देश से भगाया उन्ही की देन है। देश को खुले मे सांस लेने का अधिकार दिलाया उन्हें हमेशा याद किया जायेगा।

मीडिया प्रभारी ओमकार दत्त शर्मा जोनमाना ने कहा कि क्रांतिकारी मंगल पांडे को हमेशा याद रखा जाएगा। इस अवसर देवेन्द्र शर्मा कोषाध्यक्ष रविन्द्र तोमर युथ कांग्रेस देव नेन बिजेन्दर शर्मा डा.सुभाष शर्मा औमवीर दुहण रामकुमार मुखिया प्रियंका आजाद हाकिम सेवादल शोकेन्द्र सोहनपाल शर्मा विनय पंवार अंकित कुमार दुरगेश खोकर पप्पू फरजुदीन लोकेश पाचाल इसलामुदीन भोपाल सिंह महेंद्र औकार दत्त आदि रहे।

## खेत की जुताई के दौरान शिवलिंग निकलने से ग्रामीणों का उमड़ा सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिले के पलड़ी गांव में खेत की जुताई के दौरान शिवलिंग निकलने से ग्रामीणों में आस्था की लहर दौड़ गई।

गांव के किसान अमित कुमार अपने बेटे सागर के साथ ट्रैक्टर से खेत जोत रहे थे, तभी ट्रैक्टर अचानक रुक गया। जब दोनों ने नीचे देखा तो मिट्टी में कोई पत्थरनुमा चीज फंसी थी। मिट्टी हटाकर देखा तो वह शिवलिंग निकला, जिसे बाहर निकालकर एक तरु रख दिया गया। शिवलिंग मिलने की खबर पूरे गांव में आग की तरह फैल गई। देखते ही देखते खेत में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। मौके पर मंत्रोच्चार और जलाभिषेक शुरू हुआ। ग्रामीणों के अनुसार, जब वहां ज्योति प्रज्वलित की गई तो वह कुछ देर बाद अपने आप बुझ गई, लेकिन थोड़ी देर बाद फिर खुद-ब-खुद जल उठी। इस घटना को ग्रामीण आस्था और चमत्कार से जोड़कर देख रहे हैं। किसान अमित कुमार ने बताया कि जहां शिवलिंग मिला है, वहां हर सावन में कांवड़ियों के ठहरने की व्यवस्था की जाती है। यह स्थान दाहा-बरनावा कांवड़ मार्ग पर पड़ता है, जिससे इसकी धार्मिक महत्ता और भी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि 25 जुलाई के बाद इस स्थान पर मंदिर निर्माण कर शिव परिवार को विधिवत विराजमान किया जाएगा। श्रावण मास के दौरान चमत्कारी शिवलिंग मिलने से गांव में भक्ति और उल्लास का माहौल है।

## प्रभारी मंत्री ने जलाभिषेक कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने शनिवार को परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया एवं कांवड़ यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने कहा कि कांवड़ यात्रा में लाखों श्रद्धालु शामिल होते हैं। उनकी सुविधा, सुरक्षा और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जाए। प्रशासन मुस्तैदी के साथ कार्य करे ताकि जनपद की छवि स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित प्रशासन के रूप में सामने आए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने सफाई व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, चिकित्सा कैंप,



विद्युत आपूर्ति एवं यातायात प्रबंधन का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा मार्गों पर सफाई व्यवस्था नियमित रहे तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा पर्याप्त मेडिकल टीम व एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कांवड़ यात्रियों से अधिकारी स्वयं बात कर व्यवस्थाओं का फीडबैक ले। इस अवसर पर जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने प्रभारी मंत्री को अवगत कराया कि प्रशासन द्वारा कांवड़ यात्रियों की सुविधा हेतु व्यापक तैयारियां की गई हैं। उन्होंने बताया कि कांवड़ यात्रियों की सुगमता के लिए कांवड़ यात्रा एप भी विकसित किया गया है, जिसमें रूट मैप, शिविरों की लोकेशन, चिकित्सा सहायता, जल व्यवस्था व अन्य आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध हैं। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक महत्वपूर्ण स्थान पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात है तथा ड्रोन कैमरों से यात्रा मार्ग की लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक न हो। प्रभारी मंत्री ने अंत में कहा कि जनपद में कांवड़ यात्रा प्रशासनिक समन्वय और ईमानदार प्रयासों से ही सफल होगी। अधिकारी पूर्ण सजगता और जिम्मेदारी से कार्य करें। कोई लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा, मेला मजिस्ट्रेट भावना सिंह, पुलिस एवं प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कांवड़ समिति के सदस्य तथा क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम FAROOKH दर्ज है जो कि सही है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम FORUKH दर्ज हो गया है जो कि गलत है। मेरा सही नाम FAROOKH है। भविष्य में मुझे FAROOKH के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

फारूख पुत्र मौहब्बत निवासी ग्राम इदरीशपुर तहसील बडौत जिला बागपत।

**सूचना**

11.06.2012 में मेने अपने पुत्र राजीव कुमार को गलत अचरण के चलते अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया था लेकिन अब मेरे पुत्र राजीव कुमार के आचरण में सुधार आ गया है इसलिए मै अपना निर्णय वापस लेती हूं।

शीला पत्नि स्व.ओमप्रकाश निवासी ग्राम अमीपुर बालैनी थाना बालैनी तहसील व जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र इरशाद उर्फ सद्दाम से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

इंतियाज पुत्र सब्बिर निवासी वार्ड नं.3 विजय नगर खेकडा थाना खेकडा जनपद बागपत।

# कांवड़ सेवा शिविर में कमिश्नर व डीएम ने श्रद्धालुओं को किया प्रसाद वितरण

■ सरकार व प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर गद-गद हुए श्रद्धालुओं ने जताई प्रसन्नता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कांवड़ यात्रा को सकुशल, शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में मंडलायुक्त हृषिकेश भास्कर यशोद व डीएम डॉ. वी.के. सिंह द्वारा संबंधित अधिकारियो के साथ एनएच-58 कांवड़ मार्ग व कांवड़ सेवा शिविर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने पल्हैडा के पास लगे कांवड़ शिविर का निरीक्षण किया। कांवड़ शिविर में उन्होंने शिविर संचालको से वार्ता कर व्यवस्थाओ को देखा। आयुक्त ने कहा कि कोई भी किसी भी प्रकार की समस्या हो तो तुरंत अवगत कराया जाये प्रशासन एवं अधिकारी पूरी तरह से कांवड़ियो की सेवा में तत्पर है। उन्होंने कहा कि समस्या का तत्काल समाधान किया जायेगा। मंडलायुक्त व डीएम ने कांवड़ियों से वार्ता कर व्यवस्थाओ का हाल जाना। वरिष्ठ अधिकारियो को अपने बीच पाकर कांवड़िये खुश हुए। उन्होंने सरकार व प्रशासन द्वारा कराये गये कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त की। आयुक्त व समस्त अधिकारियो द्वारा प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, उपाध्यक्ष एमडीए संजय कुमार मीणा, एसडीएम सरधना दीक्षा जोशी, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार आदि उपस्थित रहे।

## पत्नी के अवैध संबंधों से तंग आकर युवक ने की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** पत्नी से तंग होकर आत्महत्या का मामला देश में थमने का नाम नहीं ले रहा है। अभी कुछ दिन पूर्व ही मेरठ में मुस्कान ने अपने पति को मार दिया था उसके बाद जानी खुर्द में प्रेमी से मिलकर सुभाष की हत्या कर दी थी वहीं जानी ब्लाक के गांव नानू फतेहपुर में भी एक मामला सामने आया है। योगेंद्र सिंह (44) पुत्र विशम्बर सिंह का शव कटी हुई अवस्था में सीकरी खुर्द मोदीनगर फाटक के पास लगभग दो सौ मीटर दूर रेलवे ट्रैक पर 17-18 जुलाई की रात करीब 1 बजे पड़ा हुआ मिला था। मृतक की पत्नी तकरीबन तीन वर्ष से अधिक समय से अलग रह रही थी तथा मृतक को लगातार पत्नी व उसके परिवार वालो के द्वारा जान से मारने की धमकियां दी जाती थी जिससे वह परेशान था।

# सिवाल खास पुल पर मुस्लिमों ने शिव भक्तों को पानी पिलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** हिंदू मुस्लिम भाईचारे की मिसाल हमेशा हमारे देश में प्रथा चली आ रही है और हमेशा चलती रहेगी। ऐसी ही हिंदू मुस्लिम भाईचारे की मिसाल चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग सिवालखास पुल पर दिखाई दी। जिसमें मुस्लिम लोगों ने आने वाले शिव भक्तों को पानी वितरित किया और उनको बैठकर उनकी सेवा की। इस हिंदू मुस्लिम भाईचारे की मिसाल को देख सभी लोगों ने उनकी सराहना की है। उन्होंने कहा कि के आज भी राम रहीम हमेशा ऐसे ही हमारे देश में अगर सभी मिलजुल कर रहे तो हमारे देश को किसी की नजर नहीं लगेगी। पानी वितरित करने वालों में सिवालखास और रसुलपुर धौलडी के कासिम कुरैशी, नाजिम अशरफ और सागर चौधरी आदि ने शिव भक्तों को पानी वितरित किया।



# मंगल पांडे की जयंती पर कांग्रेसियों ने किया नमन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वतंत्रता संग्राम के प्रथम क्रांतिकारी शहीद मंगल पांडे की जयंती के अवसर पर महानगर कांग्रेस कमेटी की ओर से श्रद्धांजलि कार्यक्रम बुढ़ाना गेट स्थित मंगल पांडे कि प्रतिमा पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष रंजन शर्मा ने की।

रंजन शर्मा ने मंगल पांडे के बलिदान को याद करते हुए कहा कि वर्ष 1857 की क्रांति की चिंगारी उन्हीं के शौर्य से फूटी, जिसने भारत की आजादी की नींव रखी। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह कर यह साबित किया कि एक सैनिक की आवाज भी राष्ट्र को आंदोलित कर सकती है। कार्यक्रम में अवनीश काजला, जाहिद अंसारी, आदित्य शर्मा, प्रवक्ता हरिकिशन अंबेडकर, सलीम पठान ने भी मंगल पांडे के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

# बिजली विभाग के कैंप में किया गया उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** बिजली विभाग द्वारा चलाएं जा रहें तीन दिवसीय समाधान कैंप के अंतिम दिन उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी समस्या का निस्तारण कराया। विद्युत सेवा महाअभियान के तहत खंड स्तर के वाणिज्यिक मेगा शिविर का आयोजन समाधान का तीन दिवसीय कैंप का आयोजन 11 केवी विद्युत उपकेंद्र चर्च रोड, पर लगाया गया था। कैंप में मुख्यत: बिल संशोधन, मीटर बदलने एवं भार वृद्धि हेतु आवेदन प्राप्त हुए जिन्हें ऑनलाइन ऐप सेवी शिकायत पोर्टल पर दर्ज कराकर निस्तारण कराया गया। बिल से संबंधित 16, खराब मीटर बदलने से संबंधित तीन और विद्युत भार वृद्धि से संबंधित एक शिकायत प्राप्त हुई जिसे संबंधित उपखंड अधिकारी द्वारा मौके पर हो समाधान किया गया। तीन दिनों कुल बिल संबंधित 33 शिकायतें, मीटर बदलने चेक मीटर की 13 शिकायतें , नाम परिवर्तन की 4, विधा परिवर्तन की 7 और विद्युत भार बढ़ाने कम करने की 18 आवेदन प्राप्त हुए जिन्हें निस्तारित कर दिया गया। तीन दिनों बकायेदार 158 उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिल के रूप में 13.26 लाख जमा भी किया गया। एक्सईएन दुर्गेश कुमार व जेई सरधना राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि मैगा समाधान दिवस की अवधि दो दिन के लिए बढ़ा दी गई है। जिससे उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान आराम से करा दिया जायें।



## सीलिंग फैन दे रहे अच्छी गुणवत्ता के प्रोडक्ट्स अपनाने का सबक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** यह कहावत तो आपने सुनी ही होगी ''सस्ता रोए बार-बार, महंगा रोए एक बार' यह हमें सबक देती है कि हमें सस्ती चीजों के बजाए अच्छी गुणवत्ता के प्रोडक्ट में निवेश करना चाहिए।

यही बात सीलिंग फैन छत वाले पंखे पर भी लागू होती है। भारत में उमस भरी गर्मी के बीच सीलिंग फैन का उपयोग कई गुना बढ़ जाता है। हाल ही में हुए अध्ययनों से साफ हो गया है कि 1960 के दशक में पंखों को उच्च गुणवत्ता की सामग्री से बनाया जाता था, जो आधुनिक पंखों की तुलना में बहुत लम्बे चलते थे। अध्ययनों से यह भी साफ हो चुका है कि कॉपर-वाइंडिंग वाले पंखे, एलुमिनियम वाइंडिंग की तुलना में दोगुना लम्बे चलते हैं।

## नथिंग फोन तीन और नथिंग हेडफोन एक की बिक्री अब भारत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लंदन स्थित टेक्नोलॉजी कंपनी नथिंग ने घोषणा की है कि दो प्रमुख उत्पाद दोपहर 12 बजे से पूरे भारत में बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे नथिंग फोन (3), इसका पहला ट्रू फ्लैगशिप स्मार्टफोन, और नथिंग हेडफोन (1), इसका पहला ओवर-ईयर ऑडियो उत्पाद। दोनों उत्पाद, सुविचारित डिजाइन और बोल्ड इनोवेशन के साथ उपभोक्ता तकनीक को नए सिरे से परिभाषित करने के नथिंग के दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। जिसका लाभ भी मिलता है।

# देवरानी के साथ आपत्तिजनक हालत में पति को पकड़ा

## पत्नी की हत्या का प्रयास, चार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ससुराल में विवाहिताको दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया। मारपीट के दौरान गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया गया। पीड़िता ने अपने पति को देवरानी के साथ आपत्ति. जनक हालत में रंगेहाथ पकड़ लिया। मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान ने अपनी बेटी की शादी 2 दिसंबर 2022 को बिजनौर जिले के एक गांव निवासी युवक के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। मायके से स्कॉर्पियो दिलाने का दबाव बनाते थे। इसी बीच विवाहिता ने अपने पति को देवरानी के साथ आपत्तिजनक हालत में रंगेहाथ पकड़ लिया। 10 मई 2024 के शाम पति अज्ञात व्यक्ति को लेकर घर आया और दोनों ने जान से मारने की नीयत से विवाहिता का गला दबा दिया। शोर मचाने पर आरोपी विवा. हता को कमरे में बंद कर भाग गए। इसके बाद विवाहिता ने अपने मायके वालों को बुला लिया। बिजनौर पुलिस से मामले की शिकायत की गई तो विवाहिता को उसके पिता के साथ मायके भेज दिया गया। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने मामले में विवाहिता की शिकायत पर पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# वादकारियों को दिलाएं सस्ता व सुलभ न्याय

## प्रशासनिक न्यायमूर्ति चन्द्रधारी सिंह ने किया न्यायालय परिसर का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** प्रशासनिक न्यायमूर्ति चंद्रधारी सिंह ने शनिवार को जिला न्यायालय परिसर का निरीक्षण किया। ई-सेवा केंद्र की शुरूआत करते हुए न्यायिक अधिकारियों संग पौधरोपण भी किया। परिवार न्यायालय, सीजेएम न्यायालय समेत अघधिकांश न्यायालयों का निरीक्षण कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। प्रशासनिक न्यायमूर्ति चंद्रधारी सिंह सुबह करीब 11 बजे जिला न्यायालय परिसर पहुंचे। पहले यहां उन्हें गार्द ने सलामी दी। इसके बाद बार एसोसिएशन के पदाघधिकारियों के साथ बैठक की। कहा कि बार और बैंच एक सिक्के के दो पहलू हैं। हम सभी का प्रयास वादकारियों को सस्ता व सुलभ न्याय दिलाना होना चाहिए। बार अध्यक्ष सलीम खान व सचिव सतीश कुमार त्यागी ने ज्ञापन सौंपा। एमएसीटी कोर्ट को जिला न्यायालय परिसर में स्थानांतरित करने के साथ उपभोक्ता आयोग को भी स्थानांतरित किए जाने की मांग की। लंबित अधिवक्ताओं के कैंपस से जुडे लीज डीड मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। न्यायालयों में अघधिवक्ताओं के लिए फर्नीचर की व्यवस्था कराने की मांग की। इस दौरान न्यायिक अघधिकारियों में जिला जज विवेक, एडीजे प्रथम शाकिर हसन, मधुलिका चौधरी, सीजेएम डा.लक्की सिंह, डीएम निघधि गुप्ता वत्स, एसपी अमित कुमार आनंद, सीएमओ डा.सत्यपाल सिंह साथ रहे।वहीं, अघधिवक्ताओं की ओर से छत्रपाल यादव, तेजपाल सिंह, अवनीश शरण बंसल, जयप्रकाश यादव आदि मौजूद रहे



## कुलपति को उपहार स्वरूप भेंट किया विवि का कुलगीत



**शाह टाइम्स ब्यूरो, अमरोह।** जेएस हिंदू पीजी कॉलेज अमरोहा के प्राचार्य प्रो. वीरवीरेंद्र सिंह की अगुवाई में शिक्षकों के एक शिष्ट मंडल ने गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के कुलपति प्रोफेसर सचिन माहेश्वरी से उनके कार्यालय में मुलाकात कर विश्वविद्यालय कुलगीत उपहार स्वरूप भेंट किया। ध्यातव्य है कि विश्वविद्यालय के लोगो, ध्येयवाक्य और कुलगीत का लोकार्पण 14 जुलाई 2025 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा किया गया है। जेएस हिन्दू पीजी कॉलेज, अमरोहा के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अरविंद कुमार द्वारा लिखित गीत को कुलगीत के रूप में मान्यता मिली है। कुलपति ने गीत की सराहना करते हुए रचयिता डॉ. अरविंद कुमार को बधाई दी। महाविद्यालय के प्राचार्य ने उपस्थित शिक्षकों की विशेषज्ञता के संबंध में अवगत कराया और कहा कि हम सभी विश्वविद्यालय की अपेक्षा अनुसार एकेडमिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक संलग्न रहकर बेहतर शैक्षणिक वातावरण निर्माण हेतु प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने प्रवेश प्रक्रिया तथा महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना, युवा महोत्सव आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम, रोवर्स रेंजर्स व खेल आदि से सम्बन्धित उपलब्धियों के बारे में भी बताया।

# एसआरएस में मेधावियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को आयोजित अलंकरण समारोह में सीबीएसई बोर्ड व वार्षिक स्कूल परीक्षा 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस वर्ष कक्षा 10 में अदिति गुप्ता, दक्ष प्रताप एवं साक्षी सिरोही को 95. 8% अंक प्राप्त करने पर विशेष सराहना मिली, जबकि इनके साथ साथ अहम खान, कृष्णकांत त्रिवेदी, भरत सिंह चहल, नैंसी चौधरी, तनिष चौधरी, यश्वी चौधरी, शिवांगी यादव, दिव्यार्थ चौधरी, लक्ष्य चौहान, आदित्य कुशवाहा एवं तनिष को विभिन्न विषयों में टॉप करने के लिए स्मृति चिन्ह, स्कॉलरशिप पत्र व बैज देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा अन्य श्रेणियों में भी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर चेयरमैन जीबी सिंह एवं मैनेजिंग डायरेक्टर वीरेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों के प्रयास और स्टॉफ के परिश्रम की भी सराहना की। इस अवसर पर निदेशक पुनीत सिंह, प्रधानाचार्य डी के चतुर्वेदी, कॉर्डिनेटर साक्षी सिंह समेत स्टॉफ के सदस्यगण और अभिभावक गण मौजूद रहे।

■ दसवीं में शानदार प्रदर्शन करने वाले बच्चों का बढ़ाया मनोबल



# मरीजों को इलाज के लिए दौड़ना न पड़े

## सीएमओ ने किया अस्पताल का निरीक्षण

**मंडी धनौरा।** सीएमओ डॉ सत्यपाल सिंह ने शनिवार को साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल कुमार और स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने अस्पताल में ट्रूनेट मशीन और डिजिटल एक्स-रे मशीन की समस्या को गंभीरता से लिया और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को इन मशीनों की तत्काल स्थापना के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों को समय पर जांच और इलाज मिलना बेहद जरूरी है। खासकर टीबी, डेंगू, मलेरिया और अन्य गंभीर रोगों की पहचान के लिए ट्रूनेट जैसी मशीनें जरूरी हैं।

सीएमओ ने अस्पताल परिसर की सफाई व्यवस्था, स्टाफ की उपस्थिति, दवा वितरण व्यवस्था, ओपीडी रजिस्टर, मरीजों की संख्या आदि का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति बेहतर होगी तो ग्रामीण जनता को जिला अस्पताल की ओर भागना नहीं पड़ेगा।

## चेयरमैन ने ऑक्सी वन में किया पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** नंदन वन के समीप विकसित किये गये ऑक्सी वन मे पालिकाध्यक्ष श्रीमती शशि जैन द्वारा वृक्षारोपण किया गया। शनिवार को वार्ड गुडलिया में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पालिकाध्यक्ष ने बताया की भारत वर्ष प्राचीन काल से ही कृषि प्रधान एवं हरियाली का देश रहा है। कुछ वर्षो से बढ़ती हुई जनसंख्या एवं नगरो के विस्तार के कारण वृक्षों के अत्यधिक कटान से हरियाली को नष्ट किया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष अतुल कुमार जैन, कर अधीक्षक केशव प्रसाद, अवर अभियंता रोहन राजा पटेल, राजस्व निरीक्षक ओमवीर सिंह, सरवि वशिष्ठ, प्रज्वल चौहान, सलमान खान, मोहम्मद आसिफ, आलोक कुमार, खलील अहमद, जैकी आदि मौजूद रहे।



# चेयरमैन ने टीबी के मरीजों को लिया गोद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** मानवता की एक मिसाल उस वक्त देखने को मिली जब नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने टीबी से जूझ रहे 20 मरीजों को गोद लेकर उनके लिए हर महीने पोषण पोटली देने का संकल्प लिया।

उन्होंने कहा कि टीबी के इलाज में दवाइयों के साथ-साथ पौष्टिक आहार भी उतना ही जरूरी है। मरीजों को हर माह राशन और पोषण युक्त सामग्री की पोटली दी जाएगी, जिससे उनका शरीर बीमारी से लड़ने में सक्षम हो सके।

इस मौके पर नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. इस्माइल सैफी ने भी 50 टीबी मरीजों को गोद लेकर उनकी देखभाल की जिम्मेदारी ली।

उन्होंने कहा कि टीबी जैसी बीमारी से केवल दवा से नहीं, सामाजिक सहयोग और पोषण से भी लड़ा जा सकता है। उन्होंने बताया कि मरीजों को नियमित रूप से खाद्य सामग्री और मान. सिक सहयोग देने का प्रयास रहेगा,

ताकि वे जल्दी स्वस्थ हो सकें। कार्यक्रम में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विशाल त्रिवेदी और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल कुमार भी मौजूद रहे। डॉ. राहुल कुमार ने कहा कि यह पहल पूरे जिले के लिए प्रेरणादायक है। यदि समाज के हर वर्ग से लोग आगे आएं और एक-एक मरीज को गोद लें, तो टीबी जैसी बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सकता है।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम समन्वयक राजू यादव, विशेष कुमार, विवेक कुमार, अभिषेक वर्मा, अनुपम सिंह और ममतेश कुमारी सहित अन्य अधिकारी व स्वास्थ्यकर्मी भी उपस्थित रहे।

यह पहल न केवल मरीजों के इलाज को गति देगी, बल्कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और सहयोग की भावना भी मजबूत करेगी।

## इंदु शर्मा वत्स को 1 करोड़ सेल्फी विद महिला लाभार्थी अभियान में द्वितीय स्थान मिलने पर हुआ सम्मान



**मेरठ।** एक करोड़ सेल्फी विद महिला लाभार्थी अभियान के अंतर्गत उल्लेखनीय योगदान देने पर अयोध्या स्थित दी रामायण होटल में आयोजित कार्यक्रम में मेरठ की वरिष्ठ अधिवक्ता इंदु शर्मा वत्स को देशभर में द्वितीय स्थान प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य, प्रदेश महामंत्री रश्मि रावल एवं प्रदेश मंत्री ममता पांडे द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण एवं लाभार्थी जुड़ाव अभियान में उनके प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई। सम्मान प्राप्त करने पर कैंट विधायक अमित अग्रवाल, सांसद एवं प्रसिद्ध अभिनेता अरुण गोविल, और भाजपा महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी ने इंदु शर्मा वत्स को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी है।

## एसबीआई ने किया वृक्षारोपण

**हसनपुर।** देश का प्रमुख बैंक भारतीय स्टेट बैंक समय समय अपने देशहित और सामाजिक सरोकार के कार्यों में अपना योगदान देता रहता है। पर्यावरण संरक्षण अभियान के उपलक्ष्य में देशभर में भारतीय स्टेट बैंक की शाखाओं द्वारा कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व गतिविधि में पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है।भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय मुरादाबाद द्वारा अपने क्षेत्राधिकार के तहत शाखाओं द्वारा ष्एक पेड़ मां के नामष अभियान में 1500 फलदार और छायादार वृक्षों का पौधारोपण किया गया है। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक संतोष कुमार, मुख्य प्रबंधक नवनीत गौड़, प्रबंधक एचआर श्री मानस राय, फील्ड ऑफिसर श्री अंकित जोशी, चीफ एसोसिएट मनोज कुमार अग्रवाल, धीरेंद्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## पिकअप चालक के खिलाफ रिपोर्ट

**हसनपुर।** पुलिस ने सड़क दुर्घटना में मौत के मुंह मेंसमाई टीचर के भाई की तहरीर पर पिकअप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बीते दिन गजरौला मार्ग पर मलिक फार्म हाउस के सामने बच्चों व स्कूल स्टाफ को भरकर गांव सहसौली के आईपीएस स्कूल सहसौली ले जा रही वैन की पिकअप से जोरदार भिड़ंत हो गई थी। साथ ही 6 वर्षीय छात्रा अनाया की भी मौत हो गई थी। इसके अलावा दो छात्र छात्राओं व शिक्षिकाओं समेत 14 लोग बुरी तरह से घायल हो गये थे। घायलों को हाय सेंटर के लिए रेफर किया गया था। इतनी बड़ी दुर्घटना घटित होने के बाद भी स्कूल संचालकों ने मौके पर पहुंचकर पीड़ितों से संपर्क नहीं किया था। इसको लेकर अभिभावकों में स्कूल के खिलाफ काफी गुस्सा भरा हुआ था। देर शाम गये जब निशा का शव पोस्टमार्टम होने के बाद घर पहुंचा तो वहां चीख पुकार मच गई।

संक्षिप्त खेल समाचार

## हैदराबाद करेगा दूसरे महिला कबड्डी विश्वकप की मेजबानी

**हैदराबाद, वार्ता।** बिहार के हटने के बाद हैदराबाद तीन से 10 अगस्त तक चलने वाले महिला कबड्डी विश्व कप 2025 की मेजबानी करेगा। अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) द्वारा भारतीय एमेच्योर कबड्डी महासंघ (एकेएफआई) के सहयोग से हैदराबाद के गाचीबावली इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस विश्वकप में 14 टीमें भाग लेंगी। भारत के अलावा, ईरान, बंगलादेश, नीदरलैंड, जापान, पोलैंड, युगांडा, केन्या, हंगरी, थाईलैंड, नेपाल, जर्मनी और अर्जेंटीना महिला कबड्डी विश्वकप के दूसरे संस्करण में भाग लेने की पुष्टि कर चुके हैं। यह टूर्नामेंट मूल रूप से बिहार के राजगीर में आयोजित होना था, लेकिन राज्य द्वारा मेजबानी से हटने के बाद इसे हैदराबाद स्थानांतरित कर दिया गया। हैदराबाद 2005 में एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप की मेजबानी कर चुका है।

## ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता शूटर बिंद्रा ने साय से की मुलाकात

**रायपुर, वार्ता।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से शनिवार को उनके निवास कार्यालय में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता शूटर श्री अभिनव बिंद्रा ने सौजन्य भेंट की और श्री साय ने श्री बिंद्रा से छत्तीसगढ़ में ओलंपिक वैल्यू एजुकेशन, स्पोर्ट्स इंजरी रिकवरी एवं स्पोर्ट्स साइंस डेवलपमेंट के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा की। श्री साय ने श्री बिंद्रा का पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने श्री बिंद्रा से छत्तीसगढ़ में खेल गतिविधियों के विकास एवं खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने संबंधी योजनाओं पर गहन चर्चा की।

# 35 औसत वाले राहुल विदेश में सबसे भरोसेमंद



● करियर के 10 में से 9 शतक विदेश में, इंग्लैंड सीरीज में 62.50 का औसत

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के खिलाफ जारी 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम के अनुभवी ओपनर केएल राहुल ने अपनी टेक्निक से सभी को खूब प्रभावित किया है। सीरीज में खेली लगभग हर एक पारी में नई गेंद के सामने राहुल दीवार बनकर खड़े हुए हैं। यही वजह रही है कि भारतीय टीम के मध्यक्रम ने मौजूदा सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया है। राहुल सीरीज की 6 पारियों में 62.50 की औसत से 375 रन बना चुके हैं। वह सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले 6 बैटर्स में इकलौते टॉप-3 में बैटिंग करने वाले खिलाड़ी हैं।

यह केवल इस सीरीज की बात नहीं है। 33 साल के राहुल हालिया वर्षों में विदेश में भारत के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज रहे हैं। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनके टेस्ट करियर की 10 में से 9 सेंचुरी विदेशी जमीन पर हैं। हालांकि, मौजूदा समय में भारतीय बल्लेबाजी की रीढ़ माने जाने वाले राहुल का करियर औसत सिर्फ 35.26 का है, जो उनके प्रदर्शन से बिल्कुल भी मेल नहीं खाता है। मौजूदा समय में टॉप-6 भारतीय बैटर्स में राहुल का औसत सबसे कम है, लेकिन इस बीच यह समझना भी जरूरी हो जाता है कि आखिरी एक दशक से भी ज्यादा समय से भारत के लिए खेल रहे राहुल का औसत इतना कम क्यों है? आइए इसके कारणों के बारे में जानते हैं, घरेलू मैदान की तुलना में विदेश में ज्यादा मैच साल 2014 में टेस्ट डेब्यू के बाद से राहुल ने 61 मैच खेले हैं। लेकिन इनमें से केवल 20 ही उन्होंने भारत में खेले। अन्य बैटर्स घरेलू परिस्थितियों में रनों का अंबार लगाते हैं, लेकिन उन्होंने 32 पारियों में 39.62 की औसत से सिर्फ 1149 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से केवल एक शतक निकला है। वहीं, विदेश में खेले 41 मैचों में 2483 रन स्कोर किए हैं। प्रदर्शन राहुल ने ज्यादातर रन बड़ी टीमों यानी इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और द. अफ्रीका के खिलाफ बनाए हैं। उन्होंने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 16-16 टेस्ट में क्रमशः 1330 रन और 894 रन बनाए हैं। इसके विपरीत वेस्ट इंडीज (374), श्रीलंका (354), बांग्लादेश (175) और अफगानिस्तान (54) जैसी कमजोर टीमों के खिलाफ उनके बेहद कम रन हैं। कन्वर्जन रेट कम, 2 बार 150+ स्कोर राहुल का अर्द्धशतक को शतक में बदलने का रेट कम है। करियर में 18 अर्द्धशतक और 10 शतक हैं। साल 2017 में ऑस्ट्रेलिया व श्रीलंका के खिलाफ रिकार्ड लगातार 7 अर्द्धशतक को शतक में तब्दील नहीं कर पाए थे। करियर में एक भी दोहरा शतक नहीं है। केवल दो बार ही राहुल डेढ़ सौ का आंकड़ा पार कर सके हैं। राहुल का ज्यादा मैच नहीं खेल पाना और खराब फार्म सहित चोटों के कारण लगातार टीम से अंदर बाहर होते रहना भी कम औसत का बड़ा कारण रहा है। राहुल के डेब्यू के बाद से पिछले 10 में से 5 साल में भारतीय टीम ने 10 से ज्यादा मैच खेले हैं। विराट-रोहित के संन्यास लेने से राहुल को पहली बार टीम के प्रमुख बैटर का जिम्मा मिला। राहुल करियर में टीम के दूसरे या तीसरे प्रमुख बैटर के रूप में खेलते रहे हैं। को. हली और रोहित जैसे दिग्गज बल्लेबाजों के बीच राहुल अपनी क्षमता के अनुकूल प्रदर्शन नहीं कर सके। लेकिन दोनों दिग्गजों के संन्यास के बाद अब राहुल टीम के प्रमुख और सबसे अनुभवी बैटर हैं। राहुल ने भी इस जिम्मेदारी को मौजूदा सीरीज में बखूबी निभाया है। उन्होंने अपने करियर में पहली बार किसी सीरीज में एक से अधिक शतक लगाए हैं।

## डोमेस्टिक सीजन 2025-26 खेल सकते हैं मोहम्मद शमी



**कोलकाता, वार्ता।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे पेसर मोहम्मद शमी को बंगाल ने डोमेस्टिक सीजन 2025-26 के 50 संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया है। शमी इंग्लैंड में भारत की टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं हैं और आईपीएल 2025 के बाद से उन्होंने कोई भी मैच नहीं खेला है। शमी 28 अगस्त से शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी में पूर्व क्षेत्र की टीम का हिस्सा हो सकते हैं। यह टूर्नामेंट, अपने पुराने फार्मेट इंटर-जोनल तरीके से खेला जाएगा। शमी, जिन्होंने 64 टेस्ट, 108 वनडे और 25 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। आईपीएल में, शमी की नई टीम सनराइजर्स हैदराबाद छठे स्थान पर रही, और उनका प्रदर्शन भी प्रभावशाली नहीं रहा। उन्होंने 9 पारियों में 6 विकेट लिए और प्रति ओवर 11.23 रन दिए। शमी इससे पहले लंबे समय तक चोट के कारण बाहर थे, जिसमें उनकी टखने की सर्जरी हुई और घुटने की समस्याओं ने भी परेशान किया। शमी ने आखिरी बार 2025 की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए खेला था। भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर खिताब जीता, और शमी ने 5 मैचों में 9 विकेट लिए, जो भारत के लिए वरुण चक्रवर्ती के साथ संयुक्त रूप से सर्वाधिक थे। हालांकि, उनकी गेंदबाजी महंगी रही, क्योंकि उन्होंने प्रति ओवर 5.68 रन दिए।

## हॉकी इंडिया ने सीनियर महिला राष्ट्रीय शिविर के लिए 40 खिलाड़ियों के नामों की घोषणा की

● इसमें पिछले शिविर के सभी खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया है, यह शिविर हमारे लिए महत्वपूर्ण

**बेंगलुरु, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने आगामी सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 40 खिलाड़ियों के नामों की शनिवार को घोषणा की।

बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में 21 जुलाई से 29 अगस्त तक आयोजित होने वाला यह शिविर भारतीय महिला हॉकी टीम की पांच सितंबर से चीन के हांगझाऊ में शुरू होने वाले महिला एशिया कप 2025 की तैयारी के मद्देनजर महत्वपूर्ण है। इस टूर्नामेंट की चैंपियन टीम को 2026 एफआईएच महिला विश्वकप के लिए सीधे जगह मिलेगी। इसमें पिछले शिविर के सभी खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया है। शिविर को लेकर भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा कि यह शिविर हमारे लिए एक बेहद महत्वपूर्ण मोड़ पर है। एशिया कप न केवल एक प्रतिष्ठित महाद्वीपीय टूर्नामेंट है, बल्कि 2026 विश्व कप के लिए एक सीधा रास्ता भी है। हम इस शिविर में पूरी तत्परता और एकाग्रता के साथ भाग ले रहे हैं ताकि हम हांगझाऊ में मानसिक और शारीरिक रूप से पूरी तरह तैयार टीम के रूप में पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि हमने निरंतरता बनाए रखने के लिए पिछले शि. विर के मुख्य खिलाड़ियों को बरकरार रखा है, साथ ही युवा खिलाड़ियों को सीनियर टीम में शामिल होने के लिए अधिक समय भी दिया है। यूरोप में एक कठिन प्रो लीग अभियान के बाद, जहां हम अपने मनचाहे परिणाम नहीं हासिल कर पाए थे।

## भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड का एशियन क्रिकेट काउंसिल की बैठक से इन्कार

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ढाका में एशियन क्रिकेट काउंसिल की वार्षिक बैठक में शामिल होने पर भाग नहीं लेगा। यह बैठक 24 जुलाई को बांग्लादेश की राजधानी ढाका में होनी है।

बीसीसीआई का कहना है कि बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति को देखते हुए बोर्ड वहां बैठक में शामिल नहीं हो सकता। भारत ने एसीसी अध्यक्ष और पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी से बैठक का स्थान बदलने की मांग की थी, लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है। सूत्रों के मुताबिक, मोहसिन भारत पर अनावश्यक दबाव डालने की कोशिश कर रहे हैं। बीसीसीआई ने साफ कहा है कि जब तक बैठक की जगह बदली नहीं जाती, एशिया कप को लेकर कोई फैसला नहीं हो सकता। भारत इस बार एशिया कप की

BCCI

● 24 जुलाई को ढाका में होनी है मीटिंग, एशिया कप-2025 के आयोजन को लेकर फैसला होना है

मेजबानी कर रहा है और यह टूर्नामेंट टी-20 फार्मेट में खेला जाएगा। अभी तक एसीसी ने टूर्नामेंट का शेड्यूल या स्थान घोषित नहीं किया है, लेकिन माना जा रहा है कि यह सितम्बर में हो सकता है। 2023 में भी भारत ने पाक जाकर एशिया कप खेलने से मना कर दिया था, जिसके बाद भारत के मैच श्रीलंका में कराए गए थे। इस साल भी ऐसी अटकलें थीं कि भारत महिला और पुरुष टीमें एशिया कप से हट सकती हैं, लेकिन बीसीसीआई सचिव ने इन खबरों को कल्पना पर आधारित और झूठा बताया है। श्रीलंका, ओमान और अफगानिस्तान के क्रिकेट बोर्ड भी भारत के साथ हैं और उन्होंने भी ढाका में मीटिंग को लेकर चिंता जताई है। बावजूद इसके, एसीसी चेयरमैन मोहसिन मीटिंग को ढाका में ही कराने पर अड़े हुए हैं। एसीसी के संविधान के अनुसार, अगर अहम सदस्य बोर्ड इस बैठक में शामिल नहीं होते हैं तो वहां लिए गए फैसले अमान्य माने जा सकते हैं। इससे एशिया कप की मेजबानी को लेकर बड़ा विवाद पैदा हो सकता है। सूत्रों का यह भी कहना है कि नकवी का ढाका में ही बैठक करवाने का जोर भारत पर दबाव बनाने की को. शिश के रूप में देखा जा रहा है।



## कान्वे की फिफ्टी से जीते कीवी

● ट्राई सीरीज के तीसरे मैच में जिम्बाब्वे को 8 विकेट से हराया, मैट हेनरी को 3 विकेट मिले

**हरारे, वार्ता।** डेवोन कान्वे की फिफ्टी से न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे को टी-20 ट्राई सीरीज में 8 विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत हासिल की। इसी के साथ कीवी टीम पाइंट्स टेबल के टाप पर पहुंच गई है। हरारे में खेले गए मैच में मैट हेनरी के 3 विकेट के दम पर न्यूजीलैंड ने पहले गेंदबाजी करते हुए जिम्बाब्वे को 120/7 के स्कोर पर रोका।

इसके बाद न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने 14 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे उनका नेट रन रेट 1.919 तक पहुंच गया। जिम्बाब्वे को अभी कोई अंक नहीं मिला है और उन्हें ट्राई सीरीज में बाहर होने से बचने के लिए दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले दोनों मैच जीतने होंगे। इस मैच में जिम्बाब्वे ने पिछले मैच (दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ) की तुलना में अधिक आक्रामकता दिखाई, लेकिन वे केवल 11 चौके और एक छक्का ही लगा सके, जो पिछले मैच से कम था। जिम्बाब्वे की सबसे बड़ी साझेदारी 37 रन की थी, जबकि न्यूजीलैंड ने दो अर्द्धशतकीय साझेदारियां कीं। टिम साइफर्ट के आउट होने के बाद डेवोन कानवे और रचिन रवींद्र ने 44 गेंदों में 59 रन जोड़े, फिर कानवे और डेरिल मिशेल ने 32 गेंदों में 58 रन की साझेदारी कर जीत आसान कर दी न्यूजीलैंड की गेंदबाजी शानदार रही। मैट हेनरी ने 3/26 के साथ छोटी गेंदों का अच्छा उपयोग किया।

स्पिनर मिशेल सैंटनर, माइकल ब्रेसवेल और रवींद्र ने 9 ओवर में केवल 43 रन देकर एक-एक विकेट लिया। जिम्बाब्वे के गेंदबाजों में केवल ब्लेसिंग मुजारबानी ने 6.75 की इकोनामी के साथ एक विकेट लिया। वेलिंगटन मसाकद्ज़ा की जगह तेज गेंदबाज टिनोटेंडा मापोसा को खिलाने का फैसला गलत साबित हुआ। वेस्ली मधेवरे ने पहली गेंद पर चौका लगाकर जिम्बाब्वे को तेज शुरुआत दी। पहले ओवर में 11 रन बने। पिछले 11 पारियों में केवल एक बार 20 से अधिक रन बनाने वाले मधेवरे ने आक्रामकता दिखाई, लेकिन 36 रन बनाकर आउट हो गए।

● एशिया जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप

## भारतीय मिक्स्ड टीम क्वार्टरफाइनल में

● भारत ग्रुप-डी में है और हांगकांग ने भी अपने दोनों मुकाबले जीत लिए है

**जकार्ता, वार्ता।** भारत ने बैडमिंटन एशिया जूनियर मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 110-83 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। एशिया जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप इंडोनेशिया में खेला जा रहा है। इससे पहले इंडिया ने श्रीलंका को हराया था। भारत ग्रुप डी में है और हांगकांग ने भी अपने दोनों मुकाबले जीत लिए हैं। दोनों टीमें आपस में भिड़ेंगी। भारत ने अपने सभी गेम जीते भारत ने शानदार शुरुआत की, जब लड़कियों के सिंगल्स में रुजुला रामू ने मायशा खान को 11-5 से हराया। इसके बाद मिक्स्ड डबल्स में सी लालरमसांगा और तारिणी सूरी ने भारत की बढ़त को 22-11 तक पहुंचाया। मैच के बीच में स्कोर 55-41 था, जो भारत के पक्ष में रहा। वहीं, यूएस ओपन फाइनलिस्ट तन्वी शर्मा ने मधुमिता सुंदरपांडियन को हरा कर भारत को 66-46 से आगे कर दिया। इसके बाद लालरमसांगा और रेशिका यू की जोड़ी ने दूसरी मिक्स्ड डबल्स में अधित्य किरण और मायशा खान को 11-5 से हराकर भारत को 77-51 की मजबूत बढ़त दिलाई। रिले स्कोरिंग फार्मेट में खेला जा रहा है टूर्नामेंट यह टूर्नामेंट 110 अंकों के रिले स्कोरिंग फॉर्मेट में खेला जा रहा है, जिसमें टीमें 10 मुकाबलों में 110 अंक हासिल करने होते हैं। भारत का इस टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2011 में रहा था, जब उसने कांस्य पदक जीता था। पिछले साल भारत मलेशिया से 2-3 से हारकर क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गया था। टूर्नामेंट में 17 टीमों को 4 ग्रुप में बांटा गया है इस टूर्नामेंट में 17 टीमें चार ग्रुप में बंटी हैं। तीन ग्रुप में तीन-तीन टीमें और एक ग्रुप में पांच टीमें हैं। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचती हैं।

## स्विटजरलैंड को हराकर स्पेन महिला यूरो के सेमीफाइनल में

**स्विटजरलैंड, वार्ता।** स्पेन ने दो पेनल्टी चूकने के बावजूद मेजबान स्विटजरलैंड को 2-0 से हराकर इतिहास में दूसरी बार महिला यूरो के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शुक्रवार को खेले गये क्वार्टर फाइनल के पहले हॉफ में पिना ने स्पेन के लिए कई मौके बनाए, लेकिन मेजबान टीम की मजबूत रक्षापंक्ति के कारण मध्यांतर तक दोनों टीमें गोल करने में विफल रहीं। स्पेन की फॉरवर्ड एथीनिया डेल कैस्टिलो ने बेंच से उतरकर स्कोरिंग की शुरुआत की और क्लाडिया पिना ने शानदार दूसरा गोल किया।

# आंद्रे रसेल का इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा

**नई दिल्ली, वार्ता।** वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने ऐलान किया है कि वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 और 22 जुलाई को होने वाले दो टी-20 मैचों के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। यह दोनों मैच जमैका के सबीना पार्क में खेले जाएंगे, जो रसेल का घरेलू मैदान है।

रसेल ने वेस्टइंडीज के लिए 141 मैच खेले और अपनी सबसे यादगार पारी 2016 टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ मुंबई में खेली। उस मैच में भारत ने 193 रन बनाए थे। रसेल जब नंबर 5 पर बल्लेबाजी के लिए आए, तब वेस्टइंडीज को 41 गेंदों में 77 रन की जरूरत थी। रसेल ने नाबाद 43 रन सिर्फ 20 गेंदों में बनाए और आखिरी ओवर में विराट को. हली की गेंद पर छक्का मारकर वेस्टइंडीज को जीत दिलाई। वेस्टइंडीज ने 2016 में अपना दूसरा टी-20 वर्ल्ड कप जीता था। रसेल ने कहा कि 2016 वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल मेरी जिंदगी का सबसे गर्व भरा पल था। उस समय भारत का पूरा स्टेडियम अपनी टीम को सपोर्ट कर रहा था, जिससे थोड़ा दबाव था। लेकिन पिच अच्छी थी और ड्रेसिंग रूम में हमें आत्मविश्वास था। इसी भरोसे ने मुझे खुलकर

● 2016 विश्व कप सेमीफाइनल को बताया सबसे गर्व का पल, वेस्टइंडीज के लिए 141 मैच खेले

खेलने की आजादी दी। भारत को सेमीफाइनल में हारने के बाद वेस्टइंडीज ने फाइनल में इंग्लैंड को हराकर चार साल में दूसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप जीता। रसेल दोनों जीत का हिस्सा रहे। इस पर उन्होंने कहा, दो वर्ल्ड कप जीतना एक अलग ही अहसास है।

फाइनल जीतने के बाद जब आप सोते हैं और बस दो घंटे में ही उठ जाते हैं, लेकिन फिर भी आप तरोताज़ा महसूस करते हैं, क्योंकि आप इंटरनेट पर वो सारे अच्छे पल, सोशल मीडिया पोस्ट और लोगों की शुभकामनाएं देखना चाहते हैं। वो सब देख कर मैं भावुक हो जाता हूं। रसेल ने कहा कि उन्होंने वेस्टइंडीज के लिए हर मौके पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की और अब उन्हें लगता है कि विदा लेने का यही सही समय है। मेरे लिए सबीना पार्क में रिटायर होना एक सपना जैसा है। यहीं से मैंने क्रिकेट की शुरुआत की थी और यहीं पर खत्म करना मेरे लिए सम्मान की बात है।




## चार भारतीय महिला खिलाड़ी फिडे विश्व कप के फाइनल में

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की चार महिला चेस खिलाड़ी फिडे विम. ेंस वर्ल्ड कप के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई हैं। जार्जिया के बटुमी में आयोजित हो रहे इस टूर्नामेंट में कोनेरू हम्पी, द्रोणवल्ली हरिका, आर.वैशाली और इंटरनेशनल मास्टर दिव्या देशमुख ने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बना ली है।

अनुभवी हम्पी ने भी स्विटजरलैंड की पूर्व वर्ल्ड चैंपियन एलेक्जेंड्रा कोस्टेनियुक को टाइब्रेक्स में 1.5-0.5 से हराया। हम्पी सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए चीन की युशिन सान्ग से भिड़ेंगी। दिव्या और हरिका में से एक का सेमीफाइनल में जाना तय है। दिव्या और हरिका में से एक का सेमीफाइनल में जाना तय है। क्वार्टर फाइनल में दिव्या और हरिका आपस में भिड़ेंगी। जिससे यह मुकाबला पूरी तरह से भारतीय होगा। दिव्या ने प्री-क्वार्टरफाइनल में दूसरे वरीयता प्राप्त चीनी खिलाड़ी झू जिनर को 1. 5-0.5 से हराया। उन्होंने पहले गेम में काले मोहरों से जीत हासिल की और दूसरे गेम में सफेद मोहरों से ड्रा किया। दिव्या ने प्री-क्वार्टरफाइनल में दूसरे वरीयता प्राप्त चीनी खिलाड़ी झू जिनर को 1.5-0.5 से हराया। हरिका ने रूस की कतेरीना लागनो के खिलाफ 15+10 रैपिड टाइब्रेक्स के पहले गेम में हार का सामना किया, लेकिन दूसरे गेम में वापसी करते हुए जीत हासिल की। मुकाबला फिर 10+10 रैपिड टाइब्रेक्स में चला गया, जहां हरिका ने पहले गेम में काले मोहरों से ड्रा किया और दूसरे गेम में सफेद मोहरों से जीत दर्ज की। हरिका द्रोणावल्ली और काटेरिना लाग्नो ने आधा-आधा अंक साझा किया। वैशाली का सामना चीनी खिलाड़ी से होगा आर.वैशाली ने कजाकिस्तान की मेरुएर्त कमालिदेना. वा के खिलाफ 15+10 और 10+10 रैपिड टाइब्रेक्स में गेम्स को बांटा। मुकाबला ब्लिट्ज टाइब्रेक्स में चला गया।




नई दिल्ली। गाजा में चल रहे सशस्त्र संघर्ष के बीच नेहरू प्लेस में फलस्तीनियों के समर्थन में प्रदर्शन में भाग लेते लोग।

# गाजा में भारी गोलीबारी, 50 फलस्तीनी मारे गए

## खाद्य वितरण केंद्र पर इजरायली सेना ने लोगों पर गोलियां बरसाईं, ड्रोन से भी गोलियां चलाई गईं

**दीर अल-बलाह।** गाजा पट्टी के दक्षिणी हिस्से में शनिवार को 50 से ज्यादा फलस्तीनी मारे गए हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार ये सभी खाने के पैकेट के लिए जा रहे थे। वहीं अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार, इजरायली सेना ने भीड़ पर गोलियां चलाई, जिसमें कई लोग घायल भी हुए हैं।

जानकारी के मुताबिक, ये सभी फलस्तीनी गाजा मानवतावादी फाउंडेशन (जीएचएफ) नाम की संस्था की तरफ से चलाए जा रहे खाद्य वितरण केंद्रों की ओर जा रहे थे। यह संस्था अमेरिका और इजरायल की मदद से मई महीने से गाजा में खाना बांट रही है। जीएचएफ ने मई महीने में गाजा में काम शुरू किया था। इसका मकसद भूखे लोगों को खाना पहुंचाना है। अमेरिका और इजरायल ने इस संस्था को इसलिए समर्थन दिया क्योंकि उनका आरोप है कि पारंपरिक यूएन आधारित राहत

### जीएचएफ के खाद्य वितरण केंद्रों की ओर जा रहे थे मारे गए लोग

वितरण प्रणाली में हमास के आतंकी राशन चुरा लेते हैं। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र इस आरोप को सिरे से खारिज करता है। जीएचएफ दावा करता है कि उसने लाखों खाने के पैकेट बांटे हैं, लेकिन स्थानीय स्वास्थ्य विभाग और प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि सैंकड़ों लोग इन केंद्रों पर गोलीबारी में मारे जा चुके हैं। जानकारी के अनुसार, गोलीबारी की घटना मुख्य रूप से दो जगहों पर हुई। जिसमें पहली घटना तेइना इलाका, खान यूनिस शहर के पास हुई। इस दौरान लगभग तीन किलोमीटर दूर जीएचएफ के एक केंद्र की ओर सैकड़ों लोग पैदल चल रहे थे। गवाहों के अनुसार, पहले इजरायली सेना ने चेतावनी में हवाई फायरिंग की, लेकिन बाद में सीधे लोगों पर गोलियां बरसा दीं। एक प्रत्यक्षदर्शी ने

### मई महीने से भूखे लोगों को खाना पहुंचा रही है जीएचएफ

बताया कि यह एक नरसंहार था, सैनिकों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।श एक अन्य गवाह ने बताया कि टैंकों और ड्रोन से भी गोलियां चलाई गईं। इसके बाद घायल लोगों को उठाकर नासर अस्पताल, खान यूनिस लाया गया, जहां 25 शव और 70 घायलों की पुष्टि हुई है। दूसरी घटना शकूश इलाका, रफा शहर के पास हुई। यहां भी जीएचएफ केंद्र के पास भीड़ पर गोलियां चलीं, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक महिला भी थी। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इस गोलीबारी के बारे में जानकारी देते हुए एक शख्स ने कहा कि हमने चिल्लाकर कहा- खाना चाहिए, खाना! लेकिन उन्होंने हमसे बात नहीं की, सीधे गोलियां चलाईं। एक जॉर्डन-फलस्तीनी व्यक्ति ने बताया कि उनका 19 साल का बेटा हिशाम भी मारा गया। उन्होंने जॉर्डन सरकार से अपील की कि उन्हें गाजा से निकालने में मदद करें। जीएचफ ने कहा है कि उसके केंद्रों पर कोई गोलीबारी नहीं हुई, और अगर मौतें हुई हैं तो भगदड़ और हमास की तरफ से फैलाई अफवाहों के कारण हुईं। वहीं इजरायली सेना ने कहा कि वह केवल 'चेतावनी के तौर पर फायरिंग' करती है अगर भीड़ बहुत पास आ जाए। हालांकि, शनिवार की घटना पर सेना और जीएचएफ की ओर से कोई आधिकारिक बयान अब तक नहीं आया है। 7 अक्तूबर 2023 को हमास ने इजरायल पर हमला किया, जिसमें 1200 लोग मारे गए और 250 को बंधक बना लिया गया। जवाब में इजरायल ने गाजा पर भीषण सैन्य अभियान शुरू किया, जिसमें अब तक 58000 से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं, जिनमें आधे से ज्यादा महिलाएं और बच्चे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### शीनबाम ने नई अमेरिकी सीमा दीवार के निर्माण का कड़ा विरोध किया

**मैक्सिकन सिटी।** मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने शुक्रवार को न्यू मैक्सिको में सीमा पर दीवार के एक नए हिस्से के निर्माण का कड़ा विरोध किया और इसे अमेरिकी सरकार का एकतरफा कदम बताया। राष्ट्रपति शीनबाम ने अपनी दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मेक्सिको किसी भी तरह से इस परियोजना में शामिल नहीं है और न ही इसके लिए कोई धनराशि दे रहा है। उन्होंने कहा कि वे इसे अपने दम पर बना रहे हैं। हम दीवार का समर्थन नहीं करते।

### चीन में तूफान 'विफा' के लिए येलो अलर्ट

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रीय वेधशाला ने शनिवार को देश के छठवें तूफान 'विफा' के लिए पीला अलर्ट जारी किया और इससे देश के दक्षिणी तटीय क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश की आशंका है। राष्ट्रीय मौसम केंद्र के अनुसार आज सुबह पांच बजे तूफान 19.9 डिग्री उत्तर अक्षांश और 120.2 डिग्री पूर्व देशांतर पर स्थित था, जो 15.20 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि रविवार दोपहर या शाम के समय दक्षिण चीन के ग्वांगडोंग प्रांत के शेनझेन शहर से लेकर हैनान प्रांत के वेनचांग शहर तक तटीय क्षेत्रों में तूफ़ान के असार हैं।

### कनाडा में जंगल की आग बढ़ने की आशंका

**ओटावा।** कनाडा के ऊर्जा एवं प्राकृतिक संसाधन मंत्री टिम हॉजसन ने शुक्रवार को कहा कि अगस्त तक पश्चिमी कनाडा के अधिकांश हिस्सों में जंगल की आग के के बढ़ने की आशंका है और यह औसत से कहीं अधिक तेज हो सकती है। हॉजसन ने जंगल की आग का पूर्वानुमान जारी करते हुए कहा कि इसका सबसे जयादा खतरा दक्षिणी ब्रिटिश कोलंबिया में है। मौसम के पूर्वानुमान जुलाई से अगस्त तक देश के अधिकांश हिस्सों में औसत से अधिक तापमान का संकेत देते है और आने वाले हफ्तों में विशेष रूप से पश्चिम और उत्तर में शुष्क परिस्थितियों के और बढ़ने की संभावना है।

### उ. कोरिया का नया समुद्र तटीय रिसॉर्ट विदेशियों के लिए बंद

**सिंगापुर।** उत्तर कोरिया ने नये समुद्र तटीय रिसॉर्ट पर कुछ हफ्तों बाद ही विदेशी पर्यटकों के आने पर प्रतिबंध लगा दिया है। एक जुलाई को खोले गए वॉनसन कल्मा तटीय पर्यटन क्षेत्र को उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की पर्यटन को बढ़ावा देने की महत्वाकांक्षाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बताया जा रहा है। उत्तर कोरिया ने फरवरी में ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन सहित पश्चिमी देशों के पर्यटकों को भी अनुमति दी थी।

# भारत-पाक संघर्ष में पांच जेट गिरे: ट्रम्प

## जेट किस देश के यह नहीं बताया, अमेरिकी राष्ट्रपति ने 24वीं बार कहा: भारत-पाक जंग मैंने रुकवाई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा किया। साथ ही उन्होंने कहा: मुझे लगता है कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष में सच में पांच जेट गिरे थे। हालांकि, उन्होंने यह साफ नहीं किया कि ये विमान किस देश के गिरे थे। ट्रम्प ने ये बात व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन सांसदों के साथ डिनर के दौरान कही। ट्रम्प अब तक 24 बार भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने की बात कह चुके हैं।

पहली बार ऐसा दावा उन्होंने 10 मई को सोशल मीडिया पर किया था। दरअसल, पाकिस्तान ने दावा किया था कि उसने लड़ाई में 5 भारतीय विमान मार गिराए थे। वहीं, भारत ने भी कहा था कि पाकिस्तान के कुछ विमान गिराए गए हैं। पाकिस्तान ने अपने किसी भी विमान के नुकसान से इनकार किया, लेकिन हवाई ठिकानों को निशाना बनाने की बात मानी थी। ट्रम्प बोले थे: हम संघर्षों को निपटाने में बहुत सफल रहे इससे पहले 14 जुलाई को ट्रम्प ने अपने इस दावे को दोहराया था कि उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के बाद हाल ही में भारत-पाकिस्तान संघर्ष को बढ़ने से रोक दिया था। ट्रम्प ने ये टिप्पणियां नाटो के महासचिव मार्क रूट के साथ अपनी बैठक के दौरान कीं। ट्रम्प ने कहा कि हम युद्ध को निपटाने में बहुत सफल रहे हैं। उन्होंने व्यापार को लाभ के रूप में इस्तेमाल करने की अपनी रणनीति की ओर इशारा करते हुए कहा कि हमने व्यापार के माध्यम से ऐसा किया। मैंने कहा था कि जब तक आप इस मामले को सुलझा नहीं लेते, हम आपसे व्यापार के बारे में बात नहीं करेंगे, और उन्होंने ऐसा किया।



■ ट्रम्प ने वॉल स्ट्रीट जर्नल पर मानहानि का केस किया 86 हजार करोड़ डॉलर का हर्जाना भी मांगा

वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वॉल स्ट्रीट जर्नल (डब्ल्यूएचजे) पर मानहानि का केस किया है। उन्होंने 10 अरब डालर (लगभग 86188 करोड़ भारतीय करेंसी) हर्जाने की मांग की है। ट्रम्प ने डब्ल्यूएचजे पर आरोप लगाया है कि उसने एक झूठी और मानहानिकारक खबर छापी, जिसमें उनका नाम अरबपति और सेक्स ट्रैफिकिंग के दोषी जेफ्री एपस्टीन के साथ जोड़ा गया है। दरअसल, अखबार ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि ट्रम्प ने साल 2003 में एपस्टीन के 50वें जन्मदिन पर एक लेटर भेजा था। इस लेटर में सिर्फ ट्रम्प का नाम ही नहीं था, बल्कि उसमें एक नग्न महिला की तस्वीर भी संलग्न थी। ट्रम्प ने इस खबर को झूठा और अपमानजनक बताते हुए कहा है कि अगर डब्ल्यूएचजे ने इसे वापस नहीं लिया, तो वह कानूनी कार्रवाई करेंगे। इसके मालिक रूपर्ट मर्डोक और उनकी कंपनी न्यूज कार्प पर केस करने की धमकी दी थी।

### ट्रम्प ने ब्रिक्स के खत्म होने की भविष्यवाणी की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर से ब्रिक्स देशों को चेतावनी दी कि अगर वे अमेरिका के खिलाफ काम करेंगे तो उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने खास तौर पर ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों से होने वाले आयात पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात दोहराई। ट्रम्प ने कहा, जब मैंने पहली बार ब्रिक्स ग्रुप के बारे में सुना-छह देश हैं इसमें मैंने उन पर बहुत सख्ती से कार्रवाई की। अगर यह समूह कभी भी मजबूत तरीके से सामने आता है तो यह बहुत जल्द खत्म हो जाएगा। ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि ब्रिक्स देशों की डॉलर को चुनौती देने की कोशिशें नाकाम हो रही हैं। उन्होंने कहा, ब्रिक्स नाम का एक छोटा समूह है, जो अब तेजी से कमजोर पड़ रहा है। इस बार ट्रम्प ने अपने भाषण में किसी देश का नाम तो नहीं लिया, लेकिन कहा कि हम किसी को भी अपने साथ खेलने की इजाजत नहीं दे सकते।

### अमेरिका कुछ बड़े व्यापारिक सौदों की घोषणा जल्द करेगा: ट्रम्प

**न्यूयॉर्क।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका की ओर से कुछ बड़े व्यापारिक सौदों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में स्टेबलकॉइन एक्ट पर शुक्रवार को हस्ताक्षर समारोह में कहा कि वे आज ही ऐसा कर सकते हैं शायद बाद में, हम ऐसा करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि जब मैं यह दस्तावेज भेजूंगा कि आप 35 प्रतिशत या 40 प्रतिशत टैरिफ दे रहे हैं तो यह एक समझौता होगा। फिर वे फ़ोन करेंगे और देखेंगे कि क्या वे कुछ अलग तरह का समझौता कर सकते हैं। ट्रम्प ने हाल ही में एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत व्यापक अमेरिकी पारस्परिक आयात शुल्क के 90-दिवसीय निलंबन को नौ जुलाई से एक अगस्त तक बढ़ा दिया गया है और कई प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के साथ व्यापार वार्ता चल रही है। गत आठ जुलाई को सोशल मीडिया पर अमेरिका के राष्ट्रपति के पोस्ट के अनुसार एक अगस्त की समय-सीमा में कोई बदलाव या विस्तार नहीं होगा, जब आयात शुल्क का भुगतान शुरू होगा।

# फ्रांसीसी प्रधानमंत्री की लोकप्रियता घटी

**मॉस्को।** फ्रांस के प्रधानमंत्री फ्रेंकोइस बायरू ने देश के सार्वजनिक घाटे को कम करने के लिए उपायों की घोषणा की है लेकिन देश के अधिकांश नागरिक उनकी नीतियों से सहमत नहीं हैं और चाहते हैं कि वह अपना पद छोड़ दें। आरटीएल प्रसारक के लिए इप्सोस बीवीए द्वारा किए गए एक नए सर्वेक्षण के अनुसार 50 प्रतिशत से अधिक नागरिक चाहते हैं कि बायरू अपने पद से इस्तीफा दें।

इस पोल में यह भी सामने आया है कि केवल 20 प्रतिशत फ्रांसीसी नागरिक ही उनकी नीतियों का समर्थन करते हैं। आरटीएल द्वारा शुक्रवार को प्रकाशित सर्वेक्षण के अनुसार, केवल 20 प्रतिशत फ्रांसीसी नागरिक प्रधानमंत्री का समर्थन करते हैं जबकि 59 प्रतिशत लोग चाहते हैं कि बायरू इस्तीफा दें।सर्वेक्षण 16-17 जुलाई को हुआ जिसमें शामिल 1000 से जयादा लोगों में से 44 प्रतिशत लोग संसद भंग करने के पक्ष में थे और 34 प्रतिशत लोग अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में थे। वहीं सर्वेक्षण में शामिल 41 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे अविश्वास प्रस्ताव को लेकर

■ बायरू ने सार्वजनिक घाटे को कम करने के लिए उपायों की घोषणा की

चिंतित होंगे। बायरू ने कहा कि उनका लक्ष्य अगले साल फ्रांस के बजट घाटे को जीडीपी के 4-6 प्रतिशत तक कम करना है। मंगलवार को अगले वर्ष के लिए मसौदा बजट पेश करते हुए बायरू ने कहा कि फ्रांस वर्ष 2026 में अपने सबसे धनी नागरिकों के लिए कर बढ़ाएगा और मुद्रास्फीति के आधार पर पेंशन एवं सामाजिक लाभों को समाप्त कर देगा। प्रधानमंत्री की योजना देश के बजट घाटे को वर्ष 2029 तक यूरोपीय संघ की तीन प्रतिशत जीडीपी सीमा के नीचे लाने की है। इसके लिए उन्होंने 43.8 अरब यूरो की कटौती की योजना बनाई है, जिसमें सार्वजनिक खर्च में वृद्धि पर रोक लगाना और उच्च आय वालों पर 'एकजुटता' कर लगाना शामिल है। प्रधानमंत्री ने देश के स्वास्थ्य सेवा बजट में पांच अरब यूरो की कटौती करने की योजना की भी बात की और स्थानीय अधिकारियों के लिए 2026 में अपने खर्च से 5.3 अरब यूरो की कटौती करने की योजना बनाई।

# एर्दोआन, पुतिन ने सीरिया में झड़पों इजरायली हमलों पर की चर्चा

**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोआन ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ फोन पर बातचीत की और सीरिया में संघर्ष को पूरे क्षेत्र की स्थिरता के लिए खतरा करार दिया है। तुर्की के राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में यह जानकारी दी है।

बयान के अनुसार, शुक्रवार को हुई बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने सीरिया के दक्षिणी प्रांत स्वेदा में बढ़ते तनाव पर चर्चा की। एर्दोआन ने इजरायल द्वारा सीरिया की संप्रभुता का ख्याल रखने के महत्व को रेखांकित किया तथा सीरिया में स्थिरता एवं सुरक्षा को बढ़ावा देने तथा देश की स्थिति के यथाशीघ्र सामान्य होने के लिए समर्थन देने की तुर्की की प्रतिबद्धता दोहराई। क्रेमलिन ने एक बयान में कहा कि दोनों नेताओं ने सीरिया में बढ़ते तनाव सहित मध्य-पूर्व में घटित घटनाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। क्रेमलिन ने एक बयान में कहा कि दोनों नेताओं ने सीरिया में हाल ही में हिंसा में हुई वृद्धि पर गहरी चिंता व्यक्त की तथा इस बात पर बल दिया कि सीरिया के विविध समाज के सभी लोगों के वैध अधिकारों का सम्मान करते हुए बातचीत एवं राष्ट्रीय समझौते को मजबूत करके यथाशीघ्र स्थिति को सामान्य करना बहुत महत्वपूर्ण है बयान के अनुसार, दोनों पक्षों ने सीरिया की संप्रभुता, एकता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने की आवश्यकता पर बल दिया।

# सीरिया-इजरायल संघर्ष विराम पर सहमत

## अमेरिकी दूत के हवाले से किया जा रहा दावा-स्वैदा से सीरियाई बलों की वापसी के बाद फैसला

**दमिश्क।** सीरिया के स्वैदा प्रांत में सीरियाई बलों और ड्रूज अल्पसंख्यक समुदाय के बीच हिंसा के बाद इजरायल ने सीरिया पर हमले किए। अब अमेरिकी दूत के हवाले से दावा किया जा रहा है कि सीरिया और इजरायल संघर्ष विराम पर सहमत हो गए हैं। सीरिया में अमेरिकी दूत टाम बैरक ने कहा कि स्वैदा से सीरियाई बलों की वापसी के बाद इजरायल ने संघर्ष विराम कर लिया है।

बैरक ने एक्स पर लिखा कि इजरायल और सीरिया के बीच नए युद्ध विराम का तुर्की, जार्डन और अन्य पड़ोसी देशों ने समर्थन किया है। ड्रूज से अपने हथियार डालने और अन्य अल्पसंख्यकों के साथ मिलकर अपने पड़ोसियों के साथ शांति और समृद्धि में एक नई और एकजुट सीरियाई पहचान बनाने का आह्वान किया है। वहीं इजरायल ने कहा कि वह ड्रूज समुदाय की रक्षा के लिए काम कर रहा है, जो इजरायल में



■ इजरायल और सीरिया के बीच नए युद्ध विराम का तुर्की, जार्डन और अन्य पड़ोसी देशों ने किया समर्थन

एक बड़ा समुदाय है। वहां एक वफादार अल्पसंख्यक के रूप में देखा जाता है। इससे पहले सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा ने घोषणा की थी कि सरकार स्वैदा में झड़पों को रोकने और जमीनी स्तर पर संघर्ष को सुलझाने के लिए एक विशेष बल भेजेगी। उन्होंने कहा कि समझौते के तहत सरकारी बलों के हटने के बाद, ड्रूज गुटों और मौलवियों को स्वैदा में आंतरिक सुरक्षा बनाए रखनी होगी। सीरियाई अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले सरकार ने भी ड्रूज गुटों के साथ एक समझौते पर बातचीत की थी। मगर सफल नहीं रही। सीरिया में लंबे समय से गृहयुद्ध जैसी स्थितियां बनी हुई हैं।

हालिया संघर्ष की शुरुआत तब हुई जब एक द्रुज सब्जी विक्रेता को एक बेदुइन कबायलियों ने अपहरण कर लूट लिया। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच एक के बाद एक अपहरण और जवाबी हमले शुरू हो गए। इसके बाद हिंसा और भड़क उठी और सीरियाई सरकार के लड़ाके भी ड्रूजों की हत्या में शामिल हो गए। इस घटनाक्रम को देखते हुए इजरायल ने 15 जुलाई को पहली बार सीरिया के स्वैदा में हमले बोले और कट्टरपंथी लड़ाकों को भागने पर मजबूर कर दिया।

# जरूरत पड़ने पर इजरायल का सामना करने को तैयार: हिजबुल्लाह नेता

**बेरूत।** हिजबुल्लाह नेता नईम कासिम ने 'इज़रायली आक्रमण' और अमेरिका समर्थित क्षेत्रीय दबावों से लेबनान के 'अस्तित्व को खतरे' की चेतावनी देते हुए कहा है कि उनका संगठन ज़रूरत पड़ने पर इज़रायल के सैन्य रूप से सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने ये टिप्पणी वर्ष 2024 में एक इज़रायली हमले में मारे गए हिजबुल्लाह के शहीद कमांडर अली अब्दुल मोनीम कराकी (अबू अल-फ़दल) की स्मृति में शुक्रवार को आयोजित एक श्रद्धांजलि सभा के दौरान की। स्थानीय टीवी चैनल अल-मनार ने कासिम के हवाले से कहा कि हम रक्षात्मक टकराव के लिए तैयार हैं।

# अमेरिका जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या 70% गिरी

## छात्रों से जुड़ी नीतियों की वजह से वीजा स्लाट्स में रुकावट और रिजेक्शन में बढ़ोतरी से स्थिति बनी

**नई दिल्ली।** अमेरिका में पढ़ाई के लिए जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में 70 प्रतिशत की भारी गिरावट देखी गई है। ट्रम्प प्रशासन की अंतर्राष्ट्रीय छात्रों से जुड़ी नीतियों की वजह से वीजा स्लाट्स में रुकावट और वीजा रिजेक्शन में अचानक बढ़ोतरी से यह स्थिति बनी है। हैदराबाद ओवरसीज कंसल्टेंट के संजीव राय ने बताया-आमतौर पर इस समय तक छात्र अपने वीजा इंटरव्यू पूरे कर चुके होते हैं और अमेरिका जाने की तैयारी कर रहे होते हैं। इस साल हम रोज पोर्टल चेक कर रहे हैं कि कहीं स्लाट खुल जाएं, लेकिन यह कई सालों में सबसे खराब स्थिति है। अमेरिकी अधिकारियों ने वीजा स्लाट्स को अलग-अलग स्टेज



में जारी करने का वादा किया था, लेकिन हालात अभी तक क्लियर नहीं हैं, जिससे छात्रों में साल बर्बाद होने का डर बढ़ गया है। वहीं, विंडो ओवरसीज एजुकेशन कंसल्टेंसी के अंकित जैन ने कहा कि स्लाट्स बुक करने के बावजूद कई छात्रों को कन्फर्मेशन नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा: ऐसा लगता है कि अमेरिका अपने सिस्टम की टेस्टिंग कर रहा है। इन सब दिक्कतों के चलते कई छात्र अब दूसरे देशों में पढ़ाई के विकल्प तलाश रहे हैं। 23 साल के एक छात्र ने कहा: मैं और इंतजार नहीं कर सकता। मुझे एक साल बर्बाद होने का डर है। अमेरिका का रास्ता बंद लग रहा है। आई20 फीवर कंसल्टेंसी के अरविंद मांडुवा ने चेतावनी दी कि अगर अगले कुछ दिनों में स्लाट्स नहीं खुले, तो हजारों छात्रों के सपने टूट जाएंगे। हमें हर दिन छात्रों और उनके माता-पिता के फोन आ रहे हैं। इसके अलावा, मार्च में आवेदन करने वाले छात्र, जिन्हें इंटरव्यू स्लाट्स मिल चुके थे, अब हाई रिजेक्शन का सामना कर रहे हैं। ओवरसीज एजुकेशन कंसल्टेंसी के अंकित जैन के मुताबिक, कई छात्र, जिन्हें आमतौर पर आसानी से वीजा मिल जाता था, अब रिजेक्ट हो रहे हैं। उनके सोशल मीडिया प्रोफाइल भी क्लियर हैं। रिजेक्शन का ज्यादातर कारण सेक्शन 214बी बताया जा रहा है। सेक्शन 214(बी) अमेरिकी इमिग्रेशन कानून का एक प्रावधान है, जो तब लागू होता है जब आवेदक यह साबित नहीं कर पाता कि वह पढ़ाई के बाद अपने देश वापस लौटेगा।

# रूसी हस्तक्षेप की गलत जानकारी ओबामा के अधिकारियों ने फैलाई: गबार्ड

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने शनिवार को एक रिपोर्ट जारी कर आरोप लगाया कि ओबामा प्रशासन के अधिकारियों ने 2016 के चुनाव में रूसी हस्तक्षेप से संबंधित खुफिया जानकारी फैलाई थी।

गबार्ड ने एक बयान में दावा किया कि पूर्व अधिकारी एक देशद्रोही षड्यंत्र में शामिल थे। उन्होंने कहा कि उनका कार्यालय संभावित आपराधिक संदर्भों के लिए अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) को सबूत सौंप रहा है। अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) के कार्यालय ने शुक्रवार को खुलासा किया कि ओबामा प्रशासन ने 2016 चुनाव में रूस के तथाकथित हस्तक्षेप के मामले को तैयार किया जबकि खुफिया रिपोर्टें लगातार इसके विपरीत संकेत दे रही थीं। कार्यालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि गबार्ड ने ठोस सबूत का खुलासा किया है जो दर्शाता है कि कैसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा हिलेरी क्लिटन के खिलाफ 2016 का चुनाव जीतने के बाद, तत्कालीन राष्ट्रपति ओबामा और उनके राष्ट्रीय सुरक्षा कैबिनेट के सदस्यों ने खुफिया जानकारी का निर्माण और राजनीतिकरण किया। डीएनआई ने पाया कि छह जनवरी, 2017 को जारी रूस के चुनाव हस्तक्षेप पर खुफिया समुदाय (आईसी) का आकलन, आईसी द्वारा पिछले छह महीनों में किए गए आकलनों के विपरीत था जिसमें चुनाव से पहले किए गए आकलन भी शामिल थे।

बयान में यह भी संकेत दिया गया कि ओबामा प्रशासन ने नौ दिसम्बर, 2016 को राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक के बाद रूस के हस्तक्षेप की बात को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया कि बैठक के बाद ओबामा के अधिकारियों ने वाशिंगटन पोस्ट सहित मीडिया संस्थानों मेंभ्रामक बयान लीक किया जिसमें कहा गया था कि रूस ने साइबर माध्यमों से चुनाव परिणाम में हस्तक्षेप करने का प्रयास किया भले ही वह सक्रिय रूप से प्रभावित न कर सके।



# सोनम ने बागी-4 की शूटिंग पूरी की

**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री सोनम बाजवा ने फिल्म बागी 4 की शूटिंग पूरी कर ली है। सोनम बाजवा ने टाइगर श्रॉफ के साथ फिल्म बागी 4 की शूटिंग पूरी कर ली है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी है। सोनम बाजवा ने एक पोस्ट में अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें क्लैपरबोर्ड के साथ पोज दे रही हैं। इसके साथ उन्होंने एक पोस्ट भी लिखी है और फिल्म के बारे में जानकारी दी है। सोनम बाजवा ने सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा है और बस यूं ही बागी 4 की शूटिंग पूरी हो गई। यह मेरी दूसरी हिंदी फिल्म है। यह एक ऐसा सफर है जो जोश और विश्वास से बुना गया है। मेरे शानदार निर्देशक ए-हर्षा, हमारे दूरदर्शी निर्माता साजिद सर, मेरे अद्भुत सह-कलाकार टाइगर श्रॉफ और इस कहानी में अपना सब कुछ देने वाली दीप्ती जिंदल समेत हर व्यक्ति का आभार। इस अध्याय को आपके साथ साझा करने के लिए बेताब हूं। बागी फ्रैंचाइजी की चौथी किस्त का निर्देशन ए-हर्ष ने किया है। इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ, सोनम बाजवा, संजय दत्त और हरनाज संधू अहम किरदार में हैं। बागी 4-5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## बेटे अरहान संग इटली में वेकेशन मना रहीं मलाइका

**मुंबई।** मलाइका अरोड़ा इन दिनों अपने बेटे अरहान के साथ इटली में छुट्टियां मना रही हैं। एक्ट्रेस ने अपनी वेकेशन की कई सारी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वो काफी स्टाइलिश और यंग नजर आ रही हैं। मलाइका इटली के टस्कनी में बेटे अरहान के साथ कभी स्विमिंग तो कभी साइकलिंग करती नजर आ रही हैं। हालांकि मां-बेटे के साथ में बिताए गए क्वालिटी टाइम में कुछ लोगों को मलाइका के कपड़े पंसद नहीं आ रहे हैं।

# संगीता बिजलानी की बर्थडे पार्टी में पहुंचे सलमान खान

**मुंबई।** एक्टर सलमान खान अपनी एक्स गर्लफ्रेंड संगीता बिजलानी की जन्मदिन की पार्टी में पहुंचे। बांद्रा में हुई इस पार्टी में सलमान अपने सुरक्षा गार्ड्स के साथ पहुंचे। उन्होंने काली टी-शर्ट और डेनिम जींस पहनी थी। बता दें कि फोटोग्राफर्स के सामने पोज देते समय सलमान सीरियस दिखे। हालांकि, उनका मूड तब बदल गया जब उन्होंने एक छोटे से बच्चे को देखा। उन्होंने बच्चे स बातचीत की। वीडियो में देखा जा सकता है कि सलमान वेन्यू के गेट पर रुकते हैं। बच्चे को देखते ही उससे बात करते हैं। दोनों ने साथ में तस्वीर भी खिंचवाई। इसके बाद सलमान लिफ्ट की ओर बढ़ गए। संगीता बिजलानी और सलमान खान ने 1986 में एक दूसरे को डेट करना शुरू किया था। बता दें कि एक्टर अर्जुन बिजलानी भी इस जन्मदिन पार्टी में पहुंचे। उन्होंने इंस्टाग्राम पर संगीता और सलमान के साथ एक तस्वीर शेयर कर लिखा हैप्पिएस्ट बर्थडे संगीता बिजलानी, बहुत प्यारी इंसान। मुझे लगता है बिजलानी खास होते हैं, सलमान खान के साथ दिन और अच्छा हो गया। बहुत सारा प्यार भाई। पत्नी तुम हमेशा की तरह शानदार दिख रही हो। वहीं पार्टी से बाहर निकलते समय फैंस ने उन्हें घेर लिया। एक फैन ने उनके कंधे पर हाथ रख सेल्फी लेनी चाही। सुरक्षा ने उसे रोका और सलमान तेजी से गाड़ी में बैठकर निकल गए। बता दें कि सलमान और संगीता ने कई साल रिश्ते में थे। दोनों की मुलाकात एक टीवी एड के सेट पर हुई थी। दोनों दस साल तक साथ रहे। यह सलमान के सबसे लंबे रिश्तों में से एक माना जाता है। दोनों शादी करने वाले थे।

प्रवेश सूचना- पैरामैडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (Open Board) से करें (विषय- साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th हेतु- 10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS (शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (एक्स-रे टैक.), CCH (एलोपैथिक), CAT (आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक.), CHD (होम्योपैथिक), ECCE (प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTP, CCA (कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
-: प्रवेश हेतु सम्पर्क करे :-
श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कालोनी, मेन पचैण्डा रोड़, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104



### सलमान खान की एक्स गर्लफ्रेंड के फार्महाउस में चोरी

**मुंबई।** एक्ट्रेस संगीता बिजलानी के पावना डैम स्थित फार्महाउस में 18 जुलाई को अज्ञात लोगों ने चोरी की है। चोरों ने सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए, फार्महाउस के अंदर तोड़फोड़ की और कई कीमती चीजें लेकर फरार हो गए। एक रिपोर्ट के अनुसार, लोनावाला ग्रामीण पुलिस का कहना है कि यह घटना एक सोची-समझी साजिश लगती है।

# किंग के सेट पर चोटिल हुए शाहरुख खान

**मुंबई।** शाहरुख खान अपनी फिल्म किंग की शूटिंग के दौरान चोटिल हो गए। उन्हें चोट तब लगी, जब वह मुंबई के गोल्डन टोबैको स्टूडियो में एक एक्शन सीन शूट कर रहे थे।

शाहरुख को चोट कब लगी और कहां लगी, इसकी जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है, लेकिन वह अपनी टीम के साथ इलाज के लिए अमेरिका गए हैं। यह भी बताया गया कि मांसपेशियों में चोट के कारण उनकी सर्जरी हुई है और डाक्टर्स ने उन्हें एक महीने आराम करने के लिए कहा है। यह भी बताया कि किंग की शूटिंग अब सितम्बर या अक्टूबर में तब शुरू होगी, जब शाहरुख पूरी तरह ठीक हो जाएंगे।

जुलाई से अगस्त के बीच फिल्म के लिए फिल्म सिटी, गोल्डन टोबैको और YRF स्टूडियो में जो शूटिंग शेड्यूल तय किया गया था, वह कैंसिल कर दिया गया है। किंग की शूटिंग भारत और यूरोप में होगी। फिलहाल, नई शूटिंग डेट्स का इंतजार किया जा रहा है।

दुबई IMMEDIATE DEPARTURE दुबई
INTERVIEW 19, 21 & 22 JULY AT CHANDIGARH OFFICE
कंस्ट्रक्शन हैल्पर 200 Nos ONLY 25000/- SERVICE CHARGES
दुबई की WADE ADAM कंपनी को निम्नलिखित CATEGORIES तुरंत चाहीए
OPERATORS: JCB, BOBCAT, ROLLER, BACKHOE, EXCAVATOR, MOBILE CRANE, WHEEL LOADER, GRADER BUS DRIVER, LIGHT DUTY DRIVER, HYDRAULIC MECHANIC, PLANT ELECTRICIAN, HEAVY DUTY MECHANIC, RIGGER
नोट ड्राईवरों व ऑपरेटरों के पास UAE Valid/Expire लाईसेंस होना चाहिऐ
Email: chdjobs@ambecs.com Lic No. B-0254/MUM/COM/1000+/5/7295/2005
AMBE CONSULTANCY SERVICES PVT. LTD. 73558-48978
CHANDIGARH:- SCO 15, Sector 20-D. 86578-56477

## एसएस राजामौली ने जेनेलिया डिसूजा की तारीफ की

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने फिल्मकार एसएस राजामौली ने अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा की तारीफ की है। जेनेलिया डिसूजा की तेलुगु फिल्म जूनियर का हाल ही में प्री इवेंट हुआ। इस इवेंट में राजामौली ने जेनेलिया की तारीफ की। इस इवेंट मे एसएस राजामौली ने कहा, 'जेनेलिया, तुमने तो समय को रोक दिया है। कितने साल बीत गए, फिर भी तुम बिल्कुल वैसी ही दिखती हैं। वही खूबसूरती, वही शालीनता। मैंने सिनेमैटोग्राफर सेंथिल से भी पूछा कि क्या हमें इसमें नई जेने. लिया देखने को मिलेगी, और उन्होंने भरोसा दिलाया।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है।
इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं।
इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं।
यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घें-घें-औं-औं की आवाज आना
अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S.(U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S.(U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पुर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पुर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो. : 9997411423, 9358348826
नोट जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

ROOP RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्र्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट

Transform your DREAMS into REALITY @
Shri Ram Group of Colleges
Parikrama Marg, Muzaffarnagar
Approvals Affiliations
www.srgcmzn.com src_mzn@rediffmail.com
UNIVERSITY GRANT COMMISSION A++ NAAC UGC
Shri Ram Group of Colleges (IC)
BTech (CE, ME, EE, CSE, CSE (AI&ML), ECE)
Polytechnic (CE, ME, EE)
MBA | MCA | BArch | DPharm
Shri Ram College of Pharmacy
BPharm | DPharm
Shri Ram College of Law
BALLB | BComLLB | LLB
Shri Ram Polytechnic
Polytechnic (CE, ME, ME (Auto), EE, ECE, CSE)
ITI (Electrician, Fitter, Turner, Machinist, Welder, COPA, HSI, FDT)
For Admission Scan QR code or Register on www.srgcmzn.com by clicking the link Apply for Registration: 2025-26
Ranked among the "Top 25 NAAC Accredited Colleges of India" by NAAC (UGC)
Shri Ram College
First "Autonomous" College of the Universities of Western Uttar Pradesh
BCA | BBA | BCom | MCom | BFA | MFA | BSc- Agri | MSc-Agronomy
MSc- Agri Chemistry & Soil Sc | BSc-Phy, Chem, Maths, Zoology, Botany
MSc- Maths, Chem, Zoology, Botany | BSc- Biotech | MSc- Biotech
BSc- Microbio | MSc- Microbio | BSc- Clinical Nutrition & Dietetics
MSc- Home Mgmt, Food & Nutrition, Clothing & Textile | BAJMC | MAJMC
BPES | BPEd | BEd | MEd | BScBEd | BComBEd | BABEd (under ITEP)
Apprenticeship Embedded Degree Programs (AEDP)- BCom- Banking, Financial Services & Insurance, BSc- Tourism & Hospitality Mgmt
Certificate Courses * Professional Communication & Public Speaking * Computer Hardware & Networking * Landscaping & Ornamental Gardening * Protected Cultivation * Tally * Chemistry Laboratory Technique * Applied Physics for Renewable Energy System * Writing Skills for Modern Media * Bio-Entrepreneurship in Industrial Biotechnology & Microbiology * Beautician Course * Early Child Care & Education * Digital Marketing
Diploma * Journalism, Fashion Design * Jewelry Design * Nutrition & Dietetics * Sports Mgmt * Cyber Security & Digital Forensics * Data Analytics
P G Diploma * Educational Management & Administration
Advance Diploma * Software & Web Development
For SRGC Students One Certificate course is FREE and 75% Discount for additional Certificate and Diploma courses.
For Admission Scan QR code or Register on www.srcmzn.com by clicking the link Apply for Registration: 2025-26
Note: Being Autonomous College, Shri Ram College is not available at Maa Shakumbhari University, Saharanpur Admission Portal
Scholarship more than ₹ 10 Crores Available
For Further Information Please Contact @
Engg: 9927074735, 9927079966; Arch: 9917111139; Poly: 9837755504, 9917116655; Pharmacy: 8077494402; Mgmt: 8791037733; Law: 9927227744; Bioscience: 9456895886; Computer Application: 9358348700; Business Administration: 9927729646; Sciences: 9411275100; Commerce & AEDP: 9917160786; Agriculture: 9412192801; Fine Arts: 9719402220; Education: 8394930091, 8533001769; Physical Edu: 7817861855; Journalism: 9927668855; Home Science & AEDP: 8800538281